जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 10 जुलाई, 2022


# इतिहास में आखिरी बार

## करोड़ों की 5 बेडरुम वाली कोठी सिर्फ 75 लाख में!

## रेट कभी भी 90 लाख हो सकती है

A Project By Kedia

THE KUNBA

बड़े परिवारों के लिए

**NO** MIDDLE-MEN **DIRECT** TO CUSTOMER

FIXED PRICE

## शुद्ध लाभ: 15 लाख (20%)




JDA की सीमा मे जमीन बेचने के लिये 7665078637 पर जमीन का सम्पूर्ण विवरण WhatsApp करें।

KEDIA
*Transforming Realty*

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com

www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। –अथर्ववेद

# वनानुभव, व्यायाम, कालभोजन, स्वास्थ्य-प्राथमिकता और उत्तम जीवनशैली सदा-आतुरत्व से बचाते हैं

कुछ हजार साल पहले की बात है। उत्तर भारत के घने जंगलों में आयुर्वेद की क्लास चल रही थी। इस सत्र में कुछ द्रव्यों की थेराप्यूटिकएफीकेसी पर विशेष चर्चा हो रही थी। हमेशा की तरह अग्निवेश ने अपने दिग्गज गुरु भगवान पुनर्वसु आत्रेय के सामने एक रोचक प्रश्न रखा, "गुरु श्रेष्ठ! क्या कुछ ऐसे लोग भी हैं जो हमेशा ही बीमार रहे आते हैं?"

"बिल्कुल, अग्निवेश! ऐसे लोग जो सदैव बीमार बने रहते हैं उनमें लंबी-चौड़ी पूजा करने वाले, सरकारी कर्मचारी व अफसर, वेश्या और व्यापारी हैं।" भगवान आत्रेय का उत्तर था। "ऐसा क्यों होता है, गुरु श्रेष्ठ, और इनकी चिकित्सा कैसे की जाये?" अग्निवेश अपनी स्वाभाविक उत्सुकता प्रगट करने से नहीं रोक पाये।

महर्षि वैज्ञानिक आत्रेय ने इस प्रश्न का सारगर्भित उत्तर दिया है।

"सदैव बीमार रहने का कारण यह है कि पूजा-पाठ व वेदाध्ययन में लगे हुये व्यक्ति व्रत और उससे जुड़ी तमाम दैनिक क्रियाओं के कारण शरीर के हितार्थ चेष्टा नहीं करता है। सरकारी अफ़सर व कर्मचारी हमेशा ऐसे कार्यों में व्यस्त रहते हैं जिससे सरकार को खुश कर सकें, और अफसरों के अनुरोध पर उनका ध्यान रखने के कारण बाकी नौकर-चाकर बहुत चिन्तित और डरते रहने के कारण अपने शरीर पर ध्यान नहीं दे पाते। अपने ग्राहकों को प्रसन्न करने हेतु वेश्या अपने शरीर को साफ रखने, सौंदर्य प्रसाधन लगाने और आभूषणों का उपयोग करने में व्यस्त रहती है। इसलिये स्वास्थ्य के रखरखाव के लिये आवश्यक आहार-विहार का पालन करने में विफल रहती है। व्यापारी भी सदा बैठे-बैठे काम करने और बेचने-खरीदने के लालच में लगे रहने के कारण अपने शरीर के रखरखाव के लिये उपयोगी जीवन-शैली का पालन करने में विफल रहते हैं। क्योंकि ये सब (पूजा-पाठी, सरकारी अफ़सर व कर्मचारी, वेश्या और व्यापारी) सदैव आये हुये अधारणीय वेगों को रोकते रहते हैं और समय पर भोजन नहीं करते हैं। इसलिये सदैव बीमार ही रहते हैं। असल में कोई भी व्यक्ति जो असमय में मलादि का विसर्जन तथा बिगड़ी हुई जीवन-शैली का सेवन करने वाले होते हैं, वे भी सदैव रोगी होते हैं।"

उक्त सम्पूर्ण संवाद का मूल स्त्रोत यह है (च.सि.11.27-30)-- अथाग्निवेशः सततातुरान्नरान्हितं च पप्रच्छगुरुस्तदाह च। सदाऽऽतुराः श्रोत्रियराजसेवकास्तथैव वेश्या सह पण्यजीविभिः।। द्विजोहिवेदाध्ययनव्रताह्निकक्रियादिभिर्देहहितं न चेष्टते। नृपोपसेवीनृपचित्तरक्षणात्परानुरोधाद्बहुचिन्तनाद्भयात्।। नृचित्तवर्तिन्युपचारतत्परामृजाभि (वि)भूषानिरतापणाङ्गना। सदासनादत्यनुबन्धविक्रयक्रयादिलोभादपिपण्यजीविनः।। सदैव तेह्यागतवेगनिठाहंसमाचरन्ते न च कालभोजनम्। अकालनिर्हारविहारसेविनोभवन्तियेऽन्येऽपिसदाऽऽतुराश्चते।।

आइये इस सूत्र का थोड़ा विश्लेषण इस प्रकार करते हैं कि हम अपने जीवन के लिये कुछ सन्देश प्राप्त कर सकें। इसके लिये बीमारी के कुछ कॉमन फैक्टर्स की चर्चा उपयोगी होगी ताकि उनसे बचाव कर सदातुर या सदा-बीमार होने से बचते हुये स्वस्थ रह सकें।

1. स्वास्थ्य-प्राथमिकता :पहला सन्देश यह है कि शरीर पर ध्यान न देना सदातुर, सदा-बीमार या हमेशा रोगग्रस्त रहने का पहला कारण है। इस समस्या का समाधान स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने में निहित है। सभी अन्य भावों को छोड़कर शरीर की रक्षा करनी चाहिये। शरीर के अभाव होने पर सभी भावों का अभाव हो जाता है (च.नि.6.7): सर्वमन्यत्परित्यज्यशरीरमनुपालयेत्। तदभावेहिभावानांसर्वाभावः शरीरिणाम्।। स्वास्थ्य नहीं रहा तो व्यक्ति किसी काम का नहीं रहता। स्वास्थ्य-रक्षण की प्राथमिकता का सिद्धांत इतना महत्वपूर्ण है कि जनवरी 2020 तक विश्व भर में इस विषय पर 40 लाख से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। यदि निरंतर स्वास्थ्य-रक्षण आपकी प्राथमिकता में नहीं है तो आप निरंतर बीमार रहेंगे।

2. हितकारी और सुखकारी जीवनशैली : सदा-आतुरत्व सूत्र में दूसरी बात यह साफ़ होती है कि निरंतर बीमार होने से बचने के लिये जीवनशैली को निरंतर हितकारी और सुखकारी रखना होगा। जीवनशैली स्वास्थ्य के लिये इतनी अहम है कि जुलाई 2022 तक इस विषय में दो लाख से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। त्रिदोष-भड़काऊ जीवनशैली का सिद्धांत स्पष्ट करता है कि बिगड़ी हुई जीवनशैली वात, पित्त, और कफ को प्रकुपित करते हुये अंततः बीमार कर देती है। आज वे पुरुष या महिलायें विरले ही मिलते हैं जिनकी दिनचर्या, रात्रिचर्या या ऋतुचर्या, वास्तव में प्रज्ञापराध या असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग से मुक्त हो। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में वात, पित्त और कफ तो दिन-रात भड़कते रहते हैं। हमारा काल आहार-विहार के सत्यानाश का काल हो रहा है। ऐसे समय में जब रोग होने के बाद भी रोगोत्पत्ति के मूल कारणों से मुक्ति पा सकने की दिशा में नहीं बढ़ पा रहें हों, तब निरंतर सर्वदोषप्रकोपक स्थिति सामने ही है। इसलिये सुखायु, हितायु और दीर्घायु के इच्छुक व्यक्ति को, निरंतर अपने को स्वास्थ्य के दुश्मनों से घिरा हुआ मानते हुये, आत्म-नियंत्रित और जितेन्द्रिय रहकर बड़ी सावधानी के साथ सतत हितकर आहार-विहार के साथ जीवन जीना चाहिये (च.सू.17.119): नित्यंसन्निहितामित्रंसमीक्ष्यात्मानमात्मवान्। नित्यंयुक्तः परिचरेदिच्छन्नायुरनित्वरम्।। इस विषय पर एक सूत्र सदैव ध्यान रखने योग्य है (च.सू.5.103): नगरी नगरस्येवरथस्येवरथी यथा। स्वशरीरस्य मेधावी कृत्येष्ववहितोभवेत्।। जिस प्रकार नगर-प्रमुख अपने नगर और एक ड्राईवर अपनी गाड़ी का ध्यानपूर्वक प्रबंधन करता है, उसी प्रकार बुद्धिमान व्यक्ति को अपने शरीर की देखभाल में हमेशा सतर्क रहना चाहिये। केवल स्वस्थ जीवनशैली पर जुलाई 2022 तक 20,000 शोधपत्र छपने के बाद भी आयुर्वेद के सुझाव यथावत सुदृढ़ हैं। अतः जीवनशैली कभी मत बिगड़ने दीजिये।

**आहार व जीवनशैली की त्रुटियों से उत्पन्न होने वाले रोग बिना त्रुटियों को सुधारे दुनिया की किसी चिकित्सा पद्धति से ठीक नहीं होते। मृत्यु तय है पर मृत्यु की तिथि नहीं। इसलिये युक्तिपूर्वक शरीर की निरंतर रक्षा कीजिये। यहाँ सुझाई गई छः रणनीतियाँ आपको स्वस्थ रखने में सहायक होंगी।**

3. अधारणीय वेगों का नहीं रोकना : तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि अधारणीय वेगों का रोकना स्वास्थ्य के लिये बहुत हानिकारक है। मूत्र, मल, वीर्य, अपान वायु (पादना), उल्टी, छींक, डकार, जम्हाई, भूख, अश्रु, निद्रा और श्रम के बाद निःश्वास ऐसे वेग हैं जिन्हें शरीर में कभी नहीं दबाना चाहिये (च.सू. 7.3-4): न वेगान्धारयेद्धीमाञ्जातान्मूत्रपुरीषयोः। न रेतसो न वातस्य न छर्द्याः क्षवथोर्न च।। नोद्गारस्य न जृम्भाया न वेगान्क्षुत्पिपासयोः। न बाष्पस्य न निद्रायानिः श्वासस्यश्रमेण च।।तात्पर्य यह है कि ये वेग बीमारी का कारण बनते हैं, अतः इनके आते ही शरीर से निकालते रहना ही श्रेयस्कर है। आज समस्या यह है कि लोग इन्हें परिस्थितिवश निरंतर दबाते रहते हैं और निरंतर बीमार रहे आते हैं।

4. कालभोजन : चौथी महत्वपूर्ण बात यह निकलकर आती है कि दैनिक जीवन में यथाकाल भूख लगने पर भोजन न करना या गलत समय में भोजन करने की आदत भी व्यक्ति को निरंतर बीमार किये रहती है। महर्षि कश्यप कहते हैं कि आरोग्य भोजन के अधीन होता है (काश्यपसंहिता, खि. 5.9): आरोग्यंभोजनाधीनम्। पुनर्वसु आत्रेय अपने शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ द्रव्यों, भावों और क्रियाओं को समझाते हुये भोजन के सन्दर्भ में एक रोचक सूत्र बताते हैं (च.सू.25.40): कालभोजनमारोग्यकराणांश्रेष्ठम्। तात्पर्य यह है कि नियत समय पर भोजन आरोग्य देने वालों में श्रेष्ठ है। कई सहस्त्राब्दियों बाद अब आधुनिक वैज्ञानिक शोध भी इस समझ की ओर बढ़ रही है कि एक निर्धारित भोजन-काल में खाना-पीना लेना-न कि एडलिबिटम या जब मन आये तब-स्वस्थ रहने के लिये सबसे उत्तम रणनीति है। इसे टाइम-रिस्ट्रिक्टेडफीडिंग के नाम से जाना जाता है। अतः सदैव भूख लगाने पर उपयुक्त समय पर भोजन लीजिये, दिन भर बार बारमत खाते रहिये। दिन में अधिक से अधिक दो बार भोजन लीजिये। सदा-बीमार रहने की स्थिति से बचे रहेंगे।

5. वनानुभव और व्यायाम करना और सदासन से बचना: पांचवीं बात यह निकलकर आती है कि सदा बैठे-बैठे काम करने से भी निरंतर बीमार रहे आने की आशंका बढ़ जाती है। इस समस्या का समाधान व्यायाम में निहित है। हरियाली में किया गया व्यायाम और भी महत्वपूर्ण होता है। बीच-बीच में वनों के सानिध्य का आनंद भी लेना चाहिये। कई ऐसे सुख हैं जो अंततः दुःख देते हैं। उदाहरण के लिये (च.चि.6.4): आस्यासुखंस्वप्नसुखंदधीनिठाम्यौदकानूपरसाः पयांसि। नवान्नपानंगुडवैकृतं च प्रमेहहेतुः कफकृच्चसर्वम्।। लगातार बैठे रहने का सुख लेना, खूब सोने का सुख लेना आदि ऐसे कारक हैं जो बीमारी में उलझा देते हैं। उदाहरण के लिये तर माल खाने, शारीरिक व मानसिक व्यायाम न करने और ख़ूब सोने से दिल के रोग होते हैं (च.सू. 17.34): अत्यादानंगुरुस्निग्धमचिन्तनमचेष्टनम्। निद्रासुखंचाभ्यधिकंकफहृद्रोगकारणम्।। कार्यों की चिंता न की जाये, खूब बेहिसाब-किताब खाया-पिया जाये और खूब सोया जाये तो आदमी सुअर की तरह मोटा हो जाता है (च.सू. 21.34): अचिन्तनाच्चकार्याणांध्रुवंसंतर्पणेन च। स्वप्नप्रसङ्गाच्चनरो वराह इवपुष्यति।। इस समस्या का समाधान केवल नियमित व्यायाम में निहित है। व्यायाम से हल्कापन, कार्य करने की क्षमता, मजबूती, दुःख सहने की क्षमता, शरीर में दोषों की साम्यता, और अग्नि में बढ़ोतरी होती है (च.सू. 7.32): लाघवंकर्मसामर्थ्यंस्थैर्यंदुः खसहिष्णुता। दोषक्षयोऽग्निवृद्धिश्चव्यायामादुपजायते।। सुश्रुत का कथन है कि (सु.चि. 24.39-40): शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणांसुविभक्तता। दीप्ताग्नित्वमनालस्यंस्थिरत्वंलाघवंमृजा।। श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता। आरोग्यंचापिपरमंव्यायामादुपजायते।। अर्थात, व्यायाम करने से शरीर की पुष्टि, कान्ति, सौष्ठवपूर्ण अंग, बढ़िया भूख, आलस्य समाप्त होना, स्थिरता, हल्कापन, तथा शरीर की शुद्धि होती है। श्रम, क्लम, प्यास, गर्मी, सर्दी सहने की क्षमता बढ़ती है और व्यायाम से परम आरोग्य उत्पन्न होता है। वर्ष 2022 तक की शोध अब यह निर्विवाद सिद्ध कर चुकी है कि वनानुभव से ह्यूमननेचुरलकिलर सेल्स की क्रियात्मकता बढ़ने और इन्फ्लेमेशन कम होने सहित अनेक रास्तों के माध्यम से इम्म्यूनिटी बढ़ती है और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बढ़िया बना रहता है।

6. तनाव, चिंता और भय से बचाव : अंतिम सन्देश यह है कि निरंतर चिंतित रहने वाले या निरंतर डरते रहने वाले भी सदा-बीमार हो जाते हैं अतः इनसे बचें। लोभ, शोक, भय, क्रोध, घमण्ड, निर्लज्जता, ईर्ष्या, अत्यधिक जुड़ाव, दूसरे की सम्पत्ति प्राप्त करने की लालसा से एकदम दूर रहना चाहिये या इन वेगों को रोकना चाहिये (च.सू. 7.27): लोभशोकभयक्रोधमानवेगान्विधारयेत्। नैर्लज्ज्येर्ष्यातिरागाणामभिध्यायाश्चबुद्धिमान्।। तात्पर्य यह है कि ये वेग, बीमारी का कारण बनते हैं, अतः इनसे दूर रहना ही श्रेयस्कर है।

आहार व जीवनशैली की त्रुटियों से उत्पन्न होने वाले रोग बिना त्रुटियों को सुधारे दुनिया की किसी चिकित्सा पद्धति से ठीक नहीं होते। मृत्यु तय है पर मृत्यु की तिथि नहीं। इसलिये युक्तिपूर्वक शरीर की निरंतर रक्षा कीजिये। यहाँ सुझाई गई छः रणनीतियाँ आपको स्वस्थ रखने में सहायक होंगी। विशेषकर, सरकारी अफसर तो आजकल सदा-आतुरत्व से भुगतते ही रहते हैं, उन्हें इन रणनीतियों से बड़ा लाभ हो सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# नृत्यांगना गुलाबो ने कालबेलिया लोकनृत्य को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई


पन्नालाल मेघवाल





राजस्थान का कालबेलिया लोकनृत्य देश ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध है। कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो ने देश-विदेश में महिलाओं को प्रशिक्षित किया। उन्होंने देश-विदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर कालबेलिया लोकनृत्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। यूनेस्को ने सन् 2010 में कालबेलिया लोकनृत्य को अमूर्त विरासत सूची में शामिल किया है। भारत सरकार ने उन्हें सन् 2016 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया है। देश- विदेश में कालबेलिया लोकनृत्य का परचम फहराने में नृत्यांगना गुलाबो का अद्वितीय योगदान है।

कालबेलिया लोकनृत्य राजस्थान की घुमन्तु कालबेलिया जनजाति द्वारा होली एवं तीज त्यौहारों पर किया जाने वाला पारंपरिक नृत्य है। कालबेलिया महिलाएँ तीज त्यौहारों पर मदमस्त होकर नृत्य करती हैं। बीन के स्वर और डफ की लय पर ये महिलाएँ गीत गाती हुई नृत्य करती हैं। ये नृत्यांगनाए पैरों का संचालन हाथों की मुद्राएँ एवं कटि को बखूबी मटकाती है। इन कालबेलिया नृत्यांगनाओं का गीत एवं डफ की लय पर अपने शरीर की लोच का प्रदर्शन देखते ही बनता है। बीन की धुन के साथ इनका नृत्य ऐसे लगता है मानो नागिन अलमस्त होकर झूम रही है। नृत्य के दौरान ये नृत्यांगनाएं आँखों की पुतलियों से अगूठियां एवं मुँह से नोट उठाने के हैरत अंगेज करबत दिखाकर दर्शकों को अचम्भित कर देती हैं।

नृत्य के दौरान पुरूष बीन, डफ एवं मंजीरा वादन करते हुए गायकी में साथ देते है। अररर काल्यो कूद पड्यो मेला में, चिरमी, दीवाना, चूडी चमके रे, होलिया में उडे रे गुलाल, केसरिया हजारी गुल रा फूल, पणिहारी, ईडाणी, बीछूड्या, बायरियो, हिचकी एवं नींबोली आदि मोहक गीतों पर कालबेलिया नृत्यांगनाएं मदमस्त होकर तीव्र गति से आकर्षक नृत्य करती है। कंठ का सुरीलापन वाद्यों की मधुरता व नृत्य की गति से इनके नृत्य अत्यन्त मनभावन होते है, जिसे दर्शक घण्टों निहारते रहते है।

राजस्थान की घुमक्कड जाति के कालबेलिया स्वंय को जोगी कहते है। यह जाति राजस्थान के जोधपुर, पाली, सिरोही, भरतपुर, अजमेर, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौडगढ, उदयपुर एवं बांसवाड़ा जिलों में रहती है। ये हिन्दू धर्म को मानते है। कुछ कालबेलिये सांप पकडने और विष के व्यापार के अलावा खेती-बाडी एवं मजदूरी भी करते है। कालबेलिया जाति के जीवन में संगीत एवं नृत्य का विशिष्ट स्थान है। होली, दीपावली एवं तीज त्यौहारों पर इस जाति के लोग बडी मस्ती से लोक गीत के साथ नृत्य करते हैं।


कालबेलिया अपने आपको कन्नीपाव के वंशज मानते है। गुरू जलन्धरनाथ के दो शिष्य हुए- गोरखनाथ एवं कन्नीपाव। गोरखनाथ एवं कन्नीपाव के आचार-विचार में काफी अन्तर था। गोरखनाथ सीधे-सादे एवं सद् विचार के व्यक्ति थे, जबकि कन्नीपाव चंचल एवं शैतान प्रवृति के थे। दोनों शिष्यों को अपनी कला विद्या पर बडा गुमान था। उनकी कला परीक्षा लेने के लिए गुरू जलन्धरनाथ ने दोनों शिष्यों को व्यक्तिगत कौशल से प्याला बनाने का आदेश दिया।

कालबेलिया जाति का मानना है कि सद् विचार के गोरखनाथ ने अपनी कला से अमृत का प्याला प्रस्तुत किया लेकिन शैतान प्रवृति के कन्नीपाव ने सांपों व बिच्छुओं को पकडकर उनका जहर निकाला और विश का प्याला पेश किया। दोनों के प्यालों में से जहर के प्याले को कौन अंगीकार करे, यह समस्या उठ खडी हुई। इस कुकृत्य पर गुरू जलन्धरनाथ, शिष्य कन्नीपाव पर अत्यधिक नाराज हुए और श्राप दिया कि- हे दुष्ट कन्नीपाव! यह जहर का प्याला तुम स्वंय ही बरताओ। इस घृणित पाप के कारण तुम आज से गाँव की सीमा के बाहर रहो और तभी से उस 'काल' (जहर) के प्याले को बरताने के कारण 'कालबेलिया' कहलाऐ। यह कालबेलिया जाति स्वंय को कन्नीपाव का वंशज मानती है।

कन्नीपाव के वंशज कालबेलिये तभी से गाँव की सीमा से बाहर रहने लगे तथा साँप बिच्छु एवं अन्य जहरीले जानवर पकडकर उनका विष निकालकर व्यापार करने लगे। ये लोग साँप के काटने पर जहर उतारने तथा लोगों को साँप के दर्शन कराकर अपनी उदर-पूर्ति करने लगे। ऐसा माना जाता है कि काला नाग किसी को डस जाय तो वह सीधा काल के मुँह में जाता है, ऐसे काल को बेलने या वश में करने की कला से ही इस जाति का नाम कालबेलिया पडा। काल यानि नाग, बेलि यानि संरक्षण अतः नाग (साँप) को संरक्षण देने वाले होने के कारण ये कालबेलिये कहलाते हैं। पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध नृत्यांगना गुलाबो ने कन्नीपाव वंश के कालबेलिया परिवार में जन्म लिया है। उन्होंने देश-विदेश में धूम मचाकर कालबेलिया नृत्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# बॉक्सर अंजू व सुनीता सैमिफाइनल में पहुंचे


नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेती राजगढ़ की सुनीता

**सादुलपुर,** (निसं)। तमिलनाडु के चेन्नई में 5 से 11 जुलाई तक आयोजित हो रही चौथी राष्ट्रीय महिला पुरुष यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बॉक्सर अंजू व सुनीता सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

**■ नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चूरू जिले की धाक**

इस नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शनिवार को फिर 57 किलोग्राम भार वर्ग की अंजू गाँव ढाढर (चूरू) ने मध्यप्रदेश को हराकर सेमीफाइनल ने प्रवेश कर लिया है। अंजू ने मध्यप्रदेश की बॉक्सर को बड़ी चतुराई से लगातार मुक्के बरसाते हुए 4-1 से हराया। इसी तरह राजगढ तहसील के बघेला गाँव की सुनीता 52 किलोभार वर्ग ने दिल्ली की डॉली सिंह को दूसरे राउंड में ही पराजित कर दिया और सेमीफाइनल में पहुँची। शिक्षक नेता मनोज पूनिया ने बताया कि दोनों ही मुक्केबाज द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडेमी राजगढ़ की हैं और पिछले 5 सालों से लगातार प्रैक्टिस कर रही हैं।

वहकीं इस जीत पर उनके परिजनों एवं खेल प्रेमियों ने कोच अनूप कुमार बघेला तथा राजस्थान की बॉक्सिंग टीम के साथ गए कोच रोहित टोकस को बधाई दी है।

# शिंज़ो आबे का असामयिक निधन पीएम मोदी के लिए व्यक्तिगत क्षति

पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच एक खास रिश्ता था और वर्षों से दोनों से एक-दूसरे के दोस्त थे। 2007 में जब नरेन्द्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, शिंजो आबे से पहली बार जापान यात्रा के दौरान मिले थे। आबे उस समय जापान के प्रधानमंत्री थे। तब स्पेशल जेस्चर दिखाते हुए आबे ने मोदी की मेजबानी की थी और विकास के कई पहलुओं पर उनके साथ चर्चा की थी।



**■ ट्वीट्स की एक श्रृंखला में पीएम मोदी ने आबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है**

तब से दोनों नेता कई मौकों पर एक-दूसरे से मिल चुके हैं, जिसने न केवल दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए बल्कि उनके बीच एक चिरस्थायी बंधन भी विकसित हुआ।


2012 में मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जापान की चार दिवसीय यात्रा की। इस यात्रा के दौरान भी मोदी ने शिंजो आबे से मुलाकात की, तब वो उस समय विपक्ष के नेता थे। जब 2014 में मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार जापान में क्योटो का दौरा किया। भारत-जापान संबंधों की जीवंतता को प्रदर्शित करते हुए आबे ने पीएम मोदी के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। पीएम आबे ने इस बात पर भी खुशी जताई थी कि पीएम मोदी ने क्योटो की सांस्कृतिक विरासत का आनंद लिया।

दोनों नेताओं के बीच मैत्रीपूर्ण समीकरणों के एक और प्रतिबिंब में पीएम आबे ने 2014 में 20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिस्बेन में पीएम मोदी के लिए एक विशेष रात्रिभोज की मेजबानी की। उन्होंने 2014 में जापान की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान क्योटो के इंपीरियल गेस्ट हाउस में पीएम मोदी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी भी की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में वाराणसी में प्रतिष्ठित गंगा आरती के लिए पीएम आबे की मेजबानी करके इस गर्मजोशी और फ्रेंडली जेस्चर को आगे बढ़ाया। उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर प्रार्थना की और गंगा आरती देखी।एक संगोष्ठी में अपने विचार साझा करते हुए जापानी प्रधानमंत्री ने गंगा आरती समारोह को शानदार बताया था। 2016 में जापान की एक और यात्रा के दौरान पीएम मोदी और पीएम आबे ने बुलेट ट्रेन की सवारी की। उन्होंने शिंकानसेन ट्रेन में सवार होकर टोक्यो से कोबे की यात्रा की। सितंबर 2017 में जब पीएम आबे भारत आए थे। दोस्ती को आगे बढ़ाते हुए पीएम मोदी ने 2017 में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पीएम शिंजो आबे की अगवानी के लिए प्रोटोकॉल तोड़ा, जब वह 12वें भारत जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे। स्वागत समारोह के तुरंत बाद, पीएम आबे, उनकी पत्नी और पीएम मोदी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए साबरमती आश्रम के लिए एक खुली छत वाली जीप में 8 किलोमीटर के रोड शो की शुरुआत की। एक ऐतिहासिक क्षण आया, जब दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से अहमदाबाद और मुंबई के बीच भारत की पहली हाई-स्पीड रेल परियोजना की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने परियोजना के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता के लिए पीएम आबे का आभार व्यक्त किया।

2018 में पीएम आबे ने सुरम्य यामानाशी प्रान्त में पीएम मोदी की मेजबानी की। इतना ही नहीं, उन्होंने यामानाशी में कावागुची झील के पास अपने निजी घर में पीएम मोदी की मेजबानी की थी। नेताओं ने रोबोटिक्स और ऑटोमेशन सुविधाओं का दौरा किया। 2019 में केवल चार महीनों की अवधि में वे ओसाका (20 शिखर सम्मेलन के दौरान), व्लादिवोस्तोक (पूर्वी आर्थिक मंच के दौरान) और बैंकॉक (भारत-आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) में तीन बार मिले। 2020 के मध्य में जब बीमारी के कारण आबे ने जापान के प्रधानमंत्री का पद छोड़ दिया, तो पीएम मोदी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हाल ही में क्वाड समिट के लिए पीएम मोदी की जापान यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने एक बार फिर पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे से मुलाकात की।

**पीएम मोदी के ब्लॉग से उद्घृत**

## राशिफल रविवार 10 जुलाई, 2022


पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, विशाखा नक्षत्र 9:55 तक, शुभ योग रात्रि 12:44 तक, विष्टि करण दिन 2:14 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 9:55 तक है। राजयोग दिन 2:14 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा दिन 2:14 तक रहेगी। आज महापात योग सांय 6:10 से रात्रि 12:30 तक है। आज देवशयनी एकादशी व्रत है। हरिवासर दिन 2:14 से 5:13 तक है। आज से चातुर्मास व्रत नियम आरम्भ होंगे। आज ईद-उल-जुहा (बकरीद) है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:26 से 9:08 तक, लाभ-अमृत 9:08 से 12:32 तक, शुभ 2:14 से 3:51 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**सिंह**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। शुभ कार्यों को टालना पड़ सकता है।

**धनु**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं और शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृष**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मकर**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मिथुन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**मीन**
शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

ARBiT



**'I chose wrong pathway to success, was too obsessive'**

Followed Avani's inspirational story. That she has overcome hardship shows her resolve: Abhinav Bindra on Avani Lekhara.

**Whales Learn Songs From Each Other**

**NEUROSCIENCE: Brain Practices New Info While Sleeping**



*दुनिया की सबसे छोटी और सर्वाधिक संकटग्रस्त मरीन डॉल्फिन्स में एक, हैक्टर्स' डॉल्फिन केवल न्यूज़ीलैण्ड के तटों पर पाई जाती हैं। न्यूज़ीलैण्ड के संरक्षण विभाग के अनुमान के अनुसार, आज के दिन एक वर्ष के ऊपर आयु की केवल 15,000 हैक्टर्स, डॉल्फिन जीवित हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हैक्टर्स' डॉल्फिन को संकटग्रस्त के रूप में सूचिबद्ध किया गया हैं, क्योंकि सन् 2000 से इनकी संख्या लगातार घट रही है। इसी वर्ष एक जनसंख्या व्यवहार्यता विश्लेषण हुआ था जिसमें कहा गया था कि केवल तीन पीढ़ियों में इस प्रजाति में 74 प्रतिशत की गिरावट आएगी। हैक्टर्स' डॉल्फिन न्यूज़ीलैण्ड के नॉर्थ आयलैण्ड के पश्चिमी तटों के उथले पानी में ही रहती हैं। भूमि के इतने करीब रहने के कारण इन डॉल्फिन्स को ''बायकैच'' बनने का भारी खतरा है। अर्थात् मछलियों को पकड़ने के लिए डाले गए जालों में ये फंस जाती हैं। मछली पकड़ने के छोटे जहाजों में जो गिलनैट्स लगे होते हैं वो इनके लिए सबसे बड़ा खतरा माने जाते हैं। गिलनैट्स सबसे बड़ी समस्या हैं, क्योंकि ये बहुत पतली जाली के बने होते हैं जिन्हें पानी के अंदर डॉल्फिन देख नहीं पाती हैं। सन् 2000 और 2006 के बीच देशभर में हर वर्ष औसतन 110 से 150 डॉल्फिन्स गिलनैट्स में पकड़ी गईं। इसके अलावा तट के पास होने वाली मानवीय गतिविधियों के कारण कीटनाशकों के डॉल्फिन्स के आवासों तक पहुँचने का खतरा है, जिनमें पाई जाने वाली, पारा, सीसा व कैडमियम जैसी धातुएं इन जीवों के लिए खतरनाक हो सकती हैं। अन्य समुद्री जीवों की तरह हैक्टर्स' डॉल्फिन प्लास्टिक कचरे में फंसकर खतरे में पड़ सकती हैं, जिससे शिकार करने व परपक्षी से बचने की इनकी क्षमता कम हो सकती हैं। यही नहीं, परजीवियों के कारण होने वाला रोग, टैक्सोप्लास्मोसिस इनके लिए विशेष खतरा है। एक अध्ययन में पाया गया कि, जितनी मृत हैक्टर्स' डॉल्फिन्स की जांच की गई उनमें से लगभग आधी उस पैरासाइट में ग्रस्त थीं जिनके कारण टैक्सोप्लास्मोसिस रोग होता है। सन् 1980 के दशक के उत्तरार्थ से न्यूज़ीलैण्ड सरकार ने, इन महत्वपूर्ण समुद्री स्तनपायियों के संरक्षण व वृद्धि के लिए दो संरक्षित क्षेत्र बनाए। हालांकि इनकी प्रभावशीलता की आलोचना की गई है, यह तर्क देकर कि, समुद्र में डॉल्फिन्स का जो प्राकृतिक आवास है वो संरक्षित क्षेत्र के आगे तक है और इस क्षेत्र की तकरीबन 65 प्रतिशत डॉल्फिन्स सर्दी के महीनों में संरक्षित क्षेत्र के बाहर पाई जाती हैं।*

# श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे सरकारी आवास छोड़कर भागे

## प्र.मंत्री विक्रमसिंघे ने इस्तीफा देने की इच्छा जाहिर की, जिससे सर्वदलीय ''नैशनल गवरमैंट'' बन सके

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति महल छोड़कर भाग जाने और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के पद छोड़ने का ऑफर देने के बीच भारत के दक्षिणी पड़ोसी देश श्रीलंका में जनता के आज सड़कों पर उतर आने से संकट गहरा गया है।

श्रीलंकाई प्रधानमंत्री के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे एक सर्वदलीय सरकार का मार्ग प्रशस्त करने के लिए इस्तीफा देने को तैयार हैं।

सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज होने के बाद यह बयान सामने आया। प्रदर्शनकारी शनिवार को राष्ट्रपति आवास पर घुसते उससे पूर्व ही वे अपना महल छोड़कर भाग गए।

2.2 करोड़ की आबादी वाला यह द्विपीय देश विदेशी मुद्रा की गंभीर कमी से जूझ रहा है। इस कमी ने ईंधन, खाद्यान्न और इकाईयों के उसके जरूरी आयातों को सीमित कर दिया है और देश वर्ष 1948 में मिली आज़ादी के बाद सबसे बुरे आर्थिक संकट में घिर गया हैं।

राजपक्षे के पद छोड़ने से इंकार किए जाने के कारण जहां आंदोलन जारी रखने को बाध्य होना पड़ा, वहीं आर्थिक संकट का ओर गंभीर होना जारी है। देश की दुर्दशा का दोष कई लोग राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को देते हैं। गत मार्च माह से हो रहे अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में उनके इस्तीफे की मांग की गई है।

इस द्विपीय राष्ट्र की वर्तमान स्थिति उन गलत नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है जिनका अनुसरण राजपक्षे सरकार करती आई हैं।

- **शनिवार को दिन भर हजारों प्रदर्शनकारियों ने बैरीकेड तोड़ते हुए राष्ट्रपति के सरकारी निवास की ओर अग्रसर होना शुरू किया और आवास में घुसकर तथा कमरों में झांकते, नारे लगाते हुए वराण्डों में घूमते दिखे।**
- **रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति राजपक्षे को आवास से निकाला गया, जिससे वे सुरक्षित रह सकें।**
- **जनता के झुण्डों को राष्ट्रपति के राज प्रसाद में प्रवेश करने से रोकने के लिये पुलिस ने हवाई फायर भी किया, पर वह कुद्ध भीड़ को रोकने में असमर्थ रही।**
- **अफवाह यह है कि, राष्ट्रपति राजपक्षे पानी के जहाज पर सवार होकर श्रीलंका छोड़ चुके हैं।**

दिन की शुरूआत में, कोलंबो में हजारों प्रदर्शनकारी पुलिस बेरिकेड्स हटाते हुए राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में घुस गए। इस संकटग्रस्त देश में इस वर्ष यह सरकार विरोधी सबसे बड़ी रैली थी।

स्थानीय टी.वी. न्यूज़, न्यूज़ फर्स्ट चैनल में दिखाई गई वीडियो फुटेज में कुछ प्रदर्शनकारियों को श्रीलंकाई ध्वज और हैलमैट्स हाथों में लेकर राष्ट्रपति आवास में घुसते दिखाया गया।

रक्षा मंत्रालय के दो सूत्रों ने बताया कि सप्ताहांत होने जा रही एक सुनियोजित रैली से पूर्व राष्ट्रपति को उनके आधिकारिक आवास से शुक्रवार को हटा लिया गया।

राष्ट्रपति आवास के भीतर से लिए गए एक फेसबुक लाइव स्ट्रीम में हजारों प्रदर्शनकारियों को, जिनमें से कुछ के पास झण्डे थे, कमरों और गलियों में एकत्रित दिखाया गया। ये लोग राजपक्षे के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

इसके अलावा हजारों लोग औपनिवेशिक युग की इस सफेद इमारत के बाहर मैदान में एकत्रित हो गए।

अस्पताल के सूत्रों ने न्यूज़ एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि इसमें दो पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 21 जने घायल हो गए और उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से आयी ताज़ा खबरों में बताया गया है कि हजारों लोग राष्ट्रपति के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोलंबो के सरकारी आवास में जा घुसे और पुलिस के कई बेरिकेड्स तोड़कर राजपक्षे के आवास में पहुंच गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं लेकिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पड़ोसी देशों में अपनी छवि सुधारने में लगा है चीन

## बाली में आयोजित होने वाली जी-20 देशों की बैठक ने चीन के इन प्रयासों में और गति ला दी है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलाई लामा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पर चीन की आलोचना को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि दलाई लामा भारत के एक सम्मानित अतिथि हैं और इस देश के लोग उनके जन्मदिन का जश्न मनाते हैं।

प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष भी दलाई लामा को शुभकामनाएं दी थी। भारत सरकार और उसके प्रतिनिधियों की दलाई लामा के साथ कैसी भी बातचीत से चीन क्रुद्ध हो जाता है औरजब अमेरिकी सरकार की किसी बड़ी से तिब्बति धर्म गुरू के साथ कोई वार्तालाप किया, तब भी चीन ख़फ़ा होता रहा हैं।

- **जैसा कि विदित ही है, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद, चीन द्वारा रूस के समर्थन में दिया गया, ''सदा मित्र रहेंगे'' का नारा चीन के छवि सुधार कार्यक्रम में खटक रहा है।**
- **और थाइलैण्ड, फिलीपिंस, म्यामांर (बर्मा), चीन के मित्रता का हाथ बढ़ाने के प्रयास को संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं, पर, चीन के आर्थिक सम्बल के कारण चीन के मित्रता के हाथ को झटक भी नहीं रहे।**

यूक्रेन युद्ध के बाद और रूस से पक्की दोस्ती के परिप्रेक्ष्य में चीन अपनी छवि सुधारने की कोशिश कर रहा हैं।

यूक्रेन पर रूस के एक तरफा विध्वंसकारी आक्रमण ने कई देशों के सकते में डाल दिया है। चीन के साथ अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों में भी रूस से उसके निकट संबंध आक्रामरता की वैसी ही नकारात्मक भावनाएं जागृत करते हैं।

बाली में अगले सप्ताह होने जा रही जी-20 मीटिंग से पूर्व चीन बड़ी हताशा से अपने दक्षिण पूर्व एशियायी पड़ोसी देशों को अपना एक अधिक संवेदशील एवं मित्रवत पहलू प्रौजेक्ट करने की कोशिश कर रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांगली की फिलहाल हल क्षेत्र के 11 देशों की यात्रा पर हैं।

इस दौरे में इन देशों के साथ चीन के सम्पर्क को पुनः बहाल करना चाह रहे हैं। वैंग थाइलैण्ड के साथ एक समझौता करना चाहते हैं जिसके तहत लाओस होकर दोनों देशों के बीच एक रेल लिंक निर्मित किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार व विनिमय बढ़ने की उम्मीद हैं।

यद्यपि यह रेल प्रौजेक्ट करीब पांच वर्ष पूर्व शुरू हो गया था, लेकिन वैश्विक महामारी तथा चीन और उसके इरादों को लेकर प्रायः व्यक्त की जाने वाली आशंका के मद्देनज़र इसका काम रूक गया था। चीन अब अपनी अच्छी छवि का प्रचार कर रहा है, खासतौर से वह यह समझा जा रहा है कि वह एक विशालकाय अर्थव्यवस्था है और उससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र विवाद

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय की सोमवार की कॉज लिस्ट में शिवसेना के दोनों गुटों के बीच के विभिन्न विवादों की सुनवाई का उल्लेख नहीं है, जबकि दो अवकाशकालीन बैंचों ने 27 जून तथा 8 जुलाई को यही तय किया था।

अगर रात को कोई दूसरी पूरक सूची जारी नहीं होती तो सम्बन्धित केस मंगलवार के लिये जा सकते हैं। अदालत के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद, सोमवार से नियमित बैंचे बैठने लगेंगी।

- **सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को होने वाली महाराष्ट्र विवाद की सुनवाई नहीं होगी, अब यह मंगलवार को हो सकती है।**

न्यायमूर्ति सूर्यकान्त तथा जमशेद बी पार्दीवाला की बैंच ने 27 जून को एकनाथ शिन्दे (अब मुख्यमंत्री) गुट को डिस्क्वालिफिकेशन से 12 जुलाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब अपने प्रसार के लिए दक्षिण को लक्ष्य बनाया भाजपा ने

## चौकन्ने हो गए हैं, आंध्र के मु.मंत्री चन्द्रशेखर व तमिलनाडू के मुख्यमंत्री स्टालिन

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। उत्तर-पूर्वी भारत को जीतने के बाद भाजपा ने अपनी नज़रें ऐसे क्षेत्र में अपनी जड़े जमाने पर लगा दी है जहां वह परम्परागत दी है जहां वह परम्परागत रूप से कमजोर है: अर्थात् दक्षिण भारत के पांच राज्य जहां कुल मिलाकर 130 लोक सभा सीटें हैं। पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा ने दक्षिण की कुल 13 लोक सभा सीटों में से सिर्फ 29 जीती थीं। इनमें से भी पार्टी ने 25 सीटें तो केवल कर्नाटक में ही जीती थी। दक्षिण भारत की कुल 923 विधानसभा सीटों में से भाजपा के वर्तमान में केवल 135 विधायक हैं और इनमें से भी 122 कर्नाटक से हैं। वर्ष 2024 के लोक सभा से पूर्व पड़ोसी राज्यों में कर्नाटक मॉडल लागू करने के उद्देश्य से भाजपा ने चुनावों का सामना करने जा रहे तेलंगाना और दक्षिणी राज्यों में आक्रामक अभियान छेड़ दिया है।

- **पर सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रही भाजपा दक्षिण भारत में राज्यसभा में नये सदस्यों के नामांकन, केरल में अखिल भारतीय स्तर के क्रिश्चियन नेताओं का सम्मेलन, तेलंगाना के युवा नेता कृष्णा रेड्डी को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में स्थान देने, तथा आक्रमक शैली वाले पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी अन्नामलाई को तमिलनाडू में संगठन का जिम्मा देने जैसे कार्यों से भाजपा की यह एकाग्रता स्पष्ट नजर आ रही है।**

पार्टी ने इसी उद्देश्य को लेकर तमिलनाडु में एक तेज तर्रार पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी एवं चतुर के अन्नामलाई को जिम्मेवारी सौंपी है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी ए.आई.ए.डी. एम.के. में गंभीर भीतरघात की वजह से अन्तः विस्फोट हो रहे हैं। यहां भाजपा की उपस्थिति डी.एम.के. को काफी नर्वस करती रही है। तेलंगाना में वर्तमान मुख्यमंत्री एवं तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस.) प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरूद्ध पहले ही एक व्यक्तिगत एवं आक्रामक अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री जब पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भाग लेने के लिए हाल ही में हैदराबाद आए थे तब मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव उन्हें ने एयरपोर्ट पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीन फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

उदयपुर, 9 जुलाई (कासं)। शहर के सूरजपोल एवं प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान ग्राम विकास अधिकारी की मुख्य परीक्षा देते तीन फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि जिले में शनिवार को ग्राम विकास अधिकारी की मुख्य परीक्षा के दौरान सूरजपोल एवं प्रतापनगर थाना क्षैत्र के तीन परीक्षा केन्द्रों पर फर्जी (डमी) अभ्यर्थियों के परीक्षा में शामिल होने की विश्वसनीय सूत्रों से सूचना

- **शहर की सूरजपोल एवं प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान ग्राम विकास अधिकारी की मुख्य परीक्षा देते तीन फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में गत वर्ष की तुलना में 182 प्रतिशत वृद्धि हुई विश्व पर्यटन में

## इस वृद्धि को मद्दे नजर रखते हुए, अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन विशेषज्ञों की संस्था को पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन नीति के लिये रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। भविष्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये वित्तीय पैकेज के अन्तर्गत कई व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं, जो इस प्रकार हैं- पर्यटन के विकास के लिये कॉर्पस फंड की स्थापना, घरेलू यात्रियों द्वारा किये जाने वाले खर्च पर टैक्स में छूट तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के लिये, इस क्षेत्र को आतिथ्य स्टेटस प्रदान किया जाना।

यह उपाय नांगिया एण्डरसन एल.एल.पी ने भारत के पर्यटन क्षेत्र के पुनर्निर्माण पर किये गये ताजातरीन अध्ययन में प्रस्तावित की हैं।

यह फर्म एडंरसनग्लोबल की सदस्य फर्म हैं।

पर्यटन मन्त्रालय को प्रस्तुत किये गये इस अध्ययन में कहा गया है कि भारत का पर्यटन बाजार वित्तीय वर्ष 2020 में अनुमानतः 75 अरब डॉलर था। यह बढ़ाकर, वित्तीय वर्ष 2027 तक 125 अरब डॉलर तक पहुँचने की सम्भावना हैं।

वर्ष 2020 में, भारतीय पर्यटन क्षेत्र में 3.18 करोड़ रोजगार थे, जो देश के कुल रोजगारों के 7.3 प्रतिशत थे। वर्ष 2029 तक रोजगारों की संख्या 5.3 करोड़ तक पहुँचने की उम्मीद है। 2028 तक भारत में आने वाले अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या के 30.5 अरब तक पहुँचने की आशा हैं।

- **रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार एक ''कॉर्पस फण्ड'' बनाये, पर्यटन स्थलों के रख-रखाव, इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक व कार्यकुशल (एफिशिएन्ट) बनाने के लिये।**
- **साथ ही रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि, सरकार ''डोमैस्टिक टूरिज़्म'' को प्रोत्साहन देने के लिये, स्थानीय पर्यटकों को टैक्स में राहत (रिबेट) भी दे सरकार, जिससे टूरिज़्म में स्थानीय टूरिस्ट द्वारा खर्चे गए पैसे में वृद्धि हो।**
- **इन विशेषज्ञों का मानना है कि, अगर भारत अपने आप को कॉन्फ्रैंस आदि के लिये ''डैस्टिनेशन'' के रूप में सफलतापूर्वक ढंग से मार्केट कर लेता है तो अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्टों की संख्या 2028 तक 30.8 अरब पहुंच सकती है।**

इस प्रस्ताव में पर्यटन उद्योग के विकास के लिये बहुत महत्वपूर्ण अवसर बताये गये है ताकि पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों तेजी से बढ़ रही माँग को पूरा किया जा सके तथा उद्योग की क्षमता को बढ़ाने के लिये निवेश के सम्भावित उपायों की व्यवस्था की जा सके।

प्रस्ताव कहता है कि सरकार को पर्यटन के लिये समर्पित कॉर्पस फंड सृजित करना चाहिये, जिससे मौजूदा तथा सम्भावित पर्यटन स्थलों तथा स्मारकों नवीनीकरण, मरम्मत एवं रखरखाव तथा विकास आदि का ध्यान सुनिश्चित किया जा सके। ऐसे पर्यटन स्थलों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है, जो पर्यटन उद्योग पर ही आश्रित हैं तथा इस क्षेत्र में पर्यटन उत्पादों को उचित रूप से विकसित करने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। आवंटन के कुछ क्षेत्र हो सकते हैं-को स्टक रिवाइवल फन्ड, रिवरफ्रन्टेज इवलपमेंट या डवलपमैंट ऑफ वर्ल्ड क्लास इंडियन टूरिज्म प्रोडक्ट्स।

अध्ययन में यह अनुशंसा भी की गई है कि यात्रियों द्वारा देश के अन्दर किये जाने वाले खर्च पर एक निश्चित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# झुंझुनूं में कम्यूनिटी रेडियो

झुंझुनूं, 9 जुलाई (निसं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं को रेडियो कम्यूनिटी की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि पिछले छह सालों से रेडियो स्टेशन की स्थापना के लिए संस्था प्रयासरत थी। जिला मुख्यालय पर पहली बार रेडियो स्टेशन की स्थापना की जाएगी, जिसका संचालन राजकीय राजकीय बालिका महल स्कूल के सामने, चौमालों की कुटिया के पास वार्ड नंबर 46 में किया जाएगा। इस रेडियो स्टेशन का संचालन जनता ही करेगी। स्थानीय कलाकार अपनी कला और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रचार

- **इस रेडियो स्टेशन का नाम ''आपणो रेडियो झुंझुनूं की आवाज'' रखा गया है।**


( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘भाजपा के साथ आतंकियों के संबंध होना किस ओर इशारा करते हैं’

## पूरे देश में 22 स्थानों पर संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा से सवाल किया

**जयपुर** (का.प्र.)। उदयपुर, जम्मू कश्मीर सहित महाराष्ट्र की घटना में शामिल आरोपियों के भाजपा से संबंधों को लेकर कांग्रेस ने देशभर में भाजपा के खिलाफ अभियान छेड़ा है। इसी संदर्भ में उदयपुर की घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों की राजस्थान के पूर्व गृह मंत्री और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के साथ तस्वीरें आई और भाजपा के साथ आतंकी रियाज का संबंध दिखाई दिया तो कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल ने जयपुर में मीडिया से बात करते हुए भाजपा पर कई सवाल दागे।

पूरे देश में 22 स्थानों पर संवाददाता सम्मेलन करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा से सवाल किया कि आखिरकार भाजपा के साथ आतंकियों के संबंध होना किस ओर इशारा करते हैं। उदयपुर के बाद जम्मू कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी तालिब हुसैन शाह के भाजपा पदाधिकारी होने की बात सामने आई थी, तो कांग्रेस ने भाजपा को सीधे तौर पर आतंकियों के साथ रिश्ते रखने वाली पार्टी करार देना शुरू कर दिया। उदयपुर और जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के अमरावती में केमिस्ट उमेश कोल्हे कि हत्या के कथित मास्टरमाइंड



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल और प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

इरफान खान का भी निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा से संबंध का दावा किया जा रहा है, इसे लेकर भी कांग्रेस ने भाजपा पर सवाल दागे हैं।

जयपुर में शक्ति सिंह गोहिल ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन सभी मामलों को देख कर लगता है कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि भाजपा जानबूझकर अपने लोगों से ही यह काम करवाती है। इसकी जांच भी एनआईए को करनी चाहिए। गोहिल ने इन घटनाओं की टाइमिंग पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा संकट में आती है। मुद्दे उठते हैं, वह चाहे देश में बढ़ती महंगाई हो, अग्निपथ में युवाओं का विरोध हो, या फिर किसान आंदोलन के जरिए किसान सड़कों पर हों, उसी समय ऐसी घटनाएं होती हैं। गोहिल ने कहा कि क्या कारण है कि जहां भाजपा की सरकार होती है, वहां

- **जयपुर में कांग्रेस नेता शक्ति सिंह गोहिल का आरोप, ‘‘कहीं ऐसा तो नहीं है कि भाजपा जानबूझकर अपने लोगों से ही यह काम करवाती है’’**

ऐसी कोई घटना होती है, तो उसकी जांच स्थानीय पुलिस करती है, जबकि जहां भाजपा शासन में नहीं होती वहां जांच एनआईए को सौंप दी जाती है। इसी के साथ गोहिल ने शनिवार को राजस्थान के दौरे पर आए देश के गृहमंत्री अमित शाह पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब भी किसी आतंकी का कोई विदेशी कनेक्शन होता है, तो इसमें सेंट्रल आईबी ध्यान देती है। यह काम स्टेट का नहीं होता, लेकिन आज जयपुर आए अमित शाह यह जवाब दें कि सेंट्रल आईबी क्या केवल नेताओं की खुफिया जानकारी पता करने और भाजपा में सच बोलने वालों के पीछे ही लगी रहेगी या फिर भाजपा स्ट्रेटजी के तौर पर ऐसी घटनाएं होने दे रही है, वहां जांच एनआईए को सौंपी जाती हैं।

# वर्ष 2023 में होंगे डेल्फिक नेशनल गेम्स




इंडियन डेल्फिक काउंसिल एण्ड इंटरनेशनल डेल्फिक काउंसिल का चेप्टर डेलिफक काउंसिल ऑफ राजस्थान का एक वर्ष पूरा होने पर इंटरनेशनल वेबिनार का शनिवार को आयोजन किया गया। इसमें आईएएस शांतनु अग्रहारी व श्रेया गुहा मौजूद रहीं।

**जयपुर**, (का.सं.)। इंडियन डेल्फिक काउंसिल एण्ड इंटरनेशनल डेल्फिक काउंसिल का चेप्टर डेलिफक काउंसिल ऑफ राजस्थान का एक वर्ष पूरा होने पर इंटरनेशनल वेबिनार का शनिवार को आयोजन किया गया। इंडियन डेल्फिक काउंसिल के सचिव आईएएस शांतनु अग्रहारी ने बताया कि वर्ष, 2023 में डेल्फिक नेशनल गेम्स का आयोजन किया जाएगा तथा जनवरी, 2023 से डेल्फिक के स्टेट गेम्स की शुरूआत होगी। वेबिनार में वक्ताओं ने डेल्फिक की गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की।

डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष आईएएस श्रेया गुहा ने बताया कि कौंसिल द्वारा डेल्फिक डायलॉग की सीरीज के तहत ऑनलाइन इंटरनेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया। इंटरनेशनल डेल्फिक कौंसिल के अध्यक्ष जे. क्रिस्चियन बी क्रिश्च ने टेक्नोलॉजी

- **प्रत्येक राज्य में जनवरी, 2023 से डेल्फिक स्टेट गेम्स की शुरूआत होगी**
- **टेक्नोलॉजी और रिसर्च के जरिए डेल्फिक मूवमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा**

और रिसर्च के जरिए डेल्फिक मूवमेंट को बढ़ावा देने का आव्हान करते हुए राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की ओर से पिछले एक वर्ष में की गई गतिविधियों के लिए श्रेया गुहा, रमेश प्रसन्ना, जितेंद्र कुमार सोनी सहित राजस्थान टीम को साधुवाद दिया।

इससे पूर्व राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने अब तक की यात्रा का जिक्र किया जबकि महासचिव जितेंद्र कुमार सोनी ने अपने-अपने विचार रखते हुए डेल्फिक मूवमेंट की दिशा पर विस्तृत चर्चा की। महासचिव रमेश प्रसन्ना ने विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से युवाओं को मूवमेंट से जोड़ने पर जोर दिया। विधि सहायक रोबर्टा विलियम्स ने डेल्फिक मूवमेंटरू बिल्डिंग एट न्यू होम पर उद्बोधन दिया जबकि इंडियन डेल्फिक कौंसिल के अध्यक्ष एनएन पांडेय, महासचिव शांतनु अग्रहरी ने भी अपने विचार रखे।

डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान की क्षिप्रा शर्मा ने अतिथियों का परिचय दिया जबकि कार्यकारी सदस्य फुरकान खान ने ओपन हाउस डिस्कशन का संचालन किया। गौरतलब है कि डेल्फिक कौंसिल ऑफ राजस्थान कला को प्रोत्साहित व संरक्षण करने में एक प्लेटफोर्म की तरह कार्य कर रहा है जिससे न केवल विलुप्त होती कलाओं को आधार मिलेगा बल्कि नई पीढ़ी के लिए कला आधार सेतु भी बनेगा।

# ग्रामीण विकास सेवा के अधिकारी आमजन के सेवक बन काम करें : रमेश चंद मीणा

**जयपुर**, (का.सं.)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चन्द मीणा ने कहा है कि ईमानदारी से अपना कार्य करना सबसे बड़ी मानव सेवा हैं। उनका राजनीति में आने का उद्देश्य भी ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करना है। ग्रामीण सेवा के अधिकारी भी स्वयं को आम लोगों का सेवक समझ कर कार्य करें।

मीना राजस्थान ग्रामीण विकास सेवा परिषद के शनिवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित प्रथम अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यों में अनियमितता मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

- **‘विभाग में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं’**

की जाएगी। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। विभाग की योजनाओं को धरातल पर लाने की जिम्मेदारी आरडीएस सेवा की हैं। इसलिए ईमानदारी से विकास कार्य करने की जरूरत हैं। वे हमेशा अच्छा कार्य करने वालों के साथ खड़े रहेंगे।

मीना ने कहा कि राज्य सरकार ने 100 करोड़ का विशेष फण्ड उन लोगों के लिए बनाया है जो वर्तमान में किसी योजना के दायरे में नहीं आते। विकास अधिकारी इसका लाभ दिलाने के लिए लाभार्थियों को चिह्नित कर प्रस्ताव बनाएं।

उन्होंने कहा कि दूसरे विभागों से प्रतिनियुक्ति पर आये अधिकारियों को प्रतिस्थापित करने पर विचार किया जा रहा है और पंचायतीराज का समस्त कार्य सेवा से ही करवाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। मीना ने कहा कि विभाग के काम धरातल पर नजर आने चाहिए। अधिकारी अंतिम छोर तक के गरीब व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें, तभी विभाग की योजनाओं का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।

विशिष्ट अतिथि पंचायती राज विभाग के सचिव नवीन जैन ने कहा कि विकास अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व ग्राम पंचायत से लेकर राज्य के विकास को उच्च स्तर पर ले जाना है। उन्होंने कहा कि सभी विकास अधिकारी पंचायतीराज नियमों से समय समय पर अपडेट होते रहें।

इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में परिषद अध्यक्ष ताराचंद मीना, उपाध्यक्ष रामचन्द्र सैनी, महासचिव ओंकारेश्वर शर्मा और कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। परिषद ने कैडर में पदोन्नित का अवसर उपलब्ध कराने के लिए पंचायतीराज मंत्री का आभार भी जताया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा ग्रामीण विकास सेवा से संबंधित प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इसमें ग्रामीण विकास सेवा अधिकारियों द्वारा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किये उल्लेखनीय कार्यों के साथ ही भविष्य के लिए सुझावों को भी दर्शाया गया। परिषद ने पंचायतीराज मंत्री के समक्ष कुछ मांगें भी रखीं।

## वरिष्ठ सहायकों को नोशनल परिलाभ देने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 1986 की एलडीसी भर्ती में चयनित होने के बाद सन् 2000 में नियुक्त याचिकाकर्ता वरिष्ठ सहायकों को वरिष्ठता, चयनित वेतनमान और वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर नोशनल परिलाभ अदा करने को कहा है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश ओमप्रकाश राठी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 1986 में आयोजित एलडीसी भर्ती परीक्षा में सफल हुए थे, लेकिन उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई। वहीं वर्ष 1991 में याचिकाकर्ताओं से कम मेरिट वाले अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी गई। इसके बाद याचिकाकर्ताओं को सन् 2000 में नियुक्ति दी गई।

# नगर निगम बताए क्या यूडी टैक्स निर्धारण की शक्तियां भी दी गई हैं ठेके पर?

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम से पूछा है कि यदि संपत्ति का मालिक खुद यूडी टैक्स की गणना कर जानकारी नहीं देता है तो इसकी गणना कौन और कैसे करता है। अदालत ने पूछा है कि यूडी टैक्स का निर्धारण करने की शक्ति भी क्या ठेके पर दी गई है। अदालत ने इस संबंध में विस्तृत शपथ पत्र पेश कर अदालत को इसकी जानकारी देने को कहा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश प्रीतम सिंह व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि शहर में नगरीय विकास कर वसूलने का काम निजी फर्म को दिया गया है। फर्म विधि अनुसार कर निर्धारण ना कर कम्प्यूटर के माध्यम से मनमाने तरीके से परिसरों का नापजोख कर डिमांड नोटिस बना देती है। याचिका में कहा गया कि नगरीय विकास कर स्वयं घोषणा करने वाला कर है, इसमें भवन स्वामी स्वयं कर निर्धारण करता है। वहीं जब कर अदायगी नहीं की जाती तो ठेका कंपनी डिमांड नोटिस जारी कर देती है। जबकि कर लगाने का काम निगम अधिनियम के तहत राजस्व अधिकारियों का है ना कि ठेकेदार का। याचिका में कहा गया कि निजी फर्म से किए गए एग्रीमेंट के तहत कर निर्धारण का काम भी फर्म को दिया गया है, जबकि यह काम किसी निजी फर्म से ना करवाकर स्वयं राज्य सरकार को ही करना होता है। इसके अलावा निगम के राजस्व अधिकारियों की ओर से एकत्रित किए जा रहे कर में से भी फर्म को दस फीसदी कमीशन के आधार पर भुगतान किया जा रहा है। जबकि इस कर को वसूलने के लिए फर्म कोई प्रयास नहीं करती है। जिसके चलते भ्रष्टाचार हो रहा है व राजस्व की हानि भुगतनी पड़ रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने नगर निगम से इस संबंध में शपथ पत्र पेश कर जानकारी देने को कहा है।

## शाह ने संविधान पार्क की पहल की सराहना की

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार सायं को राजभवन में मुलाकात की। मिश्र ने इस दौरान गृह मंत्री शाह को राजभवन परिसर में बन रहे संविधान पार्क और संविधान जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। शाह ने राजभवन में संविधान पार्क को देशभर में अभिनव पहल बताते हुए मिश्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

**आम सूचना** मैं रमेश रीझूमल आइवानी पुत्र स्व. श्री रीझूमल गुलाबराय आइवानी उम्र 45 वर्ष जाति सिंधी निवासी 23, सिवार एरिया, आमेर रोड, जयपुर-302002 राज., का निवासी हूँ यह कि मेरे पिताजी एक वाहन सं. आरजे-14-सीयू-8819 मारूति ऑल्टो 800, कार के पंजीकृत स्वामी थे। यह कि मेरे पिताजी का स्वर्गवास 20.12.20 एवं मेरी माताजी का स्वर्गवास 02.02.2001 को हो चुका है। यह कि मेरे पिताजी एवं माताजी के स्वर्गवास के पश्चात उक्त वाहन को मैं अपने स्वयं के नाम से परिवहन कार्यालय, जयपुर में हस्तान्तरित करवाना चाहता हूँ। इस हेतु परिवहन कार्यालय में वाहन हस्तान्तरण हेतु समस्त मूल दस्तावेज प्रस्तुत कर दिये गए हे। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपत्ति है तो 07 दिवस में आकर संपर्क करें।
राहुल भारद्वाज, एडवोकेट, मो. 9829150294

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश (क.स.) स्थान (क्रम-2) जयपुर महानगर प्रथम भगवान सहाय शर्मा विरूद्ध कृष्ण मंदिर सोसायटी व अन्य
(1)(राधा-गोविन्द मंदिर) बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर जरिये अध्यक्ष सुरेन्द कुमार सैनी (2) कृष्ण मन्दिर सोसायटी जरिये कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी (3) सुरेन्द्र कुमार सैनी अध्यक्ष कृष्ण मंदिर सोसायटी व अन्य
वाद बाबत् स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 35 सन् 21
नाम वादी आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 08 माह 08 सन् 22 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपके यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगें तो वादकी सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 02 माह 07 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।
न्यायालय के आदेश से
प्रस्तुतकार
मोहर
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट, क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम

# विश्व हिन्दू परिषद ने हेल्प लाइन नंबर जारी किये

**जयपुर**। विश्व हिंदू परिषद ने हिंदू समाज की रक्षा के लिए हैल्प नंबर जारी किए हैं। उदयपुर में व अमरावती में हुई वीभत्स हत्याओं से यह विदित हुआ कि यदि पुलिस कन्हैया या उमेश को संरक्षण देती तो उनकी हत्या नहीं होती तथा इन हत्याओं से विहिप के नेतृत्व ने यह भी अनुभव किया कि यदि कोई संगठन उनके साथ खड़ा होता तो उन जिहादीयों की हिम्मत हत्या करने की नहीं होती या कम से कम पुलिस से तो उन्हें संरक्षण दिलवा पाते।

इन्ही सब बातों को दृष्टि मे रखते हुए तथा हिन्दू समाज को निर्भय करने के

- **खतरे में या जिहादी ताकतों द्वारा पीड़ित हिन्दू बजरंग दल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं**

उद्देश्य से विहिप ने पूरे देश मे अन्य राज्यों के साथ राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़ प्रांत (संभाग) के लिए बजरंग दल हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं।

जयपुर प्रान्त हेल्पलाइन के लिये प्रेम सिंह राजावत 7891857393, चित्तौड़गढ़ के लिये योगेश रेनवाल 9214510985, जोधपुर के लिये महेंद्र उपाध्याय 9414171278 के नम्बर जारी किये गये हैं।

विहिप राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री राजा राम ने बताया कि सभी प्रांत मे अधिवक्ताओं कि टीम बनाई गई है जिससे किसी पीड़ित द्वारा हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर पीड़ित को कानूनी सहायता भी दी जा सकेगी।

इन नंबरों पर कोई भी हिन्दू किसी भी खतरे मे होने या जिहादियों द्वारा पीड़ित होने पर निश्चिंत हो कॉल कर सकेगा।

# कृषि उपज मंडी की जमीन कुर्क करने के आदेश पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने भूमि अवाप्ति के मुआवजे के भुगतान के संबंध में निचली अदालत के गत चार अप्रैल के उस आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है, जिसके तहत अदालत ने सवाई माधोपुर कृषि उपज मंडी की भूमि कुर्क करने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही अदालत ने निजी पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अशोक कुमार गौड की एकलपीठ ने यह आदेश कृषि उपज मंडी की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता यश जोशी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने कुछ लोगों की भूमि अवाप्ति की थी। मुआवजा राशि बढाने को लेकर प्रभावितों ने निचली अदालत में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए वर्ष 2015 में अदालत ने मुआवजा राशि बढाकर भुगतान करने को कहा। इस आदेश की पालना कराने के लिए प्रभावितों ने निचली अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसकी सुनवाई करते हुए निचली अदालत ने गत चार अप्रैल को आदेश दिए कि प्रार्थियों को मुआवजा राशि दी जाए, वरना कृषि उपज मंडी की जमीन को कुर्क किया जाएगा।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-5343 दिनांक-8.7.2022
**जाहिर आम सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 161/27 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती शान्ति टोडवाल पत्नी स्व. श्री रतन लाल टोडवाल को किया जाकर आवंटन पत्र 2606 दिनांक 31.12.2002 को जारी किया गया। श्रीमती शान्ति टोडवाल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 24.02.2009 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती शान्ति टोडवाल की मृत्यु दिनांक 27.11.2021 को हो जाने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनके पुत्र श्री राजेश टोडवाल पुत्र स्व. श्री रतन लाल टोडवाल द्वारा उक्त आवास को अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री राजेश टोडवाल पुत्र स्व. श्री रतन लाल टोडवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**आम- सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्यागण श्रीमती राजश्री पत्नी श्री कैलाश चन्द, श्रीमती चन्द्रकान्ता बुनकर पत्नी श्री सीताराम बुनकर एवम् श्रीमती सुलक्षणा वर्मा पत्नी श्री विश्वनाथ वर्मा समस्त निवासीगण जयपुर (राज.) मकान नं. 147, प्रेमनगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर की जरिये रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 04.09.2020 सयुंक्त रूप से एकमात्र मालिक व स्वामी है। उक्त मकान नं. 147, प्रेमनगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर की एक मात्र मालकिन स्व. श्रीमती गीता देवी पत्नी स्व. श्री गोपीराम बुनकर की मृत्यु दिनांक 11.02.2022 को हो गयी थी जिन्होंने अपने जीवनकाल में उक्त रजिस्टर्ड वसीयत मेरी अभिभाष्यागण के हक में निष्पादित की थी। मेरी अभिभाष्यागण के भाई श्री विजय वर्मा का उक्त सम्पत्ति से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कोई भी उक्त सम्पत्ति बाबत् श्री विजय वर्मा पुत्र श्री गोपीराम बुनकर अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति/संस्था आदि से किसी प्रकार सव्यंवहार, खरीद, रहन आदि करेगा तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी अभिभाष्यागण के स्वामित्व के अधिकारों पर निष्प्रभावी होगा।
भवदीय (सुभाष किशोर शर्मा) एडवोकेट
मो. नं. 9414049394

## व्यर्थ की जनहित याचिका को खारिज कर लगाया हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने व्यर्थ की जनहित याचिका दायर करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर दो हजार रुपए का हर्जाना लगाया है।

जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश भगवान सिंह जाट की जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा गया कि संबंधित जमीन पर पहले याचिकाकर्ता का कब्जा था और उसे बाद में वहां से हटाया गया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपने कब्जे हटाने को लेकर की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी, लेकिन उसे राहत नहीं मिली। वहीं अब इस जमीन को किसी अन्य को आवंटित किया गया तो उसने जनहित याचिका पेश कर दी।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

# ‘लोकल’ को ‘ग्लोबल’ के रूप में स्थापित करने के लिए मिल कर कार्य करें बड़े और छोटे उद्योग : राज्यपाल

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने औद्योगीकरण में पिछड़े वर्गों के कल्याण को सभी स्तरों पर सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण के जरिए ही कोई देश तेजी से विकास कर सकता है, इसके लिए उद्यमियोंको देश के संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट उत्पाद तैयार करने होंगे। साथ ही उनका प्रभावी विपणन भी करना होगा।

राज्यपाल मिश्र शनिवार को यहां एक होटल में ग्लोबल इण्डिया बिजनेस फोरम की ओर से आयोजित नेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड फॉर 2022' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों को व्यावसायिक क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए देश में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसके अंतर्गत पिछड़े वर्ग के लोगों की मदद के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए ‘वेंचर कैपिटल फंड’ बनाने के साथ ‘प्रधानमंत्री मुद्रा योजना’ के तहत कर्ज की भी व्यवस्था की गयी है। राज्यपाल ने कहा कि देश में इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता कौशल विकास के जरिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की है। उन्होंने कहा उद्योग और शिक्षण संस्थानों के समन्वय से इस तरह के प्रशिक्षण उपलब्ध करवाए जाएं जिनसे अध्ययन के समय से ही युवा उद्यमिता के लिए प्रेरित हो सकें। इस उद्देश्य से नई शिक्षा नीति में भी व्यावसायिक कौशल विकास और युवाओं में उद्यमशीलता की भावना जगाने से संबंधित विशेष पाठ्यक्रमों पर जोर दिया गया है। उन्होंने




राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को एक होटल में ग्लोबल इण्डिया बिजनेस फोरम की ओर से आयोजित नेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड फॉर 2022' में संबोधित किया।

नवाचार आधारित स्टार्टअप शुरू करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अधिकाधिक प्रयास किए जाने पर बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि के बाद में एमएसएमई ही सर्वाधिक लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है। देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत और विनिर्माण में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी क्षेत्र की है। मिश्र ने कहा कि केन्द्र सरकार में एमएसएमई विभाग का मंत्री रहते हुए उन्होंने एमएसएमई उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सहित कई अहम नीतिगत पहल की थी।

राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र अब कोविड के दौर से आगे निकल कर पुनः गति पकड़ रहा है। ऐसे में बड़े उद्योग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को सहारा देकर ‘लोकल’ उत्पादों को ‘ग्लोबल’ के रूप में स्थापित करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि ‘‘मेक इन इंडिया‘‘ के अंतर्गत हम ऐसे उत्पाद दुनिया के बाजारों को दें जो दूसरे देशों की अपेक्षा अधिक सस्ते, गुणवत्तापूर्ण और बेहतर हों।

राज्यपाल मिश्र ने औद्योगिक और व्यावसायिक विकास में पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ने का सुझाव दिया, ताकि ग्लोबल वार्मिंग की पारिस्थिति में संतुलन पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े।

सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए इसे सभी स्तरों पर प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए उद्यमियों से संकल्पित होकर कार्य करने का आव्हान किया।

ग्लोबल इण्डिया बिजनेस फोरम के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जोशी ने कहा कि देश की करीब 65 प्रतिशत आबादी युवा है। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने में

- **ग्लोबल इण्डिया बिजनेस फोरम की ओर से ‘नेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड फॉर 2022’ आयोजित**
- **औद्योगीकरण में पिछड़े वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने का राज्यपाल ने किया आव्हान**

एमएसएमई क्षेत्र की बड़ी भूमिका है।

इस अवसर पर राज्यपाल मिश्र ने व्यापार उत्कृष्टता के लिए बेहतरीन कार्य करने वाले व्यवसाय जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में जापान के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की स्मृति में दो मिनट मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। आरम्भ में राज्यपाल मिश्र ने भारतीय संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी किया।

कार्यक्रम में त्रिनिदाद और टोबेगो के उच्चायुक्त डॉ. रोजर गोपाल, नाइजीरिया के उच्चायुक्त अहमदसुल, मलेशिया के उप उच्चायुक्त अमीजल फेडजलीराजली, पुरस्कृत उद्यमी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपना नाम माधवन पुत्र श्री जयप्रकाश निवासी सरदारपुरा बास (गांधी बड़ी) तहसील भादरा जिला हनुमानगढ वर्तमान पता ए-201, यूडीबी, इकोस्केप पत्रकार कॉलोनी, जयपुर से बदलकर भविष्य में सभी कार्य हेतु माधवन बैनीवाल रख लिया है।

मैं निखिल बोहरा पुत्र संजय कुमार बोहरा, पता-51/462 सेक्टर-5, प्रताप प्लाजा के पीछे, प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर राजस्थान-302033 मैंने अपना नाम निखिल कुमार बोहरा से बदलकर निखिल बोहरा रख लिया है। भविष्य में मुझे निखिल बोहरा नाम से जाना जावें।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक्र-4 न्यायालय अपर सिविल न्यायधीश (क.ख.) क्रम-2 जयपुर महानगर (प्रथम) भगवान सहाय शर्मा विरूद्ध (1) कृष्ण मन्दिर सोसायटी (राधा- गोविन्द मंदिर) बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर जरिये अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी (2) कृष्ण मन्दिर सोसायटी जरिये कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी (3) सुरेन्द्र कुमार सैनी अध्यक्ष कृष्ण मंदिर सोसायटी व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा
प्रार्थना-पत्र संख्या 44/21 सन्
नाम प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नोट: नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 08 माह 08 सन् 2022 को 10:30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 02 माह 07 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गईहै।
न्यायालय के आदेश से
प्रस्तुतकार
मोहर
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट, क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम

# "जीवन की परीक्षा" में फेल हुए तीन छात्र

## एस.एम.एस. कॉलेज के कोठारी हॉस्टल में मेडिकल छात्र, झोटवाड़ा स्थित चौमूं पुलिया पर ट्राइटन मॉल में सीए छात्र और भांकरोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने की आत्महत्या

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में शनिवार को मेडिकल, सीए और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 3 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। एसएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित कोठारी हॉस्टल में मेडिकल छात्र, झोटवाड़ा के ट्राइटन मॉल में सीए छात्र और भांकरोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र ने जान दी है। पुलिस ने दो छात्रों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं, जबकि मेडिकल छात्र का शव एसएमएस की मोर्चरी में रखवाया है।

एसएमएस थानाधिकारी नवरतन धोलिया के अनुसार कोठारी हॉस्टल में मरने वाला मृतक अमन ब्राकरा (22) पुत्र प्रीतम सिंह रोहरु जिला शिमला हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। वह यहां एसएमएस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस थर्ड ईयर का छात्र था। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त सुरेश को शनिवार अलसुबह दौड़ने के लिए चलने की कहकर अपने कमरे में सो गया था। सुबह सुरेश उसे जगाने गया, लेकिन गेट नहीं खुला। इसके बाद दो अन्य छात्रों ने कमरे के ऊपर झांक कर देखा तो अमन का शव पंखे से चद्दर

- **एमबीबीएस थर्ड ईयर का छात्र था अमन, उसका आईपैड खोलेगा आत्महत्या का राज**
- **एफएसएल टीम 2 घंटे बाद हॉस्टल पहुंची, परिजनों के हिमाचल से जयपुर आने पर होगा पोस्टमार्टम**

के सहारे लटका हुआ था। इसके बाद गेट तोड़कर उसका शव फंदे से उतारा और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस को सुबह 10:15 बजे इत्तला मिली थी। इस पर पुलिस तुरंत एफएसएल टीम को सूचित कर मौके पर पहुंच गई। करीब 2 घंटे के इंतजार के बाद एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और महत्वपूर्व साक्ष्य एकत्रित किए। कमरे में टेबिल पर मृतक का एप्पल का आईपैड मिला है, जिसका पासवर्ड एक कागज पर लिखा हुआ था। संभावना जताई जा रही है इस आईपैड में ही मृतक की आत्महत्या का राज छिपा है। फ़िलहाल पुलिस ने मृतक के कमरे को सील कर दिया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम किया जाएगा। मृतक अमन बॉलीबाल का प्लेयर था वह आगामी मेडिकल कॉलेज के टूर्नामेंट में भाग लेने वाला था। वह एक्सरसाइज का भी शौकीन था। पुलिस को उसके कमरे से डम्बल, इत्यादि जिम का सामान मिला है। बताया जा रहा है दो माह पहले ही वह गांव से आया था। उसके पिता की शिमला में कपड़ों की दुकान है।

### मैं सक्सेज नहीं हो पाया, इसलिए जीना नहीं चाहता

भांकरोटा स्थित ख़ातियों की ढाणी, कुंडा रोड सिरसी निवासी ब्रजमोहन जांगिड़ (25) ने शनिवार सुबह करीब 7 बजे घर पर कपडे का फंदा लगाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि वह सक्सेज नहीं हो पाया, सभी उससे उम्मीद रखते थे। इस वजह से वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ट्राइटन मॉल की तीसरी मंजिल से नीचे कूदा छात्र, सिर फटने से मौके पर मौत

**जयपुर**। सीए और बी.कॉम की पढ़ाई कर रहे एक युवक ने झोटवाड़ा स्थित चौमूं पुलिया पर ट्राइटन मॉल में शनिवार को तीसरी मंजिल से नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक दौड़ते हुए रैलिंग के पास पहुंचा और मॉल की ग्राउंड फ्लोर पर छलांग लगा दी। नीचे गिरने युवक का सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह पूरा घटनाक्रम मॉल के तीसरी मंजिल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को कावंटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त रोहित कुमार जैन (22) पुत्र मनोज कुमार जैन निवासी वैष्णो नगर, झोटवाड़ा के रूप में हुई है। मृतक रोहित बीकॉम तृतीय वर्ष का छात्र था। वह सीए की तैयारी भी कर रहा था। घटनाक्रम के मुताबिक वह सुबह 6 बजे घर से बिना बताए निकल गया था। उसके परिजन उसे तलाश रहे थे। इस दौरान उसने ट्राइटन मॉल में जाकर तीसरी

- **पिछले कुछ दिनों से तनाव में था छात्र, परिजन उसका इलाज भी करवा रहे थे**

मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है बीकॉम में तीन पेपर ड्यू के चलते रोहित तनाव में था। इस वजह से उसने आत्महत्या की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक रोहित कुछ दिनों से तनाव में था, परिवार वाले उसका उपचार भी करा रहे थे। यह पूरा घटनाक्रम मॉल के तीसरी मंजिल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। युवक एक्सीलेटर से तीसरी मंजिल तक पहुंचता है। फिर किनारे पर अपनी चप्पल उतारने के बाद अचानक भागकर रेलिंग के ऊपर से छलांग लगा देता है। जमीन पर गिरने ही धमाके की आवाज सुनकर वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

# 25 किलो गांजे के साथ महिला समेत चार ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने आरोपियों को पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने महेश नगर, श्याम नगर और मानसरोवर इलाके में कार्रवाई करते हुए महिला समेत चार ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी परिस देशमुख ने बताया

- **आरोपी हरिशंकर व लखन उत्तरप्रदेश से गांजा लाकर जयपुर में सप्लाई करते थे**
- **लखन सिंह पूर्व में 52 किलो गांजे की तस्करी में मालाखेड़ा में गिरफ्तार हो चुका**

तस्कर हरिशंकर शर्मा (27) निवासी अरावली विहार अलवर हाल महेश नगर, लखन सिंह (30) निवासी मालाखेड़ा, सोनू मालावत (28) निवासी श्याम नगर और रूकमणी (42) निवासी मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 25 किलो 260 ग्राम गांजा



गांजा तस्कर हरिशंकर और लखन को महेश नगर पुलिस ने पकड़ा।

और 25 हजार 250 बिक्री राशि, कार-स्कूटी सहित इलक्ट्रोनिक कांटा जब्त किया है।

एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया आरोपित हरिशंकर शर्मा व लखन उत्तरप्रदेश से गांजा लेकर जयपुर में सप्लाई करते है। आरोपित लखन सिंह पूर्व में 52 किलो गांजे की तस्करी में मालाखेड़ा में गिरफ्तार हो चुका है। आरोपित सोनू मालावत व उसका भाई जुगनू मालवात दोनों गांजा बेचने का काम करते है। आरोपित उच्च क्वालिटी गांजे की 30 ग्राम की पुड़िया 2 हजार रूपए में बेचते है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जुगनू मालावत बिहार गैंग के साथ 40 किलो गांजे की तस्करी में 2 साल से जेल में बंद है।

इसी प्रकार महिला तस्कर रूकमणी पति मनोज से गांजा मंगवाकर छोटी-छोटी पुड़ियां बनाकर बेचती है, जिसके खिलाफ पूर्व में गांजा एवं शराब बेचने के 7 प्रकरण दर्ज है।

## लॉस घटाने और राजस्व वसूली के विशेष प्रयास करे डिस्कॉम : सावंत

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव उर्जा एवं अध्यक्ष डिस्काम्स भास्कर ए. सावंत ने कहा कि वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से ही लॉस कम करने एवं राजस्व वसूली के प्रयास किए जाए तो निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए डिफेक्टिव मीटर्स को बदलना, समय पर नए कनेक्शन व प्रथम बिल जारी करने, बकाया राशि की वसूली और मीटर रीडिंग का क्रास वेरिफिकेशन आदि कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। प्रमुख शासन सचिव उर्जा एवं अध्यक्ष डिस्काम्स भास्कर ए. सावंत ने 9 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सर्किलवार टीएण्डडी व एटीएण्डसी लॉस की समीक्षा करते हुए सबसे अच्छा कार्य करने वाले सर्किलों के कार्यो की सराहना करते हुए कमजोर प्रदर्शन वाले सर्किल अधीक्षण अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि वे प्रभावी प्रयास करें। बैठक में तीनों डिस्कॉम के 2-2 सर्किल जिन्होंने गत वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक लॉस कम किया है और लॉस को 18 प्रतिशत से नीचे लाए है इन सर्किलों के अधीक्षण अभियन्ताओं द्वारा किए गए प्रयासों के बारें में अवगत कराया।

# जयपुर की 35 कॉलोनियों को मिलेगा बीसलपुर का पानी

**जयपुर**। शहर की 35 कॉलोनियों को अब बीसलपुर का मीठा पानी मिलेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 28 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से करीब 130 किलोमीटर की पाइप लाइन डालने के साथ ही उच्च जलाशय आदि बनाकर इन कॉलोनियों में रहने वाली 50 हजार से अधिक की आबादी को बीसलपुर का पानी पिलाने की कवायद शुरू कर दी है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड की वित्त समिति की बैठक में इसकी निविदा को मंजूरी दी गई। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि शहरी जल योजना के तहत हरमाड़ा एवं बढ़ारना सहित सीकर रोड क्षेत्र की करीब 30 से 35 कॉलोनियां इस परियोजना से लाभांवित होंगी।

उल्लेखनीय है कि 1966 में बनी हरमाड़ा योजना के तहत इस क्षेत्र के गांवों को पानी मिल रहा था। वर्ष 2015 में यह क्षेत्र शहरी जल प्रदाय योजना के अंतर्गत आ गया और इसके बाद 2016 से यहां बीसलपुर का पानी तो आ गया लेकिन पर्याप्त पाइप लाइन बिछी हुई नहीं होने के कारण ज्यादातर कॉलोनियों

- **130 कि.मी. तक पाइप लाइन बिछाने समेत कई कार्यों पर 29 करोड़ रु. खर्चेगा जलदाय विभाग**

में बीसलपुर का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस योजना में बढ़ारना मोक्षधाम क्षेत्र एवं रीको परिसर में उच्च जलाशय बनेंगे। साथ ही, मनसा माता मंदिर के पास स्वच्छ जलाशय बनेगा और क्षेत्र में 130 किलोमीटर लंबी पाइप लाइनें डाली जाएंगी, जो करीब 30-35 कॉलोनियों में रहने वाले 55 हजार लोगों का गला बीसलपुर के मीठे पानी से तर करेंगी। जयपुर शहर की नई पेयजल योजनाएं मुख्य स्काडा सिस्टम से जोडी जाएंगी। इसके लिए 2 करोड़ 17 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। इसमें आमेर पेयजल योजना, पृथ्वीराज नगर, जामडोली, जगतपुरा और खोनागोरियान पेयजल योजनाएं जयपुर के मुख्य स्काडा सिस्टम से जोड़ी जाएंगी। इससे पानी के प्रेशर एवं फ्लो की मॉनिटरिंग के साथ ही ऑडिट करने में भी आसानी होगी। इन सभी पेयजल योजनाओं का डाटा सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम पर उपलब्ध होगा।

# एस.एम.एस. अस्पताल के डॉक्टरों ने किया मरीज का सफल ब्रेनस्टेम इंप्लांट ऑपरेशन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टरों ने एक फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शनिवार को न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती मरीज का डॉक्टरों ने एडिटर ब्रेनस्टेम इंप्लांट ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया है। यह राजस्थान का इस तरह का पहला ऑपरेशन है। देश के किसी भी चिकित्सा शिक्षण संस्थान में पहली बार किया गया है।

डॉक्टरों ने बताया कि 14 वर्षीय बालिका के दिमाग में संक्रमण के बाद सुनने की क्षमता खत्म हो गई थी। वहीं थोड़े समय में उसका बोलना भी बन्द हो गया था। सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों ने परीक्षण करके यह पाया कि उसका अन्य किसी विधि से इलाज संभव नहीं था। मरीज के पिता ने राज्य सरकार से इलाज की गुहार की। इस पर सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरन्त एसएमएस के दो वरिष्ठ चिकित्सकों न्यूरोसर्जरी विभाग के आचार्य डॉ. अचल शर्मा व ईएनटी के आयार्च डॉ. मोहनीश ग्रोवर को पिछले दिनों जनवरी में प्रशिक्षण के लिए चेन्नई भेजा। साथ ही मरीज के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दी। इसके बाद शनिवार को एसएमएस चिकित्सालय में एडिटर ब्रेनस्टेम इंप्लांट ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन में डॉ. अचल शर्मा व डॉ. मोहनीश ग्रोवर के साथ न्यूरोसर्जन डॉ. गौरव जैन, निश्चेतना विभाग की वरिष्ठ आचार्य डॉ. शोभा पुरोहित, सह आचार्य डॉ. संजय

- **यूरोसर्जरी और ईएनटी विभाग द्वारा किया हुआ यह राजस्थान का इस तरह का पहला ऑपरेशन है। साथ ही देश के किसी भी चिकित्सा शिक्षण संस्थान में पहली बार किया गया है।**

पोरवाल तथा नर्सिंग ऑफिसर योगेश शर्मा, नर्सिंग अधिकारी सरोज जॉर्ज का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। वह यह ऑपरेशन में चेन्नई से आए विशेषज्ञ पदमश्री डॉ. मोहन कामेशवरन, डॉ. वासुदेवन और डॉ. रंजीत ने निर्देशन में हुआ।

### क्या होता है एडिटर ब्रेनस्टेम इंप्लांट

एबीआई एक आधुनिक विधतिय उपकरण है, जिसको कान के पीछे की हड्डी से होते हुए दिमाग के भीतरी हिस्से ब्रेनस्टेम में स्थापित किया जाता है। यह उन मरीजों में लगाया जाता है जिनमें सुनाई देने के कान के आन्तरिक अंग काम नहीं कर पाते। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल व नियंत्रक डॉ. राजीव बगरहटटा ने बताया कि इस ऑपरेशन के साथ ही एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सफलता के आयामों में एक नया अध्याय जुड गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनय मलहोत्रा ने डॉक्टरों की पूरी टीम को बधाई दी है।

# बारिश के बाद उमस बढ़ी, लोग परेशान



**शनिवार को अलसुबह से गर्मी और उमस से परेशान जयपुरवासियों को दोपहर में कुछ देर तक राहत मिली, जबकि मौसम अचानक बदला और बरसात शुरू हो गई। तकरीबन आधा घंटे तक बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया, लेकिन यह स्थिति अधिक समय तक नहीं रही। जैसे ही बारिश थमी, फिर उमस भरा माहौल हो गया। देखा जाये तो प्रदेशभर में मानसून सक्रिय है, लेकिन जयपुर में लोगों को अभी तक तेज झमाझम बारिश का इंतजार है।** फोटो-राष्ट्रदूत

# जयपुर शहर के लिए 'आपदा जोखिम और क्षमता' पर रिपोर्ट का विमोचन

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर शहर के लिए 'आपदा जोखिम और क्षमता' पर आईआईटी इंदौर और एनआईडीएम द्वारा की गयी शोध पर एक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में किया गया। इस मौके पर स्वस्तिवाचन में नगर निगम ग्रेटर की महापौर कार्यालय में महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर ने इस रिपोर्ट का विमोचन किया।

विमोचन पर एनआईडीएम, गृह मंत्रालय के प्रो. अनिल कुमार गुप्ता, आईआईटी इंदौर के प्रो. मनीष कुमार गोयल,इंडियन इंस्टीट्ययूट ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट जयपुर के चेयरमैन डॉ.रवि गोयल,एनआईडीएम के डॉ कोपल वर्मा सैनी व डॉ. उज्मा परवीन भी मौजूद रहे।

इस मौके पर इंडियन इंस्टीट्ययूट ऑफ़ मैटेरियल्स मैनेजमेंट जयपुर के



**महापौर सौम्या गुर्जर ने जयपुर शहर के लिए 'आपदा जोखिम और क्षमता' विषय पर तैयार शोधपत्र का विमोचन किया।**

चेयरमैन डॉ.रवि गोयल सहित अन्य लोगों ने बताया कि आईआईटी इंदौर और नेशनल इंस्टीट्ययूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट,नई दिल्ली ने जयपुर, श्रीनगर, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम शहरों के लिए मल्टी-हैजर्ड डिजास्टर रिस्क एंड रेजिलिएशन पर एक शोध अध्ययन किया।

## महिला को ग्वालियर में बंधक बनाकर 3 दिन तक दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में रहने वाली महिला से चाकू की नोंक पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि करधनी थाने में इलाके निवासी 32 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है। आरोप है पति की पहली पत्नी मार्च माह में ग्वालियर ले गई थी, जहां चाकू दिखाकर छतरपाल, राजीव सहित तीन अन्य व्यक्तियों ने तीन दिन तक बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इस दौरान अवंतिका, संध्या, वैष्णवी और रानी ने आरोपियों का सहयोग किया। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर थाने में 19 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि पडौसी युवक अकबर अली उसे लगातार परेशान करता आ रहा है। कुछ दिन पहले उसने एक स्कूल के सामने अश्लील हरकत की। इसके बाद 30 जून को घर छोड़ने की कहकर कार में आमागढ़ की तरफ ले गया, दुष्कर्म का प्रयास किया।

# उत्तरी रिंग रोड का काम नवंबर में शुरू होगा, 18 माह में बनेगी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में उत्तरी रिंग रोड (आगरा रोड से सी-जोन बायपास वाया दिल्ली रोड) का काम नवम्बर माह में शुरू होगा और इसे 18 माह में पूरा कर लिया जायेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इसके लिए करीब 400 हेक्टेयर जमीन अवाप्त करेगा।

सूत्रों की मानें तो एनएचएआई के सदस्य (प्रशासनिक) आलोक शुक्रवार को दिल्ली से जयपुर आए। यहां एनएचएआई के स्थानीय अफसरों और जेडीए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उत्तरी रिंग रोड का अलाइनमेंट फाइनल करने, भूमि अवाप्ति और निविदा प्रक्रिया पूरी करने से लेकर निर्माण कार्य का चरणबद्ध कार्यक्रम तय किया। इस दौरान एनएचएआई राजस्थान के क्षेत्रीय अधिकारी पवन कुमार, प्रोजेक्ट निदेशक अजय आर्य, जेडीए कमिश्नर रवि जैन, निदेशक अभियांत्रिकी अशोक चौधरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ लम्बी चर्चा हुई। इस दौरान दक्षिणी रिंग रोड को सुधारने पर भी बात हुई। ज्ञात रहे कि कुछ माह पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। इसमें उत्तरी रिंग रोड के निर्माण के लिए जेडीए और एनएचएआई की संयुक्त भागीदारी का प्रस्ताव दिया था। ज्ञात रहे कि प्रस्तावित रिंग रोड 45 किलोमीटर लम्बी होगी। जिसमें 70 मीटर चौड़ा ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बनेगा। अजमेर रोड पर 200 फीट बायपास चौराहे और सीकर रोड पर वीकेआई 14 नम्बर चौराहे पर फ्लाईओवर या अण्डरपास बनेगा।

यहां ट्रेफिक दबाव और पानी भराव की परेशानी को देखते हुए यह निर्णय किया गया।

## सार-समाचार

### श्री भवानी निकेतन परिसर में पौधारोपण



**जयपुर**, (का.सं.)। श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति एवं राजेन्द्र सिंह बगड़ मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह बगड़, पूर्व सचिव, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति की 69वीं जयन्ती के अवसर पर शिक्षा समिति परिसर में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री एवं लोकसभा सदस्य, जयपुर ग्रामीण, जयपुर के मुख्यातिथ्य एवं मुकेश दाधीच, उपाध्यक्ष, प्रदेश भाजपा के सानिध्य में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री भवानी निकेतन के समस्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी. कैडेट ने समिति परिसर में आम, अशोक, बरगद, पीपल, नीम आदि के 200 से अधिक पौधे लगाये। समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह नांगल, उपाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह बगड़, सचिव गुलाब सिंह मेड़तिया, संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह जेरठी, शिक्षा सलाहकार प्रो. भवानी सिंह, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह मण्ढा, कार्यकारिणी सदस्य जालिम सिंह आसपुरा, दिलीप सिंह छापोली, महेन्द्र सिंह जैसलाण, जनरल काउन्सिल सदस्य मुकेश सिंह बगड़, मान्धाता सिंह धमोरा, सुरेन्द्र प्रताप सिंह राठौड़, मनदीप सिंह हुड़ील, श्री राजपूत सभा से बलवीर सिंह हथोज महामंत्री, प्रद्युम्न सिंह मुण्डरू कोषाध्यक्ष, मोहन सिंह बगड़ संयुक्त सचिव, धीर सिंह संगठन मंत्री आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने पर्यावरण एवं फिटनेस के प्रति सावचेत करते हुए विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, कर्मचारियों एवं संस्था पदाधिकारियों को प्रकृति से आत्मीय जुड़ाव रखने के लिए बल दिया।

### कलेक्टर ने ली शांति समिति की बैठक

**जयपुर**। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में ईद के त्यौहार को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था पर मंथन हुआ। वहीं, बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्यों ने ईद के त्यौहार के मौके पर जिले में शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कहा है कि ईद के मौके पर जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखें। शांति समिति के सदस्य अपने अपने इलाके में व्यवस्था में सहयोग करते हुए प्रशासन तथा आमजन के बीच में सेतु का काम करें। वर्तमान परिस्थितियों में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए युवाओं की गतिविधियों तथा सोशल मीडिया पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आमजन के बीच में सतत संवाद आवश्यक है। इसलिए शांति समिति के सदस्य लगातार प्रशासन के संपर्क में रहें तथा जरुरी सूचनाएं उपलब्ध कराएं। जयपुर ठ्ठामीण एसपी मनीष अठावाल ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की ओर से माकूल इंतजाम किए जा रहे हैं। लेकिन आमजन भी व्हाटसएप समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग पूरी जिम्मेदारी से करें। बैठक में एडीएम प्रथम दिनेश कुमार शर्मा, एडीएम साउथ मोहम्मद अबूबक्र सहित अन्य मौजूद रहे।

### दो मंदिरों से जेवर और दानपात्र चोरी

**जयपुर**। मुरलीपुरा में चोर दो मंदिरों में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने एक मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति भी खंडित कर गए। हद तब हो गई जब, पुलिस का उदासीन रवैया देखने को मिला। पुलिस ने महज चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर इतिश्री कर ली। इस घटना को लेकर श्रद्धालुओं में रोष व्यापत है। वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि परसराम नगर, ढेहर का बालाजी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर में 6-7 जुलाई की मध्यरात्रि को चोरी हुई। मंदिर की सेवा पूजा करने वाले केवल कृष्ण भंडारी ने रिपोर्ट दी है। परिवादी ने बताया वह 6 जुलाई की देर शाम मंदिर के पट बंद कर घर चला गया था। इस दौरान असामाजिक तत्व देर रात मंदिर में घुसे। चोर करीब 10 हजार रूपए की नकदी से भरा दानपात्र सहित दुर्गा मां के जेवर चुरा ले गए। वहीं, जाते समय असामजिक तत्व दुर्गा मां की मूर्ति खंडित कर गए। पुलिस को इस बाबत रिपोर्ट दी, लेकिन उन्होंने मामला चोरी में दर्ज किया। आरोप है उसमें मूर्ति खंडित करने की धाराओं को नहीं जोड़ा गया। इसी प्रकार मंगल विहार कॉलोनी स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर में 6 जुलाई की रात को हुई। चोर मंदिर में घुस हनुमान जी का मुकुट, लड्डू गोपाल जी की मूर्ति और सिंघासन सहित कई रामझारे चुरा ले गए। घटना के संबंध में मंदिर के महंत शोभाग शर्मा निवासी स्वप्नलोक, नांगल जैसा बोहरा, करधनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

### वांछित हिस्ट्रीशीटर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर**। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने कोतवाली और लालकोठी थाने में दर्ज प्रकरणों में वांछित हिस्ट्रीशीटर इमरान उर्फ मोगली उर्फ सरिया को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया कि आरोपित इमरान उर्फ मोगली उर्फ सरिया (32) निवासी मोहल्ला बिसायती यान चौकडी घाटगेट रामगंज हाल थडी मार्केट मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। बदमाश मानसरोवर थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ जयपुर, अजमेर, चूरू के विभिन्न थानों में 31 आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपित धन सिंह गैंग के साथ मिलकर मारवाड़, पीपलू, अजमेर में कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपित इमरान उर्फ मोगली उर्फ सरिया लाल कोठी थाना इलाके में भी किन्नर से लूट की वारदात, कोतवाली और गलता गेट थाने में भी वांछित चल रहा है।

### गलताजी में 3 दिन मनेगी गुरु पूर्णिमा

**जयपुर**, (का.सं.)। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ श्री गलता जी में पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य के सान्निध्य में 3 दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव 13 जुलई से 15 जुलाई तक मनाया जाएगा। युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन 13 जुलाई को प्रातः स्वामी अवधेशाचार्य द्वारा गालव ऋषि, रामानुजाचार्य जी, पयोहारी जी, कील्ह देवाचार्य जी से लेकर रामोदाराचार्य जी तक समस्त पूर्ववर्ती आचार्यों का पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 7 बजे से नए शिष्य स्वामी अवधेशाचार्य जी से पंचसंस्कारित होकर दीक्षा ग्रहण करेंगे व पुराने शिष्य स्वामी जी के श्री चरणों का पूजन करेंगे। सायंकाल स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज गलता ठिकाने के छोटी चोपड़ स्थित रूप चतुर्भुज मंदिर में सायं 6 से रात्रि 8 बजे तक शिष्यों द्वारा पूजन के लिए उपस्थित रहेंगे।

### युवती से 1.46 लाख रु. ऑनलाइन ठगे

**जयपुर**। वैशाली नगर इलाके निवासी युवती से 1 लाख 46 हजार रूपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि हनुमान नगर विस्तार निवासी सिंधुजा शेखावत ने नौकरी डॉट पर जॉब सर्च की थी। इसके बाद जालसाज ने उसे कॉल कर एनयूकेआरआई पर ऑनलाइन आवेदन भेजने को कहा। जालसाजों ने युवती को झांसे में लेकर फीस के नाम पर कई पेटीएम नंबरों पर 1 लाख 46 हजार रूपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### घर में घुसकर नकदी-जेवर चुराये

**जयपुर**। कालवाड़ इलाके में चोर दिनदहाड़े एक घर में घुसकर लाखों की नकदी सहित मंगलसूत्र चुरा ले गए। पुलिस ने बताया चोरी की वारदात करधनी आवासीय योजना, हाथोज निवासी मंगल प्रजापत के घर में हुई। चोर 7 जुलाई की सुबह घर में घुसकर 3 लाख 37 हजार रूपए की नकदी, एक मंगलसूत्र, कपड़े, 22 हजार रूपए के खुल्ले पैसे चुरा ले गए।

### लो फ्लोर बस ने अधेड़ को कुचला

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक लो फ्लोर बस ने अधेड़ को कुचल दिया। पुलिस ने बताया घटना ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया के नीचे 7 जुलाई की दोपहर करीब ढाई बजे की है, जहां पर बंधा बस्ती, नाहरी का नाका निवासी अनवर हुसैन (55) पुत्र मोहम्मद साबिर किसी काम से आया था। वह पुलिया के नीचे से गुजर रहा था। इस दौरान लो फ्लोर बस ने उसे टक्कर मार दी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम एक बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं बस जब्त कर जांच शुरू की है।



## Sarcoma Awareness Month

Every year thousands of people are diagnosed with sarcomas, a type of cancer that forms in the connective tissues of the body including fat, blood vessels, nerves, etc. Sarcoma is a rare form of cancer, but no less deadly for their rarity. Research continues on what causes sarcoma and why certain people develop it. Sarcoma Awareness Month was created to help raise awareness about this disease and all the people it effects.



#NEUROSCIENCE

# Brain Practices New Info While Sleeping

Scientists believe that this replay of neuronal firing during sleep is how the brain practices newly learned information, which allows a memory to be consolidated that is converted from a short-term memory to a long-term one.



Why do people sleep? Scientists have debated this question for ages, but a new study adds fresh clues for solving this mystery.

Scientists studying laboratory animals long ago discovered a phenomenon known as 'replay' that occurs during sleep, explains Daniel Rubin, lead author and a neurologist at the Massachusetts General Hospital's Centre for Neurotechnology and Neurorecovery. Replay is theorized to be a strategy the brain uses to remember new information. If a mouse is trained to find its way through a maze, monitoring devices showing a specific pattern of brain cells or neurons that will light up as it traverses the correct route.

"Then later on while the animal is sleeping you can see that those neurons will fire again in that same order," Rubin says.

Scientists believe that this replay of neuronal firing during sleep is how the brain practices newly learned information, which allows a memory to be consolidated that is converted from a short-term memory to a long-term one. However, replay has only been convincingly shown in lab animals.

"There's been an open question in the neuroscience community: To what extent is this model for how we learn things true in humans? And is it true for different kinds of learning?" asks neurologist Sydney S. Cash, co-director of the Centre for Neurotechnology and Neurorecovery at MGH and co-senior author of the study. Importantly, Cash says, understanding whether replay occurs with the learning of motor skills could help guide the development of new therapies and tools for people with neurologic diseases and injuries.

To study whether replay occurs in the human motor cortex -- the brain region that governs movement -- the research team enlisted a 36-year-old man with tetraplegia (also called quadriplegia), meaning he is unable to move his upper and lower limbs; in his case due to a spinal cord injury. The man identified in the study as T11, is a participant in a clinical trial of a brain-computer interface device that allows him to use a computer cursor and keyboard on a screen.

The investigational device in development by the BrainGate consortium, a collaborative effort involving clinicians, neuroscientists and engineers at several institutions with the goal of creating technologies to restore communication, mobility and independence for people with neurologic disease, injury or limb loss. The consortium's leader is Leigh R. Hochberg, a critical care neurologist at MGH and Veterans Affairs and a professor at Brown University's School of Engineering affiliated with the University's Carney Institute for Brain Science.


In the study, T11 was asked to perform a memory task similar to the electronic game Simon in which a player observes a pattern of flashing coloured lights then has to recall and reproduce that sequence. He controlled the cursor on the computer screen simply by thinking about the movement of his own hand. Sensors implanted in T11's motor cortex measured patterns of neuronal firing which reflected his intended hand movement allowing him to move the cursor around on the screen and click it at his desired locations. These brain signals were recorded and wirelessly transmitted to a computer.

That night while T11 slept at home activity in his motor cortex was recorded and wirelessly transmitted to a computer. "What we found was pretty incredible," Rubin says. "He was basically playing the game overnight in his sleep." On several occasions Rubin notes T11's patterns of neuronal firing during sleep exactly matched patterns that occurred while he performed the memory-matching game earlier that day.

BrainGate clinical trial participant discusses research on replay in motor cortex during sleep.

"This is the most direct evidence of replay from motor cortex that's ever been seen during sleep in humans," Rubin says. Most of the replay detected in the study occurred during slow-wave sleep, a phase of deep slumber. Interestingly, replay was much less likely to be detected while T11 was in REM sleep, the phase most commonly associated with dreaming. The researchers see this work as a foundation for learning more about replay and its role in learning and memory in humans.

"Our hope is that we can leverage this information to help build better brain-computer interfaces and come up with paradigms that help people learn more quickly and efficiently in order to regain control after an injury," says Cash, noting the significance of moving this line of inquiry from animals to human subjects.



Followed Avani's inspirational story. That she has overcome hardship shows her resolve: Abhinav Bindra on Avani Lekhara



Lokendra Pratap Sahi
Senior Journalist



Abhinav Bindra.

# 'I chose wrong pathway to success, was too obsessive'

#SHOOTING

Abhinav Apjit Bindra is, by nature, reticent. He hates publicity and, during the course of a lengthy interview in Mohali, requested that nothing be presented in a manner to suggest mileage was being sought either for himself or the Abhinav Bindra Foundation.

Among the most well-dressed of athletes, always, Abhinav is best remembered for winning gold in the 2008 Beijing Olympics. It was only last August that Neeraj Chopra became the second Olympian from India to bring home an individual gold.

Excerpts from the interview…

***Q: Neeraj has been the cynosure ever since his javelin gold in Tokyo, but you remain in an exalted position. Fourteen years after you scripted history, will you reflect on the impact of that gold?***

***A:*** Fine question and I'd like to first answer on a personal level. I retired from active sport in 2016 and am now able to look back at my career more dispassionately than when I was still competing. While I was at it, I had that single tunnel vision. When I look back, I don't stop at my Olympics gold or the other wins. Rather, I look back on the relationships I built, starting with my parents (Apjit and Babli). Also, the relationships built with my coaches and other support staff. Even relationships built with competitors! What stays alive is not what the gold did to me, but the sort of person I became in winning that medal.

***Q: What's the 'sort of person' you became?***

***A:*** Sport has been my biggest teacher.It taught me how to win, but more importantly, how to lose. Sport taught me honesty, integrity, taught me to set goals and how to achieve them. Taught me a lot about respect, about learning to respect rules, learning to respect ethics, learning to respect people in general. And, of course, sport taught me to respect my own self. Taught me a lot about self-respect. Indeed, sport became a medium to achieve self-respect.

***Q: That's a long list, Abhinav…***

***A:*** Let me add… Sport taught me to deal with conflict too. To deal with the internal conflict which existed throughout my career.

***Q: What do you mean by 'conflict'?***

***A:*** My greatest conflict was self-doubt. Shooting is a lonely sport and a constant companion throughout my 22 years as an athlete was self-doubt. I'd wake up every morning doubting my ability.

***Q: Felt that way even on the morning you won gold?***

***A:*** Of course.

***Q: What was uppermost the next morning, after becoming India's first individual gold medallist?***

***A:*** (Grins) Other doubts started coming to the fore! Sport, however, taught me to deal with doubts. Everything I've learnt will stay alive in whatever I do in life… That's my answer, on a personal level, to your first question.

***Q: The other level?***

***A:*** At a larger level, maybe institutional… Looking back, my gold did have an impact when you talk of India's prowess in the arena of sport. The greatest impact has been on athletes, who have begun to aim higher. Today, India's athletes believe they too can win gold in the Olympics. That, I believe, has been my biggest contribution. Additionally, the investment of the (Central) Governmentin my sport has increased manifold. Not only have performances improved, participation at National-level competitions has gone up significantly. When I began shooting, Nationals would feature around 200 athletes. Now, 10,000 line up to compete and another 10,000 are waiting to qualify. I find that remarkable. Not for a moment, however, am I suggesting I alone made the difference.

***Q: Your gold has triggered awareness, which has naturally had an effect on multiple fronts…***

***A:*** Awareness, yes. Today, athletes get more support financially, which is a critical element. Slowly, but surely, sport is becoming a priority for every stakeholder. A lot more of the young are into sport, either professionally or recreationally. The stakeholders, be it the Government or corporate houses or the Media, cannot ignore this reality.

***Q: Till Neeraj's gold, had you been feeling lonely at the top?***

***A:*** Sure, I wanted to win gold in the Olympics, but I didn't want to be the only Indian with that medal around his neck. Wherever I went in the world, I'd be introduced as 'India's only individual gold medallist in the Olympics'. That had almost become embarrassing. I was delighted with Neeraj's achievement and hope more will follow. We're on the right track.

***Q: Is there a competition or moment you felt perfection or excellence had been achieved?***

***A:*** I'm a perfectionist by nature…There were a couple of occasions when I came close to perfection… I didn't win in the 2004 Athens Olympics, but I doubt if my shooting had ever been better… Again, I didn't win anything in Rio (2016), but felt satisfaction. You can achieve perfection in training, rarely if ever, in competition. If you chase perfection in a competitive environment, in competition, you can never win. I achieved goals… Was the World champion, the Olympics champion… But I actually chose the wrong pathway to success.

***Q: Really? That's a massive admission…***

***A:*** Well, yes… I achieved big goals, but not my fullest potential. I was too one-dimensional in striving to win… Was too obsessive, which led to a lack of balance. A different pathway may have produced better results.

***Q: Believe in destiny?***

***A:*** Whatever is in store, is in store. More than destiny, I've believed in hard work. Destiny plays a part, but depend on hard work for success.

***Q: What did you make of Neeraj, the person, when he called on you after Tokyo?***

***A:*** I'd met Neeraj once before… He loves his discipline, loves his craft and the process of what he does. The shortest way to success is hard work and Neeraj has done that. I found him interested in improving, in honing his craft. That being Neeraj's attitude, he will continue to do well. He's young (24).

***Q: You gifted Neeraj a puppy. Why not something else?***

***A:*** Frankly, I didn't know what to present Neeraj with… I did some checking and spoke to Manisha Malhotra (head of Sports Excellence at JSW Sports). I learnt he was looking for a puppy, so I gifted a golden retriever, Tokyo.

***Q: Do you still have a pet beagle?***

***A:*** I have three pets: Henry (beagle), Luna is my lab and Tecno the cocker spaniel.

***Q: It's not unusual for athletes to seek guidance before major competitions. What do you tell them?***

***A:*** I don't give advice. Everybody has to craft their own course, their own journey. What I do offer and share are my experiences.Things that I did well, things I didn't do well. I share my story in the hope it resonates with them. Why don't I give advice? Because I'm not the type to enforce, say you have to do this or that. If any athlete has questions arising out of my experiences, then I do dwell deeper and try to give answers.

***Q: Looking ahead, who is the one shooter who may make headlines like you did?***

***A:*** I'm spoilt for choice, it's impossible to pick one. The depth of talent in India is immense, which augurs well. Naturally, the shooters need to be well looked after, as they're in the stage of development. Tokyo was unfortunate, but should be treated as a learning experience. There were errors in preparation before the Olympics, other errors as well. Maybe certain things were taken for granted. Remember, at the top level, it's impossible to have a mindset sans pressure.

***Q: Have you followed Jaipur-based Paralympian shooter Avani Lekhara's career?***

***A:*** Followed Avani's inspirational story, certainly. That she has overcome hardship shows her resolve. Society can learn much from Avani, as also other Paralympians.

***Q: Could shooting become a less expensive sport?***

***A:*** Any sport at the highest level is expensive and shooting will remain in the niche category, not become a mass sport like cricket or football. But, if you go to a National event, you'll find shooters from different segments of society. The participants aren't only from an elite background… There are now more shooting ranges in India, equipment is more accessible. There was a timewhen shooting was elitist. Not today.

***Q: Badminton has been bringing much joy to us in India. From the outside, what do you think has driven success?***

***A:*** I'm not involved, so maybe I'm not the right person to talk. However, from the outside, my view is that the effort has been collective. Prakash Padukone early on, then Pullela Gopicand much later, have played their part. The quality of coaches and academies has contributed as well. The Badminton Association of India and its president (Assam CM Himanta Biswa Sarma) have been proactive, which must have helped. To succeed, you have to follow a process. Cannot be overnight.

***Q: What's needed to succeed?***

***A:*** You've got to embody integrity and be honest in everything you do. To succeed, you also need to stay on the right path, not develop habits which can pull down your performances.

***Q: Is there a sport you follow with some interest?***

**A:** Urban sport, especially after witnessing them during the Youth Olympics in Argentina… Some of the disciplines under the urban sport umbrella, like breakdancing, find a place in slums too, where zero investment is required. You don't need infrastructure... Streets and slums suffice. One has to move with the times. While traditional sport will always have a handsome following, the time to enjoy urban sport isn't far off. The International Olympic Committee (IOC) has, by the way, added breakdancing in the Paris Olympics in 2024. Moreover, the 2028 Olympics in Los Angeles will feature three urban sport -skateboarding, surfing, sports climbing.

***Q: You also follow tennis, don't you?***

***A:*** Roger Federer and Rafael Nadal, in particular. I've enjoyed their rivalry, enjoyed their Grand Slam wins. Both have been great masters of their craft… Different types of players, but having enormous respect for each other. Sport teaches you to respect.

***Q: What's a normal day for you like?***

***A:*** I believe in having a routine and following it. That keeps my mind fresh. My Foundation and my businesses keep me busy. I'm on the Athletes Commission, so there's work there. Plus, things I'm passionate about keep me busy too.

***Q: The branding of your mightily impressive office, in Mohali, says 'Abhinav Futuristics'. That must be one of your businesses…***

**A:** 'Abhinav Futuristics' is working on transitional health care.

***Q: There was, at one point, talk of an Abhinav Bindra Academy…***

***A:*** I don't have any academy with my name… I do, however, have projects in Odisha.

***Q: Why Odisha and not any other State?***

***A:*** Let's say the concerned people in Odisha were proactive, not that I wouldn't like to be engaged in projects in other States as well. In Odisha, the push is towards empowering society through sport.

***Q: You've been passionate about working with refugee shooters…***

***A:*** In partnership with Niccolo Campiani… Till the three shooters became Olympians in Tokyo, they only had the status of refugee. Now, each one of them is an Olympian. Today, therefore, they have a different identity. It's a project I felt strongly about.

***Q: This is the 75th year of India's Independence. Is there a pledge which needs to be taken?***

***A:*** The demographics are such that India is a young nation and the youth consumes more sport… I'd like the young to draw inspiration from sport, the values of sport… I've already mentioned integrity and honesty being pillars of success. Add respect and the setting of goals… If everything falls in place, India will be a richer and healthier nation.

***Q: Was your family affected by Partition?***

***A:*** Yes, of course.

***Q: Your take on the India of 2022 and beyond?***

***A:*** (Passionately) I'll answer in the context of sport… I believe the next two decades will belong to sport and its impact on society much more meaningful.

***Q: As we end this Q&A… You'll turn 40 in September. Isn't there 'pressure' from the family to take the plunge?***

***A:*** Sometimes, my parents do talk to me about marriage… I'll take that road when the time is right.

writetoarbit@rashtradoot.com



Abhinav Bindra with the 10-m rifle event gold in the Beijing Olympics, 2008.



Abhinav Bindra with IOC president Thomas Bach.



Abhinav Bindra with niece Naintara and pet Tecno.



Neeraj Chopra and Abhinav Bindra, with the puppy gifted by the latter.

#MARINE-LIFE

# Whales Learn Songs From Each Other



"By listening to the Australian humpback population, we were able to see if the songs changed in any way when sung by the New Caledonian whales," Dr Allen said.

University of Queensland led the study that has found humpback whales can learn incredibly complex songs from whales of other regions.

Dr Jenny Allen, whose doctoral work at UQ's School of Veterinary Science led to the study, said researchers had found New Caledonian humpback whales could learn songs from their counterparts from Australia's east coast with remarkable accuracy.

"This really indicates a level of 'cultural transmission' beyond any observed non-human species," Dr Allen said.

The study looked closely at the song patterns of male humpback whales from each region between 2009 and 2015, to examine how culture transmits between the populations works. Dr Allen said the complexity of the songs was determined by measuring both the number of sounds the whales made and the length of the sound patterns.

"By listening to the Australian humpback population, we were able to see if the songs changed in any way when sung by the New Caledonian whales," Dr Allen said. "We found they actually learned the exact sounds without simplifying or leaving anything out."

"And each year we observed them as they sang a different song, so it means humpback whales can learn an entire song pattern from another population very quickly, even if it's complex or difficult."

The findings supports the idea that songs are being learned by whales on shared migration routes like New Zealand or shared feeding grounds like Antarctica.


"It's rare for this degree of cultural exchange to be documented on such a large scale in a non-human species," Dr Allen said. "We hope these findings provide a model for further study into understanding the evolution of cultural communication in animals and humans."

While humpback whales have recently been taken off the endangered species list, Dr Allen said their populations still need to be carefully managed and these findings could help. "Having an in-depth understanding of a species is known to have greatly improve the efficacy of conservation and management methods," Dr Allen said.

"We now have a more holistic picture of the behaviours, movements and interactions of different humpback whale populations, including how they transmit culture. It means we're better equipped to protect them against many threats they face as our climate and planet continue to change."




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बेटों को अब करना होगा अपनी वृद्ध माता का भरण-पोषण

**उदयपुर**, (कासं)। मावली एसडीएम सुनील शर्मा की संवेदनशीलता के कारण एक 69 वर्षीय वृद्धा को त्वरित न्याय मिला और अब उसके बेटों को भरणपोषण करना होगा।

एसडीएम शर्मा ने बताया कि वृद्धा ने प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि

- **मावली एसडीएम की संवेदनशीलता से वृद्धा का हो पाएगा भरण-पोषण**

उसके दो बेटे हैं, लेकिन भरण पोषण में सहयोग नहीं कर रहे, जिस वजह से जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है। एसडीएम ने भी संवेदनशीलता दिखाई और त्वरित गति से महज 40 दिनों के अन्दर ही फैसला सुना कर दोनों बेटों को भरण पोषण के आदेश दिए।

जानकारी के अनुसार मावली एसडीएम सुनील शर्मा के पास मावली तहसील के सनवाड सदर बाजार निवासी 69 वर्षीय वृद्धा प्रेम सोनी पति स्व.रामेश्वर सोनी पहुंची और अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 अंतर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। वृद्धा ने बताया कि उसके दो पुत्र हैं। एक पुत्र भारत सोनी तहसील गिरवा के भैंसरोडगढ़ की हवेली स्थित मोती चौहटा में रहता है, तो वहीं दूसरा दशरथ सोनी पुत्र मावली के सनवाड में निवास कर रहा है। वृद्धा ने बताया कि जब उसने अपने दोनों पुत्रों से जीवनयापन के लिए खर्चा देने के लिए कहा तो छोटे पुत्र द्वारा लड़ाई-झगड़ा किया गया, जबकि उसके दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं और ये तीनों ही भरण पोषण में सक्षम है। प्रार्थना पत्र को 31 मई को पंजीकृत करने के बाद नोटिस देकर दोनों बेटों को एसडीएम ने बुलाया। वृद्धा के पुत्र भरत सोनी ने बताया कि वह होमगार्ड होने के साथ इलेक्ट्रिक का काम करते हुए मासिक लगभग तीस हजार रूपए कमा रहा है एवं दूसरे बेटे दशरथ सोनी ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में कार्यरत होकर नौ हजार रूपए मासिक कमा रहा है। दोनों पुत्रों ने अपना पक्ष एसडीएम के सामने रखा। पुत्र भरत सोनी ने बताया कि उसकी माँ उसके साथ रहने को तैयार नहीं है, फिर भी वह अपनी हैसियत से कभी एक हजार तो कभी एक हजार पांच सौ रूपए माँ को भेज रहा है। इधर दूसरे पुत्र दशरथ सोनी ने बताया कि करीब पंद्रह दिन पहले ही माँ से किराए के घर से उसे बाहर निकाल दिया है और वह अलग रह रहा है। वह नौ हजार मासिक कमा रहा है जिसमें ज्यादा कुछ नहीं बच पा रहा है। दोनों पक्षों की पीड़ा को सुनने के बाद एसडीएम ने फैसला सुनाते हुए आदेश दिया कि पुत्र भारत सोनी द्वारा उसकी वृद्ध माता प्रेम सोनी के हर माह 1500 रूपए उसके बैंक खाते में भेजे जाएंगे। इसी प्रकार दूसरे पुत्र दशरथ सोनी द्वारा माता की देखभाल, बीमार होने पर अस्पताल ले जाना, खिलाना-पिलाना आदि कार्य किए जाएंगे।



**उदयपुर में वृद्धा को आदेश की प्रति सौंपते एसडीएम सुनील शर्मा।**

## सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा

**अजमेर**, (कासं)। अजमेर की क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने सहायक आचार्य सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने पहुंचे मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा इस परीक्षा को लेकर दो लाख रूपए लिए और परीक्षा के दौरान हस्ताक्षर मिलान व दस्तावेज नहीं मिलने पर पूरे मामले का खुलासा हो सका।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी रवीश सामरिया ने बताया कि 8 जुलाई को आरपीएससी की ओर से सहायक आचार्य सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का एक केंद्र एचकेएच स्कूल में भी था जहां पर जालौर निवासी ठाकराराम को परीक्षा देने आना था लेकिन उसके स्थान पर जालौर का ही रहने वाला उसका दोस्त जालाराम परीक्षा देने पहुंचा। परीक्षा केंद्र पर लगे शिक्षकों को परीक्षार्थी संदिग्ध दिखने पर उन्होंने दस्तावेज का मिलान करवाया और हस्ताक्षर भी करवाए। इसके बाद फोटो पहचान पत्र और अन्य जानकारियां मांगी तो जलाराम कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। जिसके बाद इस मामले में एचकेएच स्कूल प्रबंधन ने उच्चाधिकारियों को जानकारी देते हुए प्राचार्य मधु गोयल ने क्रिश्चियन गंज थाने में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

# नियम विरुद्ध पेट्रोल पंप की एनओसी जारी करने पर कलेक्टर से शिकायत

**नसीराबाद**, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79ए पर स्थित निकटवर्ती ग्राम दिलवाडी निवासी मनोहर गोपाल शर्मा ने जिला कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया कि गत 5 जनवरी को ग्राम दिलवाडी में इंडियन ऑयल के नए पेट्रोल पंप के निर्माण के लिए एनओसी जारी की गई है।

जिसमें नियमों का ध्यान नहीं रखा गया जिसे निरस्त करने की मांग करते हुए बताया कि ग्राम दिलवाड़ी में खसरा नंबर 1957/1278 पर पेट्रोल पंप निर्माणाधीन जिसके पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 79 ए से ग्राम आशापुरा के लिए रोड निकल रही है इस तिराहे पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप मात्र 52 मीटर की दूरी पर ही है जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग के नियम अनुसार यह दूरी 300 मीटर होनी चाहिए साथ ही निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के निकट ही आवासीय मकान बने हुए हैं जिससे पेट्रोल पंप पर दुर्घटना होने की स्थिति में आमजन की जानमाल का खतरा बना रहेगा।

वही राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमानुसार दो पेट्रोल पंप के बीच की दूरी कम से कम 300 मीटर होनी चाहिए परंतु उक्त नियम की अनदेखी करते हुए मात्र 26 मीटर पर एक स्थित इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप पहले से ही होने के बावजूद उक्त नए पेट्रोल पंप के लिए अनापत्ति जारी की गईं। उक्त निर्माणधीन पेट्रोल पंप के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग की पुलिया उतर रही है और आशापुरा रोड का तिराहा भी नजदीकी होने से उक्त निर्माणाधीन पेट्रोल पंप से दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बढ़ ने से भी मना नहीं किया जा सकता।


इस निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के विस्फोटक सेफ्टी नियमों की पूर्ण पालना किए बगैर ही जमीन में पेट्रोलियम पदार्थ खाली करने हेतु टंकियां भूमि में गाड़ी गई है। वही शिकायतकर्ता ने जिला कलेक्टर सहित अन्य उच्चाधिकारियों को निर्माणधीन पेट्रोल पंप के संचालन से पूर्व पत्रावली और मौके की भौगोलिक स्थिति व नियमों की उन्हें जांच करने की मांग करते हुए एनओसी निरस्त करने की मांग करते हुए शिकायतकर्ता ने बताया कि अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही नहीं किए जाने पर न्यायालय की शरण में जाने की बात कही।




# विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर 151 फीट की तिरंगा रैली निकाली

**गंगापुर सिटी** (निस)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गंगापुर सिटी की ओर से परिषद के 74 वें स्थापना दिवस पर 151 फिट तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

एबीवीपी के जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, मुख्य वक्ता प्रांत सह संगठन मंत्री उपमन्यु राणा ओर विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति शिवरतन गुप्ता रहे। 151 फिट तिरंगा रैली हायर सैकेंडरी पार्क से शुभारंभ करके कचहरी रोड मेन बाजार में होते हुए बालाजी चौक पर समापन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथी पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज भी देश के अनगिनत छात्रों को देशहित में काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है और साथ ही साथ उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों का बोध भी करवाता रहा है। इस संगठन के स्थापना दिवस को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य वक्ता प्रांत सह संगठन मंत्री उपमन्यु राणा ने कहा कि आज का दिन हर भारतीय छात्र को उनकी शक्ति का एहसास दिलाने का दिन है, इस अनुभूति का दिन है की छात्र चाहें तो देश की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकते हैं। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री अभिमन्यु, विभाग संयोजक अजय, जिला प्रमुख धर्मवीर मीणा,जिला संयोजक सीताराम गुर्जर, रवि शर्मा, मनोज सैनी, विकास शर्मा, अभिलेश शाक्यवाल, एबीवीपी के पूर्व जिला सह संयोजक नागेश शर्मा, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंकित जोशी, पार्षद बबलू चौधरी, देवेंद्र , प्रेम सिंह सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामकेश सैनी, सिया ठाकुर, सरोज महावर, धर्मराज प्रजापत, अभिषेक शर्मा मौजूद थे।


**गंगापुर सिटी में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली।**

# करौली में हिन्दू समाज का शांति जुलूस 15 को

**करौली** (निंस.) पूर्व में करौली व उदयपुर में हुई घटना के विरोध में करौली जिले के सर्व हिन्दू समाज की ओर से 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे एकत्र होकर शांति पूर्वक जुलूस के रूप में शहर से होकर कलेक्ट्रेट पहुचेंगे। वहां सिटी पार्क में दिवंगत कन्हैया लाल साहू को श्रद्धांजलि व हनुमान चालीसा का पाठ व कलेक्टर के माध्यम से कन्हैया के हत्यारों को फांसी की सजा के लिए राज्य सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू जन उपस्थित रहे उसके आव्हान बैठकों के लिए भाजपा नेता डॉ.लोकेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में धांधूपुरा, गुनेसरी, कीरतपुरा, हजारीपुरा, रतनपुर, देहमोली, रघुवंशी, मोहनपुर, सेसरीपुरा, पेटोली, सायपुर और कीरतपुरा गांवों में जनसम्पर्क कर लोगों से 15 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में करौली पहुंचने का आव्हान किया । इस आव्हान में डॉ. चतुर्वेदी के साथ भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, पूर्व विधायक सुरेश मीना, भाजपा नेता कैलाश शर्मा

- **कलेक्टर के माध्यम से कन्हैया के हत्यारों को फांसी की सजा के लिए सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा**

हरदैनिया, धर्म रक्षा समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सीमंतिनी चतुर्वेदी, पूर्व डायरेक्टर धर्मचंद चतुर्वेदी, सायपुर मंडल अध्यक्ष नंद कुमार चतुर्वेदी, पंचायत समिति डायरेक्टर महेंद्र सिंह जादौन, चंदन सिंह गुर्जर, वरिष्ठ कार्यकर्ता हितेश गठान, वरिष्ठ वकील धर्मेंद्र चतुर्वेदी, बूथ अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, ललित चतुर्वेदी, सोनू चतुर्वेदी, गोविन्द, शिव सिंह जाट, वैधनाथ, ब्रज लाल, देवेन्द्र, रामवीर गुर्जर, प्रताप जाट तथा क्षेत्र के सभी हिन्दू संगठनों, भाजपा व राष्ट्रवादी प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ साथ सभी समाज के पटेल, युवा, महिलाएं के साथ बैठकें कर आगामी 15 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुचने का आव्हान किया।

# बांधों को ईआरसीपी की योजना में शामिल कर केंद्र को प्रस्ताव भिजवाएं : डॉ. किरोड़ी

**करौली** (निंस.)। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर 13 जिलों के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि आप 13 जिलों की जनता के हितैषी हैं तो 13 जिलों के सभी बांधों को इआरसीपी की योजना में शामिल कर केंद्र को प्रस्ताव भिजवाए।

डॉ. मीणा ने बताया कि चंबल उसकी सहायक नदियां कुन्नू, कूल, पार्वती एवं कालीसिल, केसर प्लस पानी को राजस्थान के 13 जिलों में लाने के लिए उक्त योजना बनी है। इस समय यह योजना महत्वपूर्ण होने के कारण बहुत ही चर्चा में है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में मैंने आपको गत 15 अप्रैल को एक पत्र लिखा था इतने महत्वपूर्ण पत्र प्राप्ति की जानकारी तक आपके कार्यालय से मुझे नहीं दी गई। इससे पता लगता है कि आप इसके प्रति कितने गंभीर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि 13 जिलों के कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को बुलाया है और हमें इसका पता ही नहीं लगा है इससे स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री इनके जरिए 13 जिलों के लोगों को गुमराह करना चाहते हैं ।

उन्होंने बताया कि जिला दौसा में सिंचाई विभाग के 13 बड़े बांध हैं तथा ग्राम पंचायतों में भी दर्जनों बड़े-बड़े बांध हैं । दौसा जिले में एक बांध मोरल को छोड़कर अन्य 12 बांधों में से किसी भी बांध को ईआरसीपी से नहीं जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि दौसा जिले को इस योजना से सिंचाई के लिए एक बूंद पानी भी नहीं मिलने वाला है। इसी प्रकार भरतपुर जिले में मात्र एक बांध बंध बारैठा,अलवर जिले में भी एक बांध जयसमंद,जयपुर जिले में 3 बांध कानोता एवं रामगढ़ , सवाई माधोपुर जिले में तीन बांध पांचोलास, मूवी एवं सूरवाल तथा करौली जिले में 3 बांध कालीसिल, पांचना, जगर को इस योजना से जोडा गया जबकि इन प्रत्येक जिलों में दर्जनों बांधों को छोड़ दिया गया है।

उन्होंने बताया कि दौसा की भांति अलवर, भरतपुर,जयपुर, करौली, बूंदी, टोंक, अजमेर आदि जिलों में एक बूंद पानी भी इस योजना से सिंचाई हेतु नहीं मिलने वाला है। कई जगह तो पीने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है । उन्होंने कहा की इन जिलों के सभी बांधो को ईआरसीपी की इस योजना से जोड़ने की क्या उचित मांग नहीं है।

उन्होंने बताया कि यह सर्व विदित है कि केंद्रीय जल आयोग 75प्रतिशत जल निर्भरता पर राष्ट्रीय परियोजना घोषित करता है। यह प्रावधान भी केंद्र ने कांग्रेस के राज में किया था। लेकिन देश में आज तक कोई भी ऐसी राष्ट्रीय परियोजना स्वीकृत नहीं की गई जो 75 प्रतिशत जल निर्भरता से नीचे हो राज्य सरकार ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा है वह 50 प्रतिशत जल निर्भरता का भेजा है जो तकनीकी रूप से उपयुक्त नहीं है ।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भी चाहती है कि आप 75 प्रतिशत जल निर्भरता का प्रोजेक्ट केंद्रीय जल आयोग को भेजें। जिससे सीडब्ल्यूसी के मापदंडों की एक शर्त को पूरा किया जा सके।

## तलवार के हमले से दो युवक घायल

**नसीराबाद**, (निसं)। नसीराबाद सिटी थाना अंतर्गत बड़ी मंडी क्षेत्र में शनिवार को युवकों में हुए झगड़े में तलवार के हमले से दो युवक घायल हो गए। इस पर गाड़ी मोहल्ला निवासी फिरोज ने सिटी थाना में रिपोर्ट देते हुए बताया कि शुक्रवार को बड़ी मंडी निवासी रोशन से उसके भाई फारुख की किसी बात को लेकर बोलचाल हो गई थी जिस पर फिरोज अपने भाई फारुख और मां कनीजा के साथ रोशन के घर समझाइश के लिए गए थे जीस पर रोशन सद्दाम मुन्ना महबूब नफीसा और रहीसा ने तलवार चाकू और सरिए से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे फारुख और फिरोज घायल हो गए। वही फारुख के सर में तलवार से गंभीर चोट लगने पर उसे नसीराबाद हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर कर दिया सिटी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी।


# उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज : सीआरएस निरीक्षण पूरा, ट्रायल ट्रेन चलाई

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद के करीब 299 किलोमीटर के सफर की नई राह अब जल्द ही खुलने वाली है। इस मार्ग पर शेष बचे खारवाचांदा-जयसमंद के बीच 31.5 किमी ट्रैक का दो दिन में निरीक्षण पूरा कर लिया गया है।

पहले दिन शुक्रवार को खारवाचांदा से जावर तक आधे ट्रैक का निरीक्षण किया गया उसके पश्चात आज शनिवार को जावर से जयसमंद तक ट्रॉलियों में बैठ सीआरएस अधिकारियों ने हर जगह को बारीकी से देखा और परखा। शनिवार को टॉलियों से निरीक्षण के बाद इस ट्रैक पर ट्रायल ट्रेन चलाई गई। इस सीआरएस निरीक्षण के लिए वेस्टर्न सर्कल मुंबई के रेल संरक्षा आयुक्त आरके शर्मा शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे थे और उनके साथ रेलवे अधिकारियों की टीम ने दो दिन में इस ट्रैक का निरीक्षण किया। आमान परिवर्तन खुलने की राह में यह आखिरी सीआरएस था जिसे पूरा कर लिया गया है। अब सीआरएस रिपोर्ट के आधार पर ट्रेन के संचालन की अनुमति दी जाएगी। इस पूरे मार्ग पर 22 रेलवे स्टेशन बनाए गए है। वहीं कई छोटे-बड़े पुल भी बनाए गए है।

संभवत: अगस्त माह में उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज का सफर शुरू हो जाएगा। वर्तमान में यह ट्रेन डूंगरपुर से असारवा (हिम्मतनगर) तक चल रही है। ऐसे में अब कदम-कदम आगे बढ़ते हुए उदयपुर तक पहुंच गई है। काफी लंबे समय से इस पल का लोग इंतजार कर रहे है।

इस मार्ग पर ट्रेन चलने से हम सीधा दक्षिण से जुड़ जाएंगे। हालांकि दक्षिण से सीधा नेटवर्क तब ही हो पाएगा जब इसका मार्ग पर विद्युतीकरण का काम पूरा होगा। इधर, जावर से उमरड़ा स्टेशनों व मार्ग पर विद्युत पोल व स्टेशन पर फर्शी व ट्रेक पर आने जाने के लिए सीढ़ियां व पाथ-वे भी तैयार हो चुके है और जो फर्श पर टाइल्स व अन्य कार्य उन्हें भी जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा।


**उदयपुर में उदयपुर-अहमदाबाद बॉडगेज के खारवाचांदा-जयसमंद के सीआरएस निरीक्षण का काम दो दिन में पूरा हुआ। अब इसकी रिपोर्ट के आधार पर यह ट्रेन चलाई जाएगी।**

# नयागांव में लेपर्ड से दहशत, गाय-बकरियों का किया शिकार

**डूंगरपुर**, (निसं)। सुराता पंचायत के नयागांव में इन दिनों तेंदुए (लेपर्ड) के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। डर के कारण लोग रात को किसी काम से बाहर नहीं निकल पाते हैं और ग्रामीणों के मवेशियों की जान भी खतरे में हैं। आए दिन मवेशियों के शिकार से परेशान ग्रामीण सुबह सुराता सरपंच महीपाल रोत के नेतृत्व में डूंगरपुर पहुंचे और वन विभाग के ऑफिस में उपवन संरक्षक से तेंदुए को रेस्क्यू करने की गुहार लगाई।

सरपंच महीपाल रोत ने बताया कि नयागांव में जंगली जानवरों के चलते दिन-रात ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। गांव के पास कई माइंस है, जहां पर तेंदुए और अन्य जंगली जानवरों ने अपना ठिकाना बना लिया है। तेंदुए और अन्य जंगली जानवर मवेशियों का शिकार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों तेंदुए व दूसरे जंगली

- **ग्रामीणों ने उपवन संरक्षक से जंगली जानवर का रेस्क्यू कर सुरक्षा देने की गुहार लगाई**
- **नयागांव में जंगली जानवरों के चलते दिन-रात ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है**

जानवरों ने 2 बैल, 2 गाय और 16 बकरियों का शिकार किया है।

ग्रामीणों ने कहा कि जंगली जानवर लोगों पर भी हमला कर सकते हैं। ग्रामीणों ने उपवन संरक्षक से जंगली जानवर का रेस्क्यू कर सुरक्षा देने की गुहार लगाई है।

## सभापति के खिलाफ साजिश रचने का आरोप

मदनगंज-किशनगढ ,(निसं)। राजपूत समाज की बैठक में नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड के खिलाफ राजनैतिक साजिश रचने का आरोप लगाया। दरअसल विधायक सुरेश टाक और सभापति राठौड के बीच राजनैतिक वर्चस्व को लेकर खींचतान चल रही है। एक होटल का पट्टा जारी करने के बाद विधायक ने डीएलबी में शिकायत कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया, जिसके चलते डीएलबी ने आयुक्त सहित 9 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जयपुर तलब कर दिया। राजपूत समाज की मीटिंग में विधायक व होटल मालिक के बीच हुई बातचीत का ऑडियो जारी किया गया। ऑडियो में विधायक द्वारा सभापति से दुश्मनी होने की बात बताई जा रही है। चर्चा है की पट्टा प्रकरण को लेकर सभापति राठौड पर भी निलंबन की कार्यवाही हो सकती, पर फिलहाल इनको नोटिस नहीं मिला है।

# गिर नस्ल के लिए अजमेर बनेगा आदर्श

**अजमेर**, (कासं)। गाय की देसी नस्ल के लिए अजमेर डेयरी द्वारा किए जा रहे प्रयासों से शीघ्र ही गिर नस्ल के लिए अजमेर आदर्श क्षेत्र बनने जा रहा है। अजमेर डेयरी द्वारा इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आगामी एक अगस्त से गीर नस्ल का सेगरीकेटेड सीमन पशुपालकों को उपलब्ध कराया जाएगा।

अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने शनिवार को मीडियाकर्मियों से चर्चा करते समय कहा कि काफी वर्षों के अथक प्रयासों के बाद अजमेर डेयरी को ऐतिहासिक सफलता मिली है। आगामी एक अगस्त से गीर बछड़ियों के सेक्स सोर्टेड सीमन का अजमेर जिले में वितरण प्रारम्भ कर दिया जाएगा। इसके लिए गुजरात के महसाणा डेयरी द्वारा निर्मित सेगरीकेटेड सीमन डोज 5 हजार की संख्या दिए गए हैं। इसकी प्रत्येक खुराक पर 690 रूपये का खर्चा आया है। इसमें से प्रति डोज 500 रूपये का अनुदान अजमेर डेयरी द्वारा वहन किया जाएगा। कृत्रिम गर्भाधान का खर्चा सम्बन्धित दुग्ध समिति द्वारा वहन किया जाएगा। पशुपालक से मात्र 190 रूपये लिए जाएंगे। इस कार्य को सफल बनाने के लिए जिले की लगभग 300 बीएमसी समितियों पर यह व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। वहां पर

- **अजमेर डेयरी 1 अगस्त से गिर बछड़ियों का सीमन उपलब्ध कराएगी**

लिक्विड नाइट्रोजन सिलेंडरएवं अरगड़ा संघ द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए दुग्ध समिति स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह सीमन डोज गुजरात की उन्नत नस्ल के गिर सांड़ो से महसाणा दुग्ध डेयरी द्वारा तैयार की जा रही है। वर्तमान में सम्पूर्ण गुजरात में यही डोज काम में ली जा रही है। जिसका 90 प्रतिशत परिव्यय सफल पाया गया है। इसके उपयोग से गाय में 90 प्रतिशत संभावना बछड़ी पैदा होने की रहती है। इस प्रकार भविष्य में बेसहारा सांडो एवं अन्य गोवंश की समस्या से किसानों को छुटकारा मिलेगा।

अजमेर जिले के समस्त पशुपालक इस व्यवस्था का भरपूर फायदा उठा सकते हैं। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से अजमेर जिले को देश में गिर नस्ल के उन्नत पशु नस्ल का हब बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अजमेर डेयरी को आधुनिक तकनीकी की और अग्रसर करने के लिए अजमेर डेयरी में सीसीटीवी कैमरा प्रणाली का उद्घाटन किया गया। इस तकनीक से नये प्लांट के प्रत्येक विभाग एवं दूध की प्रत्येक उत्पाद लाईन को इससे जोड़ा गया है। इस पद्धति से अध्यक्ष एवं प्रबन्ध संचालक अपने कक्ष से निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग कर सकते है। आवश्यकता पड़ने पर इण्टरकॉम के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियों का तत्काल दिशा-निर्देश भी जारी कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि शनिवार को सम्पन्न हुई संचालक मण्डल की बैठक में दुग्ध के क्रय मूल्य पर 31 जुलाई को पुर्नविचार करने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबन्ध संचालक को अधिकृत किया गया।

अजमेर डेयरी के प्रबंध संचालक मदनलाल ने बताया कि इसी तरह अगस्त माह में जिले के समस्त सचिवों, अध्यक्षों एवं समस्त बैंकों के शाखा प्रमुखों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें पशुपालक क्रेडिट कार्ड योजना की प्रभावी ढंग से लागू करने एवं जिले के अधिक से अधिक पशुपालकों को ऋण व्यवस्था से जोड़कर जिले में दूधारू पशुओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे नये प्लांट को आवश्यकता अनुसार दूध की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## मृतक के वारिसों को 48 लाख 56 हजार रूपये का अवॉर्ड पारित

**सादुलपुर**, (निसं)। न्यायालय मोटरयान दावा अधिकरण क्रम संख्या-2 राजगढ (चूरू) ने लगभग तीन साल पुराने एक सडक दुघर्टना के मामले में 48 लाख 56 हजार रूपये का अवॉर्ड पारित किया है। प्रकरण में पैरवी कर रहे अधिवक्ता चरणसिंह पूनियां नें बताया कि न्यायालय मोटरयान दावा अधिकरण क्रम संख्या-2 राजगढ (चूरू) के पीठासीन अधिकारी लतिका दीपक पाराशर ने क्लेम याचिका चन्द्रकला आदि के पक्ष में 48 लाख 56 हजार रूपये का अवॉर्ड पारित किया है। प्रकरण अनुसार मृतक राजेश कुमार पुत्र रिछपाल जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू 15 जून 2019 को प्रात: 9 बजे अपनी मोटरसाईकिल को लेकर अपने घर से बस स्टेण्ड की तरफ एन.एच. 52की ओर जा रहा था, ज्योहि मृतक राजेश कुमार एन.एच. 52 के पास पहुँचा तो सामने से आ रही एक कैम्पर गाड़ी के चालक ने अपने वाहन से राजेश कुमार की बाइक को टक्कर मार दी।

# सैनी समाज के साथ सभी राजनैतिक दलों ने विश्वासघात किया है : डूंगरमल सैनी

**चूरू**, (कासं)। सैनी समाज के जिलाध्यक्ष डूंगरमल सैनी ने कहा है कि सैनी समाज के साथ सभी राजनैतिक दलों ने विश्वासघात किया है। जिलाध्यक्ष डूंगरमल सैनी यहां पंखा सर्किल स्थित श्रीदेवीदास हनुमान सैनी समाज छात्रावास में श्रीफुले आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से आगामी 12 जुलाई को प्रात: 10 बजे सैनी समाज जागृति एवं ज्ञापन रैली के संदर्भ में आयाजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

सैनी ने कहा कि वीपीसिंह ने जो आरक्षण दिया उसमें भी 6 प्रतिशत खा गए। उन्होंने कहा कि हमारा समाज अपनी मेहनत की खाता है, इसका सब गलत फायदा उठा रहे हैं। डूंगरमल सैनी बाबा ने बताया कि 12 जुलाई को इंद्रमणि पार्क से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक चूरू जिला सैनी समाज एक रैली निकालेगा। रैली में जिलेभर से हजारों लोग शामिल होंगे। यहां कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सैनी समाज की 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यहां फुले आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक गजानंद गौड़ ने बताया कि 12 जुलाई को चूरू जिले के सभी समाज बंधु अपने-अपने प्रतिष्ठान और सर्विस से अवकाश रखकर रैली में आएंगे। रैली के सह संयोजक विनोद सैनी ने 11 सूत्री मांगों को विस्तार से बताते हुए कहा कि सैनी समाज पूरे राजस्थान में बहुतायत संख्या में होने के बाद भी शोषित और पिछड़ा रहा है। अब सैनी समाज को भी जनसंख्या अनुपात के आधार पर 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों की तरह राज्य सरकार एक फुले बोर्ड का भी गठन करे, जिससे सैनी समाज के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदान मिल सके। रैली के सह संयोजक श्रीराम सैनी ने कहा कि सैनी समाज महात्मा ज्योतिराव फुले और मां सावित्री बाई फुले के दिखाए रास्ते पर चलता है। फुले दंपति ने दलित उत्थान और समाज सुधार के क्षेत्र में बहुत कार्य किया है। केंद्र सरकार द्वारा फुले दंपत्ति को भारत रत्न सम्मान दिया जाए। अध्यक्ष चानण मल सैनी ने कहा कि समाज की तरफ से पूरे जिले में संपर्क अभियान तेजी से चल रहा है। सैनी समाज बहुत ही शांत और अनुशासित रहा है परंतु अब अपनी मांगों को मनवाने के लिए अगर बड़ा आंदोलन भी करना पड़े तो समाज अब उसके लिए भी तैयार है। चानण मल सैनी ने कहा कि समाज का शोषण हुआ है। पूर्व अध्यक्ष ओंकार मल बालान ने चूरू जिले के सभी सैनी समाज के बंधुओं को आगामी 12 जुलाई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में चूरू के इंद्रमणि पार्क में पहुंचे।



**चूरू के सैनी समाज छात्रावास में श्रीफुले आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।**

# ग्राम विकास अधिकारी की मुख्य परीक्षा देते हुए मुन्ना भाई को पकड़ा

## कोटा शहर पुलिस को एसओजी के जरिए मिला था इनपुट

**कोटा,** (निसं)। जिले में ग्राम विकास अधिकारी की मुख्य परीक्षा देते हुए एक मुन्ना भाई को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी किसी दूसरी की जगह परीक्षा देने के लिए पहुंचा था और वह परीक्षा दे भी चुका था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। इस संबंध में कोटा शहर पुलिस को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी के जरिए इनपुट मिला था। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

अतिरिक्त कलेक्टर शहर बृजमोहन बैरवा ने बताया कि फर्जी अभ्यर्थी को सतर्कता दल ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घोड़ा बस्ती दादाबाड़ी के परीक्षा केंद्र क्रमांक 24042 का है, जहां पर अभ्यर्थी अरुण कुमार मीणा पुत्र मक्खन लाल मीणा ग्राम हीरापुरा तहसील गंगापुर जिला सवाईमाधोपुर का नम्बर आया था। उसके स्थान पर अशोक कुमार



**कोटा में वी.डी.ओ. की परीक्षा देने के बाद मुन्ना भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया।**

विश्नोई पुत्र हरिराम विश्नोई निवासी धोरीमन्ना बाड़मेर परीक्षा देने के लिए बैठा था। पुलिस उप अधीक्षक द्वितीय अंकित जैन के अनुसार मामले में

- **परीक्षा देने के बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

आरोपी के खिलाफ दादाबाड़ी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आरोपी अशोक विश्नोई असली अभ्यर्थी अरुण मीणा के नाम से ही वोटर आईडी लेकर आया था। जिस पर अशोक का ही फोटो लगा हुआ था लेकिन फोटो अरुण मीणा का ही लेकर पहुंचा था। यह फोटो मिसमैच हो गया था। स्कूल के स्टाफ का कहना है कि इसी के चलते उन्हें शक हुआ और यह फर्जी अभ्यर्थी पकड़ में आया। स्कूल के स्टॉफ का यह भी कहना है कि आरोपी को प्रवेश दे दिया था। जिसके बाद उसे पेपर तो दे दिया था क्योंकि किसी विद्यार्थी का पेपर नहीं रोका जा सकता है। ऐसे में पुलिस ने उसकी कॉपी को भी जब्त कर लिया है।

**आरोपी बीकॉम पास आउट है:-** आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया है कि वह बीकॉम पास आउट है। इसके बाद सिविल सर्विसेज की तैयारी में जुटा हुआ था। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि पांच लाख रुपए की राशि लेकर यह एग्जाम देने के लिए बैठा था।

**आरोपी ने लिया दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल का नाम:-** इस मामले में आरोपी अशोक विश्नोई ने दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल का नाम लिया है जिसने ही असली अभ्यर्थी अरुण मीणा से संपर्क करवाने का दावा किया है। हालांकि पुलिस उप अधीक्षक अंकित जैन का कहना है कि यह अभी क्लियर नहीं है कि दिल्ली पुलिस का जवान नकल गिरोह का सदस्य है या नहीं। असली अभ्यर्थी अरुण मीणा को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी है।

# मिष्ठान भण्डार पर फायरिंग, मौके पहुंचे तीनों मंत्री एवं कलेक्टर



**फायरिंग की घटना के बाद मौके पर पहुंचे मंत्रियों व पुलिस अधिकारियों ने घटना का जायज लिया।**

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर के अलवर-किशनगढ़बास तिजारा फाटक पुलिया के पास स्थित दूध मिष्ठान भंडार पर हुई फायरिंग की घटना के बाद सूचना पाकर तुरन्त मौके पर प्रभारी मंत्री बी.डी. कल्ला, केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, मंत्री शकुन्तला रावत जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी पहुंचे।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

- **अलवर-किशनगढ़बास तिजारा फाटक पुलिया के पास स्थित दूध मिष्ठान भंडार पर हुई फायरिंग**

उन्होंने मिष्ठान भंडार संचालक पूरण भगत से बातचीत कर आश्वस्त करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मौके पर एडिशनल एसपी सरिता सिंह, श्रीमन मीना को निर्देश दिए कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम तथा विशेष दल बनाकर आरोपियों को तुरन्त प्रभाव से गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष जुबेर खान, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, श्वेता सैनी, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर उपस्थित रहे।

# करीब 20 मिनिट बारिश से बाजरा, मूंग व ग्वार की फसल को मिला जीवनदान



**सादुलपुर में बरसात से पूर्व आसमान में छाये घने काले बादल।**

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर में शनिवार शाम को 2.30 बजे मॉनसून सक्रिय होता नजर आया तथा हरियाणा सीमावृती गाँवों में घनघोर घटाओं में उमड-घुमड कर तेज घने काले बादलों के साथ करीबन 20 मिनट तक कहीं अच्छी तो कहीं हल्की बारिश हुई।

इस दौरान भाकरां, खैरू बडी, खैरू छोटी, राघा बडी, राघा छोटी आदि गाँवो में 20 मिनट तक हल्की बारिश के समाचार है। क्षेत्र में भीषण गर्मी एवं लगातार पुरवाई हवा के चलने से मानसून के दौरान बोई गई ज्यादातर बाजरे की फसल दिनों-दिन नष्ट होती जा रही थी, मगर बारिश होने से एवं तथा मौसम अनुकूल होने से बाजरे तथा मूँग ग्वार की फसल को नया जीवनदान मिलेगा। मानसून के दुबारा से सक्रिय होने से किसानों के चेहरे खिल उठे।

- **भीषण गर्मी एवं लगातार पुरवाई हवा के चलने से फसल दिनों-दिन नष्ट होती जा रही थी**

# मार्बल उतारने के दौरान श्रमिक की मार्बल के नीचे दबने से मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर के रामदेव रोड अग्रसेन भवन के निकट मार्बल में फंसे श्रमिक को बाहर निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पाली के रामदेव रोड अग्रसेन भवन के निकट शनिवार सुबह ट्रक से मार्बल उतारने के दौरान अचानक काफी मार्बल श्रमिक के ऊपर गिर गया। दबने से मौके पर ही श्रमिक की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गए। कोतवाल सुरेश चौधरी ने बताया कि अरटिया गांव निवासी श्रमिक गणपतलाल हीरागर शनिवार सुबह रामदेव रोड पर मार्बल उतारने के लिए आया था। ट्रक से मार्बल उतारते हुए अचानक ट्रक ड्राइवर ने गाड़ी पीछे ली। जिससे मार्बल गणपतलाल पर गिर गय। श्रमिक मार्बल के बीच वह दब गया। एम्बूलेंस चालक सिकन्दर ने श्रमिक को जेक से मार्बल के बीच गेप कर श्रमिक को नीचे उतारा।

# पुलिस-अपराधी गठजोड़: पांच सस्पेंड, दो गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस के चालानी गार्ड के हैडकांस्टेबल और चार सिपाहियों को बंदी की मदद के नाम पर घुमाना महंगा पड़ गया है। पांचों सस्पेंड तो हुए ही है साथ ही दो पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दरअसल भीलवाड़ा में दो पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपी राजू फौजी के सहयोगी रामनिवास जाट को जोधपुर पुलिस मथुरादास माथुर अस्पताल से 7 जुलाई की रात 3 घंटे के लिए तफरी कराने ले गई थी। इस मामले में हेड कॉन्स्टेबल समेत 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जबकि दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पिछले साल भीलवाड़ा में अफीम तस्करों के साथ राजू फौजी से पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। इस मामले में राजू फौजी के सहयोगी रामनिवास जाट को गिरफ्तार किया गया था। रामनिवास जोधपुर जेल में बंद है। 24 जून को रामनिवास को पीठ दर्द की शिकायत पर जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

- **बंदी को घुमाने ले जाने के प्रकरण ने पकड़ा तूल, पुलिस जुटी जांच में**

रामनिवास के अस्पताल में रहने के दौरान एक हेड कॉन्स्टेबल समेत 5 चालानी गार्ड की ड्यूटी थी। रामनिवास अस्पताल के कोटेज वार्ड में था। इस दौरान नर्स इंजेक्शन लगाने आई तो कमरा अंदर से बंद मिला।डेढ़ घंटे तक दरवाजा नहीं खुला तो शक हुआ। ऐसे में अस्पताल का एक कर्मचारी पार्किंग के रास्ते कोजेट की खिडक़ी तक पहुंचा और खिडक़ी से अंदर जाकर कमरे का दरवाजा खोला। कमरे में न तो आरोपी रामनिवास था और उसकी सुरक्षा में तैनात चालानी गार्ड मिले। इसके बाद नर्स ने अस्पताल की पुलिस चौकी को फोन कर इसकी सूचना दी।

चौकी से पुलिस ने चालानी गार्ड को फोन किया। फोन करने के बाद चालानी गार्ड बंदी रामनिवास को लेकर वापस अस्पताल पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक चालानी गार्ड रामनिवास को उसके घर पर मिलाने के लिए ले गए थे। रामनिवास अस्पताल में 15 दिन से भर्ती है। ऐसे में जांच की जा रही है कि चालानी गार्ड कितनी बार रामनिवास को अस्पताल से बाहर लेकर गए। अस्पताल प्रशासन की ओर से पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

मामला सामने आने के बाद एसीपी चक्रवर्ती सिंह शुक्रवार रात अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चालानी गार्ड बदल दिए। बाद में कमिश्नर रविदत्त के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त विनीत बंसल ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल परसादीलाल मीणा, कांस्टेबल श्रवण, सुखवीरसिंह, सत्यनारायण व नरेन्द्र को सस्पेंड कर दिया। इन सभी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। शनिवार को शास्त्री नगर पुलिस ने दो कॉन्स्टेबल सुखवीरसिंह व नरेन्द्र को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। अन्य तीनों गार्ड की भूमिका के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। बता दें कि आरोपी रामनिवास जाट गैंगस्टर राजू फौजी का सहयोगी है।

# दो बाइकों की भिडंत, चार जने घायल

**पावटा,** (निसं)। पावटा स्थित होली डे फन होटल के सामने शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 दिल्ली जयपुर रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

इस हादसे में बाइक पर सवार चार जने अरविंद पुत्र धोलाराम निवासी चौकी गोरधनपुरा, सुनील पुत्र बाबूलाल निवासी बागावास, अंकित पुत्र मुकेश निवासी बागावास, चंदू पुत्र रामनिवास निवासी बागावास घायल हो गए। गंभीर घायलों को पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा में लाया गया जहां डॉ. अशोक बाज्या व मैल नर्स सत्यनारायण गौड व टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को गंभीर स्थिति होने के कारण कोटपुतली बीडीएम हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया। वहीं एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद करीब आधे घंटे तक घायल रोड पर तड़पते रहे लेकिन एंबुलेंस को सूचित किये जाने के बाद भी घटना स्थल पर नहीं पहुंची। राजेश कुमार धांसिल निवासी वीरतेजाजी नगर ने रोड पर आ रहे वाहनों को रोक कर एक थ्री वेलर में लोगों के सहयोग से घायलों को पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया।

# आरएसएस की पहुंच अब दोगुनी होगी!

**झुंझुनूं,** (निसं)। खेमी शक्ति मंदिर में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का शनिवार को समापन हुआ। तीन दिन तक इस बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भावगत ने देश के 45 प्रांतों से आए प्रांत प्रचारकों और सह प्रांत प्रचारकों से वर्षभर की गतिविधियों की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रम को लेकर भी विचार विमर्श किया।

संघ के 2025 में आने वाले शताब्दी वर्ष को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई। साथ ही संकल्प दोहराया गया कि 2024 में आरएसएस की शाखाओं की संख्या लगभग दोगुनी करनी है। फिलहाल देश में 56 हजार शाखाएं संचालित की जा रही है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनिल आंबेकर ने कहा कि इस तीन दिवसीय बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर भी चर्चा हुई है। आरएसएस प्रांत, जिला और मंडल स्तर पर जिस तरीके से विस्तार योजना पर काम करना है। उस पर चर्चा की गई। देश में जो युवाओं की बेरोजगारी को लेकर माहौल बना रहा है। उसे दूर करने और युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए भी संघ अब धरातल पर काम कर प्रत्यक्ष रूप से अपनी महत्ती भूमिका अदा करने वाला है। इस प्रेस वार्ता में सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, आलोक तथा प्रांत प्रचार प्रमुख मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

- **'2024 तक 56 हजार से बढ़ाकर 1 लाख शाखा संचालित करने का संकल्प'**
- **स्वरोजगार से ही देश आगे बढ़ सकता है : आरएसएस**

इस बैठक में चर्चा की गई है कि स्वाधीनता आंदोलन के मुख्य बिंदू स्व से जुडे हुए थे। चाहे बात स्वभाषा की हो या फिर स्वदेशी या फिर स्वतंत्रता या स्वाधीनता। इसी स्व को आगे बढाते हुए आरएसएस स्वावलंबी जैसी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि आजादी के आंदोलन के ऐसे अनसीन हीरो को आगे लाने का काम चल रहा है। जिन्होंने आजादी में अपनी महत्ती भूमिका तो अदा की। लेकिन आज तक उन्हें कोई जानता नहीं है। अब तक इस अभियान के तहत विभिन्न प्रांतों में 45 प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जा चुका है। जिसके तहत 4000 युवाओं ने संकल्प लिया है कि वे स्वावलंबी भारत अभियान को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि आरएसएस का मानना है कि स्वरोजगार से ही देश आगे बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अब तक 22 संगठन जुड़े है और 200 से अधिक उद्योग इकाई भी जुड़ी है। जो युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा इन संगठनों ने तय किया है कि 15 जुलाई अंतरराष्ट्रीय कौशल दिवस से लेकर 21 अगस्त इन्टरप्रेन्योर-डे तक पूरे देश में उद्यिमता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन कर युवाओं को इस अभियान में जोड़ेंगे।

प्रेस वार्ता में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए सुनिल आंबेकर ने काली फिल्म और उदयपुर मामले में भी संघ का पक्ष रखा। उन्होंने काली फिल्म को लेकर पूछे गए सवाल पर बोलते हुए कहा कि क्रिएटिव फ्रीडम भारत की परंपरा है। बहुत लंबी परंपरा है। लेकिन इस फ्रीडम का उपयोग करते हुए हर व्यक्ति को दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखना चाहिए कि कहीं पर दूसरों की भावना आहत नहीं हो रही है और ना ही किसी दूसरे के भावना का अनादर हो रहा है। साथ ही उन्होंने धमकियों के साथ भय पैदा करने वाले माहौल की भी कड़े शब्दों में निंदा की है।

# मैटों को ब्लेकलिस्टेड करने के निर्देश

**रानीवाड़ा,** (नि.सं.)। रानीवाड़ा पंचायत समिति के मनरेगा कार्यों के निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी भगवानसिंह चांपावत को भारी भ्रष्टाचार सामने आया। आधे से अधिक श्रमिक नदारद मिले। विकास अधिकारी भगवानसिंह ने शनिवार द्वारा किए निरीक्षण मेटों की मिलीभगत सामने आई है। ग्राम पंचायत दहीपुर, जाखड़ी एवं जोडवास के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करने पर सिंगावास की सरेडा नाडी खुदाई कार्य में 120 श्रमिकों में से मात्र 41 श्रमिक ही मिले। मेट मौके से भाग छूटा। मस्टररोल में 2 दिन की हाजरी भी नही भरी हुई थी। ऐसे में मेटों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट की सूची में डालने के निर्देश दिए गए। बावरला नाडी के निरीक्षण 120 में से मात्र 46 श्रमिक ही मिले। भारी गफलत के चलते विकास अधिकारी ने संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जाखडी में अपूर्ण अलवार नाडी खुदाई कार्य के निरीक्षण के दौरान 108 में से 49 श्रमिक व जोडवास में नाडी खुदाई कार्य सेन्धोई माता में 117 में से 52 श्रमिक ही मिलने तथा मस्टररोल में 117 के एवज में 98 की हाजरी भरने पर मेट को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# नागपुर से निकली तिरंगा यात्रा धौलपुर पहुंची, कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया

**धौलपुर,** (निसं)। कर्मचारी चयन आयोग की ओर से कराई जाने वाली पैरामिलिट्री फोर्स की जनरल ड्यूटी 2018 की भर्ती प्रक्रिया में मैडिकल में फिट होने के बावजूद उनकी नियुक्ति नहीं दी गई।

महाराष्ट्र के नागपुर में धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल और आमरण अनशन करके निराश हो चुके ये अभ्यर्थी अब दिल्ली की ओर पैदल ही चल चुके हैं। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीवी श्रीनिवास के नेतृत्व

- **यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में यात्रा पहुंची**
- **पैरा मिलिट्री फ़ोर्स भर्ती को लेकर निकाली जा रही है पदयात्रा**



**धौलपुर में यात्रा का स्वागत करने वालों में यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नीरू पंडित, श्यामू पंडित, अमित मुदगल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

पैदल यात्रा आज धौलपुर पहुंची। धौलपुर पहुंचने पर यूथ कांग्रेस की तरफ से यात्रा का स्वागत व समर्थन किया गया। साथ ही यूथ कांग्रेस ने युवाओं की यात्रा के लिए चंदा एकत्रित किया है। यात्रा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए खाने के व्यवस्था की गई।

यह यात्रा नागपुर से दिल्ली की ओर पैदल रवाना है। जिसका आज 40 वां दिन है। धौलपुर में पहुंचे यात्रा में शामिल अभ्यर्थियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तेज गर्मी में पैदल चलने की वजह से कई छात्र बीमार हो रहे हैं और कुछ तो बेहोश भी हो चुके हैं। पैदल चलने की वजह से अभ्यर्थियों के पांव में छाले पड़ रहे हैं लेकिन अब वे रुकने को तैयार नहीं हैं।

# भरतपुर में भी ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य) सीधी भर्ती परीक्षा 2021 का पेपर देते फर्जी अभ्यर्थी को पकड़ा है। युवक किसी दूसरे परीक्षार्थी की जगह पेपर दे रहा था। आईडी कार्ड चेक करते समय टीचर ने जब फर्जी अभ्यर्थी का कार्ड देखा तो शक हुआ जिसके बाद टीचर ने पुलिस को सूचना देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बदन सिंह स्कूल में पेपर देने के लिए सभी बच्चों की एंट्री हो चुकी थी। पेपर भी शुरू हो गया था। रूम नंबर 11 में तैनात टीचर सभी परीक्षार्थियों के आईडी कार्ड चेक कर रहे थे।जब टीचर ने धौलपुर के आकाश का आईडी कार्ड देखा तो उस पर काफी पुराना फोटो लगा हुआ था। इसके अलावा साइन में भी मेल नहीं खा रहे थे। टीचर को शक हुआ और उन्होंने तुरंत स्कूल के प्रिंसिपल रति राम को



**टीचर ने आईडी कार्ड चैक कर फर्जी अभ्यर्थी को पुलिस को सौंपा।**

बताया। सूचना पर प्रिंसिपल ने टीचर की एक फ़्लाइंग को रूम में भेजा और फ़्लाइंग ने आकाश से पूछताछ की तो वह घबरा गया। आकाश अपना नाम बदल-बदल कर बताने लगा। टीचर ने पुलिस कण्ट्रोल रूम को सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया और फर्जी अभ्यर्थी को पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने बताया की रंजीत नाम का युवक आकाश की जगह पेपर देर रहा था। रंजीत भियाना जिला धौलपुर का रहने वाला है। रंजीत आकाश से रुपए लेकर उसकी जगह पेपर दे रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

# हनुमानगढ़ में करीब 1.47 लाख किसान फसल बीमा क्लेम के लिए अधिकारियों के लगा रहे चक्कर

## खरीफ के सीजन में नरमा कपास में 30 और ग्वार में 70 फीसदी हुआ था नुकसान

**हनुमानगढ़,** (निसं)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ सीजन 2021 में फसलों का बीमा करवाने वाले किसानों का अब तक क्लेम जारी नहीं हुआ है। करीब 1.47 लाख किसानों ने करवाया था बीमा, पीड़ित लगा रहे अधिकारियों के चक्कर। बीमा क्लेम पास नहीं होने पर लगभग डेढ़ लाख किसानों को भारी परेशानी हो रही है। खरीफ सीजन-2021 में 1 लाख 47 हजार 353 किसानों ने नरमा, ग्वार, मूंग, धान आदि फसलों का बीमा करवाया था।

अक्टूबर में हुई भारी बरसात व तेज अंधड़ के कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ था। जिले में विभिन्न स्थानों पर नरमा की फसल में लगभग 30 प्रतिशत और मूंग की फसलों में 70 प्रतिशत तक नुकसान हुआ था। प्रभावित किसानों ने बीमा कंपनी को नुकसान की बीमा कंपनी को जानकारी भी दी। अब खरीफ सीजन-2022 भी शुरू हो चुका है, लेकिन प्रभावित किसानों को क्लेम नहीं मिला। किसान जनप्रतिनिधियों के भी गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार स्तर का मामला बताकर वे भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे।

पीड़ित काश्तकारों के अनुसार फसलों का बीमा उन्होंने इसलिए करवाया था ताकि नुकसान होने पर भरपाई हो सके। एक वर्ष बाद भी क्लेम जारी नहीं होने से भारी परेशानी हो रही है। सर्वाधिक नुकसान मूंग की फसलों में हुआ था। ग्वार की कटी हुई फसलें भी बरसाती पानी जमा होने से खराब हो गई थी। सबसे खास बात यह है कि अब तक प्रभावित किसानों को यह भी पता नहीं है कि उन्हें कितना क्लेम मिलेगा। इस कारण काश्तकारों की चिंता और बढ़ती जारी है। गत वर्ष खरीफ सीजन में सबसे अधिक 2 लाख 68 हजार 670 हैक्टेयर में ग्वार की बिजाई हुई थी। 1 लाख 58 हजार 700 हैक्टेयर में नरमा, 44 हजार 810 हैक्टेयर में बाजरा, 34 हजार 730 हैक्टेयर में धान, 1 लाख 1800 हैक्टेयर में मूंग, 55 हजार 970 हैक्टेयर में मोठ, 2460 हैक्टेयर में तिल और 13 हजार 390 हैक्टेयर में मूंगफली की बिजाई हुई थी।

- **खरीफ सीजन-2021 में 1 लाख 47 हजार 353 किसानों ने नरमा, ग्वार, मूंग, धान आदि फसलों का बीमा करवाया था**

जिले में सर्वाधिक 47 हजार किसानों ने भादरा तहसील में करवाया था बीमा, नुकसान हनुमानगढ़ - पीलीबंगा में हुआ जिले में खरीफ सीजन-2021 में कुल 1 लाख 47 हजार 353 किसानों ने फसलों का बीमा करवाया। सर्वाधिक 47 हजार किसान भादरा तहसील के शामिल थे। नोहर तहसील में 45 हजार 600 और रावतसर तहसील में 29 हजार 400 काश्तकारों ने नरमा, ग्वार, मूंग आदि फसलों का बीमा करवाया। अक्टूबर में ग्वार और मूंग की फसलें कट चुकी थी। सर्वाधिक नुकसान हनुमानगढ़ और पीलीबंगा तहसील में हुआ। पीलीबंगा तहसील में कई स्थानों पर धान की फसलें खराब हो गई। कलेक्टर सहित कृषि विभाग के अधिकारियों ने नुकसान का जायजा लिया और बीमा करवाने वाले किसानों ने बीमा कंपनी के पोर्टल पर सूचना देने की अपील की। राजस्व विभाग ने खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी भी करवाई। अब तक बीमा करवाने वाले किसानों को न तो क्लेम मिला और न ही प्रभावित काश्तकारों को मुआवजा।

## संक्षिप्त

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने श्री देवनारायण भगवान साडू माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि ग्राम पंचायत घांस के ग्राम खजूरिया में पहुंचकर पूजा अर्चना कर से आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। जिला प्रमुख बंसल ने कहा कि भगवान देवनारायण हम सब के आराध्य देव हैं इस प्रकार के आयोजनों से आपस में भाईचारा एवं प्रेम बढता है। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत राज ग्रामीण विकास की योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। जिला प्रमुख ने उप स्वास्थ्य केंद्र, खजूरिया की चार दिवारी की घोषणा की।

### नागरवाल जिला महामंत्री बने

**फागी, (निसं)।** भाजपा माधोराजपुरा मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के निर्देशानुसार जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष रामानन्द गुर्जर ने चाकसू विधानसभा के भाजपा के दिग्गज नेता कैलाश नागरवाल (बैरवा) को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है।

### दो सड़क हादसों में दो जने घायल

**मालपुरा, (निसं)।** शनिवार की दोपहर लावा से मालपुरा आ रही मोटरसाईकिल को सामने से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिसमें बाईक सवार बच्ची आईशा पुत्री हनीफ निवासी लावा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से कार ले फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेन्स की सहायता से घायल बच्ची को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। वहीं लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के मोरला गांव में बाईक फिसल जाने से अनियंत्रित हो गिरा बाईक चालक गोपाल बावरी निवासी सदरपुरा रोड ब्रजलाल नगर मालपुरा घायल हो गया। लाम्बाहरिसिंह पीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मालपुरा सीएचसी में भर्ती करवाया।

### पालिकाध्यक्ष ने विज्ञाश्री माताजी से आशीर्वाद लिया

**निवाई, (निसं)।** नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के समक्ष श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। जयपुर रोड स्थित अर्हम इण्डस्ट्रीज पर आर्यिका विज्ञाश्री माताजी मंगल प्रवेश पर नगरपालिका चेयरमैन दिलीप ईसरानी ने चेयरमैन दिलीप ईसरानी ने विज्ञाश्री माताजी के समक्ष श्रीफल अर्पित किया। विज्ञाश्री माताजी ने पालिकाध्यक्ष इसरानी को आशीर्वाद देते हुए शहर के विकास को देखते हुए सराहना।

### 74 वां स्थापना दिवस मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खडब नारेहड़ा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा 74 वे स्थापना दिवस पर संगोष्ठी, संदेश यात्रा व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता खड़ब सरपंच मालाराम गुर्जर रहे, उन्होंने राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर मंत्री गोपीसिंह शेखावत, महिपाल सिंह, गोपाल, संदीप जाट, सुभाष, जगदीश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटित

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में विधायक इंद्राज प्रयासों से बजट सत्र में स्वीकृत राजकीय महाविद्यालय भवन के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है। पावटा पंचायत समिति भवन के पास स्थित 10 बीघा जमीन को कॉलेज के लिए आवंटित किया गया है।

खास बात यह है कि इस जमीन पर भवन निर्माण के लिए प्रशासन ने भी सहमति जताई है। कॉलेज भवन के लिए उपयुक्त और सुरक्षा के लिए लिहाज से पावटा पंचायत समिति भवन के पास स्थित भूमि को ही चयनित किया गया है। इसके पूर्व भी विधायक इंद्राज गुर्जर व एसडीएम ने अपने अमले के साथ अन्य स्थान पर भी जमीन का निरीक्षण किया था। लेकिन इन स्थानों पर अलग-अलग कारणों के चलते कालेज भवन निर्माण का प्रस्ताव अस्वीकार्य कर दिया गया। अंत में पावटा पंचायत समिति भवन के पास वाले स्थान को उपयुक्त मानते हुए यहां कालेज भवन निर्माण को स्वीकृति दे दी गई है। जल्द ही भवन निर्माण के लिए जमीन कॉलेज प्रबंधन को सौंप दी जाएगी। विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि पावटा में महाविद्यालय खुलने से बालिकाओं को इसका अधिक लाभ मिलेगा।

# एकजुटता से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है: मंत्री राजेंद्र यादव

**चाकसू, (निसं)।** शनिवार को उपखंड क्षेत्रीय यादव समाज की बालिकाओं के लिए श्री कृष्णा शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान समिति के सौजन्य से छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह का आयोजन कांग्रेस के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में एवं गृह राज्य मंत्री उच्च शिक्षा राजस्थान सरकार राजेंद्र यादव की

- समाज के लिए जो सोलंकी ने किया है वह किसी ने नहीं किया: देवेंद्र यादव
- यादव समाज के बालिका छात्रावास का शिलान्यास समारोह

अध्यक्षता में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के सहयोग से डाक बंगला रोड स्थित पालिका द्वारा आवंटित जमीन में किया गया।

समारोह के मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, प्रदेशाध्यक्ष यादव महासभा डॉक्टर करण सिंह यादव, जिला परिषद सदस्य हरसहाय यादव, सदस्य खेल बोर्ड राजस्थान सरकार हरीश यादव, शाहपुरा विधायक प्रत्याशी मनीष यादव एवं पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर को माला पहनाकर किया




यादव समाज की बालिकाओं के लिए श्री कृष्णा शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान समिति के सौजन्य से छात्रावास शिलान्यास समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव ने कहा कि देश में मैंने बहुत सी जगह काम किया है लेकिन जो इज्जत मुझे राजस्थान से मिली है उसे मैं भूल नहीं सकता। मैं अपनी तरफ से तो दूंगा ही आपकी तरफ से भी सोलंकी को आश्वासन दे रहा हूं आपके दिए गए सहयोग के बदले यह समाज आपके साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहेगा। आपने बहुत सारे विधायक देखें होंगे लेकिन समाज के लिए जो इन्होंने किया है वह अब तक किसी ने नहीं किया। जिस पर उपस्थित जन समूह ने अपने हाथ खड़े करके सहमति दी।

गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव ने बालिका छात्रावास के शिलान्यास समारोह को समाज की ओर से अनुकरणीय प्रयास बताते हुए समाज को एकजुट रहकर काम करने का आव्हान किया।

उन्होंने बताया कि एकजुटता से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है गहलोत सरकार के कामकाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ सर्व समाज को ज्यादा से ज्यादा लेना चाहिए ऐसी योजनाएं आपको कहीं देखने को नहीं मिलेगी।

विधायक सोलंकी ने छात्रावास के लिए विधायक कोटे से 10 लाख की आर्थिक सहायता एवं नलकूप लगवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि सर्व समाज के हित के लिए मैं कल भी तैयार था आज भी तैयार हूं और आगे भी हमेशा तैयार रहूंगा।

समारोह में डॉ.करण सिंह यादव प्रदेशाध्यक्ष यादव महासभा, हरसाय यादव जिला परिषद सदस्य, मनीष यादव विधायक प्रत्याशी शाहपुरा, कमलेश बैरवा चेयरमैन नगरपालिका चाकसू सहित अन्य वरिष्ठ समाज बंधूओं संबोधित करते हुए जल्द से जल्द छात्रावास का निर्माण कार्य सभी के सहयोग से करने और हर प्रकार के सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## वकील न्यायालयों में कल से न्यायिक कार्य पुनः शुरू करेंगे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष बनवारी लाल कुड़ी एडवोकेट की अध्यक्षता में अभिभाषक संघ की जनरल हाउस की मीटिंग संपन्न हुई।

जिसमें खंडेला स्थित उपखंड न्यायालय में संघ के सदस्य हंसराज मावलिया एडवोकेट को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने हेतु मजबूर किया जाने से उत्पन्न स्थिति से अभिभाषक संघ संघर्ष कर रहा है, उस पर मंथन किया गया तथा प्रशासन के द्वारा दिए गए आश्वासन व समझौता के अनुसार निस्तारण नहीं किया गया जिसके प्रति रोष व्यक्त किया गया साथ ही खंडेला तहसीलदार कार्यालय में एक स्टांप वेंडर महेश बधाला द्वारा आत्महत्या के प्रयास की पुनरावर्ती होने से प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त किया गया।

मीटिंग में खंडेला में उत्पन्न स्थिति से प्रशासन के मध्य हुई वार्ता को पूरा करवाने हेतु मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल मिलकर समस्या से अवगत कराने तथा माननीय उच्च न्यायालय राजस्थान को भी अवगत कराया जाकर प्रभावी कार्यवाही करवाई जाएगी तथा वर्तमान परिस्थिति में अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं कर पा रहे हैं। बैठक में सोमवार 11 जुलाई से न्यायिक कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, साथ ही प्रशासन द्वारा समझौता को अति शीघ्र 15 दिन में पूरा नहीं किया जाता है तो पुनः जनरल हाउस की मीटिंग बुलाकर आंदोलन पर विचार किया जाएगा । यह जानकारी संघ के अध्यक्ष बनवारी लाल कुड़ी व महासचिव रामजीलाल सैनी ने एक संयुक्त हस्ताक्षिरत प्रेसनोट में दी है।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया

**खैरथल, (निसं)।** विधायक दीपचंद खैरिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रस्तावित खैरथल आगमन की प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। विधायक एवं किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचंद खैरिया के निजी मीडिया सहायक सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में समा स्थल तक हैलीपेड से आने जाने के रूट, पार्किंग स्थल आदि व्यवस्थाओं को देखा। इससे पहले उन्होंने कृषि उपज मंडी समिति के सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं, नगरपालिका पार्षदों के साथ बैठक कर तैयारियों पर चर्चा कर राय जानी। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता मोतीलाल वर्मा,कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी आदि से चर्चा कर निर्देश दिए।

# आगामी त्योहारों पर कानून एवं शांति बनाए रखें: कलेक्टर

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार वीडियो कॉन्फ्रेंस जरिये सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पूरी निगरानी बरतकर चाक-चौबंद रहें।

उन्होंने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें और सभी अधिकारी व सीओ फील्ड में रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि कानून व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावे। सोशल मीडिया व अन्य किसी माध्यम से दुष्प्रचार एवं अफवाह नहीं फैले, पुलिस प्रशासन सतर्क रहे तथा त्योहारों के मद्देनजर




जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये सभी अधिकारियों को निर्देश दिये।

रखते हुए सभी उपखण्ड अधिकारियों अपने-अपने क्षेत्र में मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि जिले में 18 जुलाई की मध्यरात्रि तक धारा 144 प्रभावी है अत: बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की रैली, धरना, प्रदर्शन, शोभायात्राओं का आयोजन नहीं किया जावे।

## भामाशाह ने विद्यालय में प्रिंटर भेंट किया

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत विमलपुरा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित भामाशाह बिरदी चंद गोयल की प्रेरणा से दिल्ली निवासी भामाशाह विनोद सेतिया, पंकज अग्रवाल, सुषमा सेतिया, चेतना अग्रवाल ने विद्यालय में एक प्रिंटर भेंट किया। इससे बच्चों के शैक्षिणक कार्य में सुगमता के साथ विद्यालय के छात्रों के दस्तावेजों को अपलोड करने में सहायता मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्र शेखर शर्मा ने भामाशाह का स्वागत सत्कार किया एवं आभार जताया। वहीं भामाशाह बिरदी चंद गोयल ने भविष्य में भी हमेशा की तरह विद्यालय में विकास कार्यों में सहयोग हेतु आशान्वित किया इस अवसर पर सुरेश कुमार जांगिड़ सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

# बृजलाल नगर पंचायत में स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा नगर पालिका शहरी क्षेत्र से सटी बृजलाल नगर ग्राम पंचायत में आवासीय कॉलोनियों की मुख्य सड़कों पर जहां गन्दगी व कीचड़ का अम्बार लगा हुआ है वहीं नालियां व शौचालय गन्दगी से अटे पड़े हैं जो स्वच्छ भारत अभियान के प्रति पंचायत प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है।

- गन्दगी से अटी पड़ी नालियां, शौचालय व कीचड़ से भरी सड़कें

पंचायत राज चुनावों को दो साल से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद बृजलाल नगर ग्राम पंचायत क्षेत्र की आवासीय कॉलोनीयों में आज भी मुलभूत सूविधाओं की दरकार है। चुनावों के दौरान पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में विकसीत किये जाने के लिए सरपंच प्रत्याशियों द्वारा किये गये बड़े-बडे दावे महज थोती घोषणाएं बनकर रह गये। सरपंच का ताज पहनने के बाद रेखा नामा ने ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाये जाने से पंचायत के नागरिक आज सरपंच को कोष रहे है। दूदू छाण स्टेट हाईवे से सटी पंचायत की आवासीय कॉलोनी तथा आमजन के लिए कृषि मण्डी की दीवार के पास बनाया गया सार्वजनिक शौचालय गन्दगी से इस कदर अटा पडा है कि उसकी सुविधाओं का लाभ लेना तो दूर पास से होकर गुजरना भी दूभर हो गया है। कमोबेश यही हाल कॉलोनी में नालीयों का है। बरसाती व सीवरेज के पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण नहीं करवाने से मुख्यमार्गों की सड़कें कीचड व पानी से लबालब भरी हैं। दूदू रोड से सदरपुरा रोड तक कृषि मण्डी के पीछे सडक निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा नाले का सुव्यवस्थित निर्माण करने के बजाय एक बडी खाई के रूप में अधूरा छोड़ देने से आये दिन स्कूली विद्यार्थी, वृद्धजन एवं वाहन चालक नाले में गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नीमराना कस्बे के राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यालय के नोडल प्रभारी लीलाराम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में कक्षा 12वीं में विज्ञान वर्ग, कृषि विज्ञान, कॉमर्स व कला वर्ग में विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रतीक चिन्ह, पाठ्य सामग्री आदि देकर सम्मानित किया गया। जिसमें 12वीं कक्षा के आदित्य 90 प्रतिशत व मोहित नीमोरिया 87 प्रतिशत आरती 83, तुषार कुमार 81, गुलशन 81, गौतम 80, दीक्षा 79, कुनाल सिंह 78, सचिन योगी 77, संदीप 77, कंचन 76, प्रशांत 75 प्रतिशत आदि विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयोजक संस्था समिति के लैब असिस्टेंट सचिन महरिया, ओमप्रकाश सैनी, देशराज यादव के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में नोडल प्रभारी लीलाराम ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि शिक्षा एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। कार्यक्रम के मंच का संचालन नरेंद्र यादव ने किया। सभी छात्रों को फूल मालाओं व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# शिक्षा से जोड़ने की मुहिम का कलेक्टर ने लिया जायजा

**टोंक, (निसं)।** जिले के हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने की मुहिम के तहत जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल द्वारा शुरू किए गए नवाचार मिशन प्रेरणा अराईज का शनिवार को स्वयं जिला कलेक्टर ने फील्ड में जाकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत समिति टोंक व टोडारायसिंह की पालड़ा, बरवास, रामनिवासपुरा, बावडी एवं बालापुरा के विद्यालयों में जाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने में मुख्य भूमिका निभा रहे सर्वेयर, सुपरवाइजर, संस्था प्रधान व पीईईओ के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर एवं पोषाहार की गुणवत्ता को भी परखा। जिला कलेक्टर ने कार्यवाहक सीडीईओ रामनिवास शर्मा एवं समसा के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रमेश सिंह को निर्देश दिए कि मिशन प्रेरणा अराइज के तहत किए जा रहे सर्वे की स्पष्ट रूप से समझ जिले के प्रत्येक विद्यालय के सर्वेयर, सुपरवाइजर, संस्था प्रधान एवं पीईईओ को होनी चाहिए। शिक्षा विभाग के अधिकारी सर्वे



जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने विद्यालयों में जाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने में मुख्य भूमिका निभा रहे सर्वेयर, सुपरवाइजर, संस्था प्रधान व पीईईओ के कार्यों की समीक्षा की।

कार्य का घर घर जाकर भौतिक सत्यापन करें। विद्यालय का अवलोकन कर नव नामांकन, ड्रॉपआउट, नेवर एनरोल्ड, अनामांकित आदि बालक बालिकाओं की जानकारी लेकर अधिकाधिक बच्चों का नामांकन करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने विशेष रूप से घुमंतू व अर्ध घुमंतु परिवारों के बच्चों को स्कूलों से जोडने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी रूबी अनुसार, सीबीईओ राजेंद्र शर्मा, तहसीलदार, विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवास लांबाकला एवं सब सेंटर पालडा का निरीक्षण किया।

## सीएलजी व शांति समिति सदस्यों की बैठक

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाने में आपसी भाईचारे व सौहार्द से मनाये धार्मिक पर्वों को लेकर सीएलजी सदस्यों व शांति समिति सदस्यों की बैठक एसडीएम राजवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एसडीएम राजवीर सिंह ने कहा कि रविवार को मनाये जाने वाले ईद के पर्व एवं अन्य त्यौहारों को हिन्दू व मुस्लिम धर्म के लोग आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनायें। वहीं त्यौहारों के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा कोई अफवाह फैलाई जाती है या फिर गैर कानूनी गतिविधि अमल में लाई जाती है तो इसकी सूचना तुरन्त प्रागपुरा थाना पुलिस को देवें। बैठक में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान पावटा पूर्व सरपंच प्रति निधि गोपाल अग्रवाल, प्रागपुरा पूर्व सरपंच कैलाश सैनी, उपेंद्रसिंह शेखावत, उमेश चंद गुप्ता, सदर यासिन, बाबू खाँ, ठिकरिया जूमरद्दीन खाँ, लतीफ खान, मातादीन, महमूद लूहार, इमरान खाँ, सोहेल खाँ, मुबारिक हुसैन, इस्लामुद्दीन, विक्रम सिंह, जाकिर हुसैन समेत बडी संया में सीएलजी, पुलिस मित्र व शांति समिति सदस्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के राजपूताना पी.जी. कॉलेज में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शनिवार को विकास अधिकारी शशिबाला वर्मा के मुख्य आतिथ्य व संस्था निदेशक महेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विकास अधिकारी ने हरियालो राजस्थान अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विगत वर्षों में इस अभियान के तहत कई लाख पौधे राजस्थान में लगे हैं जिससे राजस्थान की धरा हरिभरी दिखाई दे रही है। अध्यक्षता करते हुए संस्था निदेशक महेन्द्र चौधरी ने पौधों को मानव जीवन का आधार बताते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया जाना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले जनजागृति संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक, प्रदेशाध्यक्ष एवं नगर परिषद् के पार्षद रामचन्द्र सैनी, सैनी सभा में सामूहिक विवाह समिति के उपाध्यक्ष रामवतार सैनी एवं संस्था प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने विगत कई वर्षों से चले आ रहे हरियालो राजस्थान अभियान की प्रशंसा की। इस दौरान उपप्राचार्य उमरावलाल गुर्जर, सहायक प्रोफेसर आर.पी. धोलीवाल, निर्भय सिंह योगी, विजय कुमार धानका, अशोक सैनी, नीरु सैनी, सुरेन्द कुमार यादव, बीना चोपड़ा, पुस्तकालयाध्यक्ष चंचल, लेखाकार के.एन. वर्मा, फूलचन्द, जगदीश व सैकडों विद्यार्थी मौजूद थे।

### 'हमारा बूथ सबसे मजबूत' के तहत बैठक



**पावटा, (निसं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया व जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के दिशा निर्देशानुसार विधानसभा विराटनगर के ग्राम मंढा के बूथ न. 35 के कार्यकर्ताओं ने बूथ को मजबूत बनाने व भाजपा की जन कल्याण योजनाओं को आम जनतक पहुंचाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम में पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने बूथ में पानी की समस्या का निवारण का आश्वासन दिया। वही पांच कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए बताया कि बूथ ही वो रचना है, जो सत्ता का उद्गम स्थान है हमें जो भी ताकत मिलती है, वो बूथ से ही मिलती है इसी ताकत के साथ हम 2023 में पूरे राजस्थान में हम भाजपा का परचम लहराएंगे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह, बूथ अध्यक्ष रामशरण गुर्जर, मूलचंद गुर्जर, विक्रम कुमावत, सुरेशसिंह राठौड, लालाराम गुर्जर, रामस्वरूप सराधना, राजूमल सैनी, संजय कुमार शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोदी सरकार के कार्यों से देश मजबूत हो रहा है: राज्यवर्धन

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करने पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण आज राजस्थान पूरे देश में बदनाम हो रहा है। पानी, बिजली, रोजगार, सुरक्षा और बिगडती कानून व्यवस्था से जनता त्रस्त है। कांग्रेस को सत्ता से उखाड फैंकने के लिए जनता ने एक नहीं अनेक मुद्दे बना लिए है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा मोदी सरकार की नीति और कार्यों से देश लगातार मजबूत हो रहा है। जहां जहां भाजपा की सरकारें थी वहां दौबारा आ रही हैं। आज 19 राज्यों में भाजपा और एनडीए की सरकारें हैं। इसके पश्चात कर्नल राज्यवर्धन ने भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में वृक्षा रोपण किया और जयपुर महाखेल के अंतर्गत श्री गुरूकुल स्पोर्ट शूटिंग ऐकेडमी में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल/एयर राईफल की निशानेबाजी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

### 'कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर होगी कार्रवाई'

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में रविवार को मनाई जाने वाली बकरीद को लेकर पुलिस और उपखंड प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखाई दे रहा है। एसडीएम सुनीता मीणा ने बताया कि बकरीद पर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले लोगों को बख्सा नहीं जायेगा और उन पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने पूर्ण तैयारी कर ली है। जिले के डीएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वीडियो कॉन्फ्रेस के जरिये शनिवार को पदाधिकारियों की बैठक ली है। इसमें बकरीद पर कानून व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया है। वही साइबर टीम भी सोशल मीडिया ग्रुप पर पैनी नजर बनाई हुई है। प्रशासन ने सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नही करने और लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने पर रोक लगाई है। एसडीएम सुनीता मीणा ने बकरीद पर आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कुर्बानी रस्म का वीडियो नहीं बनाने की अपील की है।

### सीएलजी सदस्यों की बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा पुलिस थाना परिसर में शनिवार को प्रात: 10:15 बजे ईद एवं सावन माह के आगामी त्यौहार पर क्षेत्र की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया। इसी क्रम में थानाधिकारी राठौड़ के द्वारा ईद के त्यौहार को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ ही मनाने एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट नहीं डालने की अपील की गई। वहीं क्षेत्र में अतिक्रमण एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर अव्यवस्था फैलाने संबन्धित कई समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। इस पर थानाधिकारी राठौड ने समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुकेश गगरानी, शिक्षा विद् शक्ति सिंह, अलमुद्दीन जोया, अब्दुल लतीफ कुरेशी, अजीज मोहम्मद, शैलेन्द्र शर्मा, राजकुमार सांखला, इन्द्र चन्द शर्मा, महेश सैन, मधु वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वधू पक्ष ने भगवान जगन्नाथ को दी विदाई

**राजगढ़, (निसं)।** आराध्य देव भगवान जगन्नाथ माता जानकी के विवाह बंधन के पश्चात वधू पक्ष के महंत प्रकाश दास महाराज व उनके उत्तराधिकारी उमा शंकर दास उर्फ गुड्डू महाराज ने विधिवत पूजा अर्चना करके भावभीनी विदाई दी। वर पक्षी के महंत पूर्ण दास मदन मोहन शास्त्री व वधू पक्ष के महंत प्रकाश दास महाराज गुड्डू महाराज ने एक दूसरे पक्ष ने माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एक दूसरे को राम-राम करके विदाई दी । श्रद्धालु भक्तों ने जय जगदीश हरे जो दुख दूर करें के उदघोष लगाए भगवान जगन्नाथ माता जानकी विवाह की रस्म पूरी होने के बाद रथ पर विराजमान होकर गंगा बाग से बैंड बाजे गाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देर रात्रि चौपड़ बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। वहां श्रद्धालु भक्तों ने भगवान से प्रार्थना की और मन्नत मांगी इसी के साथ सात दिवसीय मेला संपूर्ण हुआ।

### अधिकारियों ने ईदगाह का जायजा लिया

**मालपुरा, (निस)** मुस्लिम समाज के ईद पर्व पर रविवार को केकडी रोड ईदगाह पर सामुहिक नमाज को लेकर शनिवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीयों ने ईदगाह का जायजा लिया। एडवोकेट फारूख कुरेशी व मुजाहिद ने बताया कि रविवार को प्रात: 7:30 बजे शहर काजी वकार अहमद द्वारा ईदगाह में ईद की सामुहिक नमाज अदा की जायेगी। नमाज के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था सहित सफाई व्यवस्था को लेकर एसडीएम रामकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा ने शनिवार को ईदगाह का जायजा ले संबंधित विभागीय अधिकारीयों को आवश्यक निर्देश दिये। जलदाय विभाग ने तीन दिवसीय ईद पर्व पर पेयजल आपूर्ति सुचारू रखे जाने को लेकर रोस्टर तैयार किया।

### नगर परिषद् वार्ड पार्षद को मातृ शोक

**कोटपूतली।** नगर परिषद् कोटपूतली के वार्ड नं. 30 से पार्षद हिरालाल पायला की माताजी बरजी देवी पत्नी रामेश्वर पायला का गुरूवार शाम 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित चल रही थी।



अगर सबकुछ सही रहा तो यह कुछ खिलाडियों के सफर का पूर्ण विराम हो सकता है। मुझे लगता है, स्वाभाविक रूप से, जब लोग अपने 30 साल की उम्र के बीच में पहुंच जाते हैं, तो ऐसा ही होने वाला है। -अरोन फिंच

ऑस्ट्रेलियाई टी-20 कप्तान, टी-20 विश्वकप के बाद संन्यास लेने का संकेत देते हुए।

# खेल जगत

## बजरंग पूनिया



भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने शनिवार को कहा कि स्टार पहलवान बजरंग पूनिया को आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिये ब्रिटेन का वीजा मिल गया है जिससे वह बर्मिंघम जाने से पहले अमेरिका में ट्रेनिंग दौरे पर जा सकेंगे। बजरंग अमेरिका में अपने ट्रेनिंग 'बेस' से सीधे ही राष्ट्रमंडल खेलों के लिये जायेंगे जिससे उनके लिये ब्रिटेन की वीजा औपचारिकताओं को बाद में पूरा करना मुश्किल होता। अब उन्हें ब्रिटेन का वीजा मिल गया है तो वह बिना किसी चिंता के अमेरिका में ट्रेनिंग कर सकेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्वकप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

# रिबाकिना बनी विम्बलडन चैम्पियन



लंदन, 9 जुलाई। कज़ाकस्तान की एलेना रिबाकिना शनिवार को ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर को विम्बलडन महिला फाइनल में तीन गेमों में हराकर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली कजाक महिला और विम्बलडन जीतने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

कजाकस्तान की 17वीं सीड रिबाकिना ने सेंटर कोर्ट में एक घंटा 48 मिनट तक चले फाइनल मैच में तीसरी सीड जब्योर को 3-6, 6-2, 6-2 से मात दी। यह रिबाकिना का पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल था, जिसमें जीतकर उन्होंने अपना तीसरा खिताब जीत लिया है।

इससे पहले वह बुकारेस्ट ओपन 2019 और होबार्ट ओपन 2020 का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। होबार्ट 2020 और विम्बलडन 2022 के बीच रिबाकिना को चार बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। साथ ही वह पिछले वर्ष हुए टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक मुकाबला भी हार गयी थीं।

रिबाकिना की विपक्षी जब्योर भी अपना पहला विम्बलडन फाइनल खेल रही थीं। जब्योर विम्बलडन फाइनल में पहुंचने वाली पहली ट्यूनीशियाई, पहली अरब और पहली अफ्रीकी महिला हैं। विश्व के सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम आयोजन के फाइनल में पहली बार उतरते हुए दोनों खिलाड़ियों पर दबाव लगभग बराबर ही था, लेकिन पहला सेट हारने के बाद रिबाकिना ने शानदार वापसी की और बड़ी आसानी से अंतिम दो सेट जीतकर विम्बलडन खिताब हासिल किया। इस जीत के साथ रिबाकिना ओपन एरा में 21 वर्षीय पेट्रा क्वितोवा (2011) के बाद वीनस रोज़वाटर डिश उठाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गयीं।

# अगर कोहली प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो आप युवाओं को बाहर नहीं रख सकते : कपिल देव

नयी दिल्ली, 9 जुलाई। पूर्व कप्तान कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए चयकर्ताओं से इनफ़ॉर्म खिलाड़ियों को खिलाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि विश्व कप की तैयारियों के लिए चयनकर्ताओं को कठिन निर्णय लेने होंगे, चाहे बात विराट कोहली जैसे कद के खिलाड़ी की क्यों ना हो।

कपिल ने एबीपी न्यूज़ से कहा, ''अगर आपके पास कई विकल्प हैं तो आप इन फ़ॉर्म खिलाड़ियों के साथ जाएं। आप केवल प्रतिष्ठा के आधार पर नहीं जा सकते बल्कि आपको खिलाड़ी के मौज़ूदा फ़ॉर्म को देखना होगा। आप स्थापित खिलाड़ी हो सकते हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि पांच बार लगातार असफल होने के बाद भी आपको मौक़े मिलते रहेंगे।''

कपिल से विशेष रूप से पूछा गया था कि क्या कोहली भारत की मौज़ूदा योजनाओं में फ़िट हो सकते हैं क्योंकि वह रनों से जूझ रहे हैं और उनकी अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा ने अच्छा प्रदर्शन किया है।कोहली के लिए यह आईपीएल भी ख़राब गया था, जहां उन्होंने केवल दो अर्धशतक लगाए थे। 2022 में टी20 मैचों में उन्होंने केवल 115 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए है। वहीं सूर्यकुमार, हुड्डा, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत सभी ने इस दौरान तेज़ी से रन बनाए हैं।

कपिल ने कहा, ''हां, यह सिरदर्द होगा, लेकिन उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अगर दुनिया में नंबर दो के टेस्ट गेंदबाज़ अश्विन टीम से बाहर हो सकते है, तो आपका नंबर एक बल्लेबाज़ भी बाहर हो सकता है।''कपिल ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि कोहली रन बनाएंगे और अगर चयन की चुनौतियां इसके बाद होती हैं तो यह बड़ी होंगी। अभी कोहली ख़ुद की तरह नहीं खेल रहे हैं, जिसे हम सभी जानते हैं, जिन प्रदर्शनों की वजह से वह दिग्गज बल्लेबाज़ बने।''

उन्होंने कहा, ''अगर वह प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो आप युवा लड़कों को लगातार बाहर नहीं कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है चयन के लिए कठिन लड़ाई होगी, अगर युवा कोहली पर भारी पड़ रहे हैं तो उन पर ध्यान जाना चाहिए। लेकिन कोहली को सोचने की ज़रूरत है। हां एक समय मैं भी बहुत बड़ा खिलाड़ी था, लेकिन मुझे नंबर एक खिलाड़ी की तरह खेलने की ज़रूरत थी। यह टीम के लिए एक समस्या है, लेकिन यह ख़राब समस्या नहीं है।''

कपिल बड़े खिलाड़ियों को समय समय पर आराम के नाम पर टीम में नहीं चुने जाने के भी हक़ में नहीं दिखे। उन्हें लगता है कि किसी को चुनने या बाहर करने पर एक मेरिट होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, आप इसको आराम कह सकते हो, आप इसको बाहर करना भी कह सकते हो। हर व्यक्ति के पास अपना नज़रिया है। अगर आप चयनकर्ता उन्हें नहीं चुनते हो, तो आप कह सकते हो कि हमने बड़े खिलाड़ियों को आराम दिया है क्योंकि वह प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।'' ''कोहली के पास बहुत क़ाबिलियत और कौशल है। आप ऐसे खिलाड़ियों से वापसी की उम्मीद रखते हो। आप पूरी तरह से उन्हें नहीं छोड़ सकते हो। अगर वह अभी प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो कोई बात नहीं। अगर आप अश्विन को बाहर रख सकते हैं तो किसी को भी बाहर रख सकते हैं।''

जबकि पूर्व भारतीय ओपनर वसीम जाफ़र को लगता है कि प्रदर्शन करने का दबाव कोहली से सर्वश्रेष्ठ निकलवा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों की वापसी भारत के नए बल्लेबाज़ी दृष्टिकोण की क़ीमत पर नहीं होनी चाहिए, जिसमें शुरुआत से ही बड़े रन बनाने की योजना है।

जाफ़र ने कहा, ''कोहली जब वापसी करेंगे तो उन पर हुड्डा के अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। आपको एक ऐसा बल्लेबाज़ मिला है जो अच्छा कर रहा है। उन्होंने आईपीएल के साथ टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भी अच्छा किया है। यही दबाव कोहली से सर्वश्रेष्ठ निकाल सकता है।''

''बड़े खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं, केएल राहुल टीम में नहीं हैं और कोहली वापसी को देख रहे हैं। लेकिन भारत ख़ुश होगा कि उनकी जगह भरने के लिए उनके पास खिलाड़ी हैं। हालांकि, एप्रोच वही रखना होगा। अगर उन्हें इस प्रारूप में हावी होना है तो यही क्रिकेट का ब्रांड खेलना होगा। यह कुछ ऐसा है जिसे हम मुख्य खिलाड़ियों में भी देखना चाहेंगे।''

## लाहिड़ी और शुभंकर कट से चूके, ट्रिंजेल को बढ़त

नॉर्थ बेरविक (स्कॉटलैंड), 9 जुलाई। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी और शुभंकर शर्मा जेनेसिस स्कॉटिश ओपन गोल्फ में कट में प्रवेश नहीं कर सके। तेज हवाओं के बीच दोनों अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये । लाहिड़ी ने तीन डबल बोगी किये जबकि शर्मा आखिरी दो होल तक कट में प्रवेश की दहलीज पर थे लेकिन फिर उन्होंने लगातार बोगी किये। लाहिड़ी एक स्ट्रोक से कट में प्रवेश से चूक गए जबकि शर्मा दो से चूके । कैमरन ट्रिंजेल ने दूसरे दौर में 72 के स्कोर के बाद कुल सात अंडर के स्कोर से बढत बना ली है।

## मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारे प्रणय

कुआलालम्पुर, 9 जुलाई। हांग कांग के शीर्ष शटलर एनजी का लोंग एंगस ने शनिवार को भारत की ऐतिहासिक थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा रहे एचएस प्रणय को हराकर मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया। एंगस ने पहला गेम हारने के बाद प्रणय को सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में 17-21, 21-9, 21-7 से मात दी। प्रणय ने पहले गेम में कुछ अप्रत्याशित गलतियों के बावजूद आक्रामक शुरुआत करते हुए 13-10 की बढ़त हासिल कर ली। हांग कांग के खिलाड़ी अपनी रेंज से जूझते नज़र आये, जिसका फायदा उठाते हुए प्रणय ने अपनी बढ़त 16-11 पर पहुंचाई। एंगस ने वापसी करते हुए दो लगातार पॉइंट स्कोर किये, लेकिन प्रणय ने इससे प्रभावित हुए बिना पहला गेम 21-17 पर समाप्त किया। दूसरे गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई, लेकिन 5-5 के बाद एंगस ने गियर बदलते हुए लगातार छह पॉइंट स्कोर किये और 11-5 की बढ़त बना ली। इससे पहले कि प्रणय अपनी लय ढूंढ पाते, एंगस ने गेम को 21-9 पर समाप्त कर मैच को तीसरे निर्णायक मुकाबले तक पहुंचाया।

## एजबेस्टन टेस्ट में नस्लभेदी भाषा के आरोपों के बाद एक व्यक्ति गिरफ्तार

बर्मिंघम, 9 जुलाई। बर्मिंघम पुलिस ने भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गये एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन सामने आई नस्लभेदी टिप्पणियों की खबरों के बीच एक 32 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बर्मिंघम पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि व्यक्ति को पूछताछ के लिये हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने ट्वीट किया, बर्मिंघम में सोमवार को टेस्ट मैच में नस्लवादी, अपमानजनक व्यवहार की रिपोर्ट के बाद एक 32 वर्षीय व्यक्ति को नस्लीय रूप से भड़काऊ अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है। वह पूछताछ के लिए हिरासत में है।'' कई भारतीय प्रशंसकों ने सोमवार को सोशल मीडिया का रुख करते हुए दावा किया था कि मैच के चौथे दिन उनके विरुद्ध नस्लभेदी टिप्पणियां की गयीं। एक प्रवक्ता ने कहा था, ''हमने बर्मिंघम में टेस्ट मैच के दौरान नस्लभेदी व्यवहार की खबरों पर एक आपराधिक जांच शुरू की है।

# भारत ने इंग्लैंड को 49 रन से हराया



बर्मिंघम, 9 जुलाई। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मेजबान इंग्लैंड को दूसरे टी-20 में 49 रन से हराकर तीन टी-20 मैच की श्रृंखला में भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का तीसरा मैच रविवार को खेला जायेगा। भारत ने दूसरे टी 20 मैच के लिए चार बदलाव किये लेकिन इसका उसे ज्यादा फायदा नहीं हुआ और टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 170 रन ही बना सकी।

भुवनेश्वर कुमार ने मैच की पहली ही गेंद पर इंग्लैंड के बल्लेबाज जेसन रॉय (0) को पैवेलियन भेज एक शानदार शुरुआत दी जिसे शेष गेंदबाजों ने बराबर रखा। भुवनेश्वर कुमार ने 15 रन देकर 3 विकेट, जसप्रीत बुमराह ने 10 रन देकर 2 विकेट, यजुवेन्द्र चहल ने 10 रन देकर 2 विकेट लिये। इंग्लैंड के लिए माईन अली ने सर्वाधिक 35 रन बनाये। इससे पूर्व मैच के लिए विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह प्लेइंग एकादश में आये लेकिन बल्लेबाजी में जडेजा के अलावा अन्य कोई नहीं चल पाया। जडेजा ने 29 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 46 रन बनाये। कप्तान रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत। दोनों ने टीम को पॉवरप्ले में 49 रन की जोरदार शुरुआत दी। रोहित ने 20 गेंदों पर 31 रन में तीन चौके और दो छक्के लगाए लेकिन उनका विकेट गिरने के बाद भारतीय पारी में कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पायी।

रोहित के आउट होने के बाद विराट कोहली एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। विराट की खराब फॉर्म इस मैच में भी बरकरार रही और वह पदार्पण मैच खेल रहे रिचर्ड ग्लीसन का शिकार बन गए। ग्लीसन ने इससे पहले रोहित को भी आउट किया था। विराट को आउट करने के बाद ग्लीसन ने पंत का भी शिकार कर लिया। पंत ने 15 गेंदों पर 26 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार यादव 11 गेंदों में 15 और पिछले मैच के हीरो हार्दिक पांड्या 15 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए। भारत के पांच विकेट 89 रन पर गिर चुके थे। इस स्थिति में जडेजा ने मोर्चा संभाला और 29 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाकर टीम को 170 के लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। दिनेश कार्तिक 17 गेंदों में 12 रन बनाकर रन आउट हुए जबकि हर्षल पटेल ने छह गेंदों में 13 रन बनाये।

अच्छी शुरुआत करने के बाद भारत का शीर्षक्रम और मध्यक्रम फेल रहा, जिस कारण एक समय लग रहा था कि 160 तक पहुंचना मुश्किल होगा। लोअर ऑर्डर में आकर जडेजा ने अपना काम करते हुए 29 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाकर भारत को 170 के स्कोर पर पहुंचा दिया। इंग्लैंड की तरफ से क्रिस जॉर्डन ने 27 रन पर चार विकेट और ग्लीसन ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए।

## अब त्रिपुरा की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे ऋद्धिमान साहा

अगरतला, 9 जुलाई। बंगाल के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ ऋद्धिमान साहा 2022-23 के घरेलू सत्र में त्रिपुरा की तरफ़ से खेलते हुए दिखाई देंगे। इसके साथ ही वह टीम के मेंटॉर की भूमिका भी निभाएंगे। शुक्रवार को अगरतला में उन्होंने करार पर हस्ताक्षर किया। संभावना है कि उन्हें कप्तान भी बनाया जाएगा। साहा पिछले एक महीने के अधिक समय से त्रिपुरा के साथ बातचीत के दौर में थे। पिछले महीने के अंत में बंगाल क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के बाद चीजें बस औपचारिक ही रह गईं थी। वह आगामी सीज़न से पहले लगने वाली तैयारी कैंप में भाग लेने के लिए तैयार हैं, जो सितंबर में शुरू होने की संभावना है। 37 वर्षीय साहा ने 122 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 41.98 की औसत से 6423 रन बनाए हैं। इसमें उनके 40 टेस्ट के करियर में 30 के क़रीब के औसत से बनाए गए 1354 रन भी शामिल हैं। वह अब तक 13 शतक और 38 अर्धशतक लगा चुके हैं।

## करुणारत्ने, मेंडिस ने श्रीलंका को फ्रंट फुट पर डाला

गाले, 9 जुलाई। श्रीलंका ने कप्तान डिमुथ करुणारत्ने (86) और कुसल मेंडिस (84) के अर्द्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दो विकेट के नुकसान पर 184 रन बना लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 364 रन बनाये और श्रीलंका अब 180 रन से पिछड़ी हुई है। दूसरे दिन की शुरुआत 298/5 से करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 35 रन जोड़कर गंवाए। श्रीलंका के लिये टेस्ट में पदार्पण कर रहे प्रभात जयसूर्या ने एलेक्स कैरी (28), मिचेल स्टार्क (1) और नेथन लियोन (5) को आउट कर छह विकेट पूरे किये।

पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ 145 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन एक ओर से निरंतर विकेट गिरने के कारण कंगारू टीम 364 पर ऑल आउट हो गयी। स्मिथ ने 272 गेंदों की अपनी पारी में 16 चौके लगाये। श्रीलंका के लिये जयसूर्या के अलावा कसुन रजिता ने दो विकेट लिये जबकि रमेश मेंडिस और महीष तीक्ष्णा को एक-एक विकेट मिला।

## भारत के पास राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने का अच्छा मौका : मिताली



कोलकाता, 9 जुलाई। पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने का अच्छा मौका है लेकिन इसके लिए उसे सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। कुआलालंपुर में 1998 के सत्र में पुरुषों के टूर्नामेंट के आयोजन के बाद पहली बार महिला क्रिकेट को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया है। भारत ग्रुप ए में है और वह 29 जुलाई को अपने शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। पाकिस्तान और बारबाडोस ग्रुप की अन्य दो टीमें हैं। मिताली ने यहां अपनी जिंदगी पर बनी फिल्म 'शाबाश मिठू' के प्रमोशन के मौके पर कहा, '' मुझे लगता है कि किसी भी बड़े आयोजन से पहले तैयारी बहुत जरूरी है। अगर आप अच्छी तैयारी और सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरते है तो पदक जीतने का अच्छा मौका होगा।'' इस पूर्व कप्तान ने यहां ईडन गार्डेन्स में कहा कि पंजाब की हरफनमौला हरमनप्रीत के पास इतना अनुभव है कि वह इन खेलों में भारत को शीर्ष पर पहुंचा सकें। इस 39 साल की पूर्व खिलाड़ी ने कहा, '' वह (हरमनप्रीत) 2016 से टी20 टीम का नेतृत्व कर रही है, इसलिए मुझे लगता है कि उसके पास राष्ट्रमंडल खेलों में टीम का नेतृत्व करने के लिए पर्याप्त अनुभव है।'' बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होगा। क्रिकेट मैच का सेमीफाइनल छह अगस्त और फाइनल सात अगस्त को खेला जायेगा।

# क्वार्टरफाइनल सीट के लिये स्पेन से भिड़ेगा भारत

टेरासा (स्पेन), 9 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के पूल बी में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिये रविवार को स्पेन का सामना करेगी। गोलकीपर सविता की कप्तानी में भारत ने राउंड रॉबिन लीग में इंग्लैंड (1-1) और चीन (1-1) के साथ ड्रॉ खेले, हालांकि न्यूज़ीलैंड के खिलाफ उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये स्पेन के टेरेसा में होने वाले क्रॉसओवर मैच में मेज़बान स्पेन पर जीत दर्ज करनी होगी।

अपने अब तक के विश्व कप अभियान के बारे में सविता ने कहा, ''हमें पता था कि पूल मैच बेहद मुश्किल होने वाले हैं। हमने डटकर मुकाबला किया और हार नहीं मानी, लेकिन नतीजे हमारे पक्ष में नहीं आये। हम इन नतीजों को पीछे छोड़ते हुए आगे आने वाले मैच पर ध्यान देंगे। हम अब भी प्रतियोगिता में बने हुए हैं और क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये अपना सब कुछ देंगे।''

इस बीच, उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि टीम को अपने खेल में और सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम अपने पिछले तीन मैचों में और बेहतर खेल सकते थे। हमने पूल स्टेज में कई मौके बनाये, खासकर आखिरी मैच में, लेकिन हम उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सके। हमें अपने कनवर्जन को सुधारने की जरूरत है। आखिर में हर बात अवसर को गोल में तब्दील करने पर आ जाती है।''

स्पेन पूल स्टेज में दो जीत और एक हार के बाद भारत का मुकाबला करेगी। उन्होंने अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत कनाडा के खिलाफ 4-1 की जीत से की थी, लेकिन वह अर्जेंटीना के खिलाफ दूसरा मैच 1-4 से हार गये थे। मेजबान टीम ने तीसरे

# धाविका धनलक्ष्मी की विश्व चैम्पियनशिप के लिये वीजा औपचरिकतायें पूरी करना बाकी

नयी दिल्ली, 9 जुलाई। शीर्ष भारतीय 200 मीटर धाविका धनलक्ष्मी सेकर की अमेरिका की यूजीन में 15 से 24 जुलाई तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिये वीजा की औपचारिकतायें अभी पूरी नहीं हुई हैं इसलिये ही उनका नाम अंतरराष्ट्रीय ट्रैक एवं फील्ड संचालन संस्था द्वारा जारी भारतीय प्रतिभागियों की सूची में नहीं था।

धनलक्ष्मी का नाम 30 जून को 22 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया था। धनलक्ष्मी अभी तिरूवनंतपुरम में ट्रेनिंग कर रही हैं, उन्होंने वहां से पीटीआई से कहा, ''मेरा वीजा अभी मिलना बाकी है। वीजा के लिये मेरी पहली 'अप्वाइंटमेंट' रद्द हो गयी इसलिये इसे पूरा करने की कोशिश कर रही हूं। तमिलनाडु की यह एथलीट 22.80 सेकेंड का स्वत: क्वालीफिकेशन मानक हासिल नहीं कर सकी थी लेकिन उन्होंने विश्व रैंकिंग के जरिये विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनायी। उन्होंने 26 जून को कजाखस्तान के अलमाटी में कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट की 200 मी स्पर्धा में 22.89 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से स्वर्ण पदक जीता था और वह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी सरस्वती साहा (22.82 सेकेंड) और हिमा दास (22.88 सेकेंड) के बाद 23 सेकेंड से अंदर दौड़ लगाने वाली तीसरी भारतीय बन गयी थीं। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट पर भारतीय प्रतिभागियों में चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के दावेदार अरोकिया राजीव का नाम भी शामिल नहीं था जिन्होंने पटियाला में शुक्रवार को दूसरे ट्रायल से हटने का फैसला किया था।

# जोकोविच 21वां, किर्गियोस तलाशेंगे पहला ग्रैंड स्लैम

लंदन, 9 जुलाई। छह बार के विम्बलडन विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच अपना सातवां खिताब जीतने के लिये रविवार को ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस का सामना करेंगे, जबकि किर्गियोस अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के लिये दावेदारी पेश करेंगे। अपना 21वां ग्रैंड स्लैम तलाश रहे जोकोविच ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को 2-6, 6-3, 6-2, 6-4 से मात दी थी, जबकि राफेल नडाल के चोटिल होने के कारण किर्गियोस को सेमीफाइनल में वॉकओवर मिल गया और वह अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच गये।

अब फाइनल मैच में जोकोविच और किर्गियोस पहली बार विम्बलडन में एक दूसरे का सामना करेंगे। इससे पहले किर्गियोस और जोकोविच दो बार आमने-सामने आये हैं और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दोनों बार बाज़ी मारी है, हालांकि विम्बलडन में 95 मैच खेलकर 85 जीत चुके जोकोविच का अनुभव उन्हें एक मजबूत दावेदार बनाता है।

जोकोविच ने फाइनल में किर्गियोस से मिलने के बारे में कहा, ''एक बात तो पक्की है, कि दोनों तरफ से भावनाओं की लहर चलने वाली है। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल है। वह बेहद उत्साहित हैं और उनके पास खोने के लिये बहुत कुछ नहीं है। वह इतनी आज़ादी के साथ खेल रहे हैं, उनके शॉट्स में बहुत ताकत है। हम कुछ समय से आमने-सामने नहीं आये हैं। मैं उनके खिलाफ एक सेट भी नहीं जीता हूं। उम्मीद है इस बार नतीजे अलग होंगे।''

उन्होंने कहा, ''यह विम्बलडन में मेरा एक और फाइनल है, वह टूर्नामेंट जिसे मैं बेहद पसंद करता हूं। उम्मीद है कि मेरा अनुभव मेरे पक्ष में काम करेगा।'' जोकोविच अब विम्बलडन में लगातार 27 मैच जीत चुके हैं। नौवीं सीड नोरी को हराकर वह अपने 32वें ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच गये और रोजर फेडरर (31) के सर्वाधिक फाइनल खेलने के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सर्बियाई खिलाड़ी अब 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर अपने धुर प्रतिद्वंद्वी नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम जीतने के रिकॉर्ड के करीब पहुंचना चाहेंगे।

जोकोविच ने अपनी शानदार फॉर्म को भुनाने के बारे में कहा, ''मुझे पता है कि दांव पर क्या लगा है। अपने करियर के इस पड़ाव पर मेरे लिये हर मैच, हर ग्रैंड स्लैम महत्वपूर्ण है। मुझे नहीं पता कि आने वाले कुछ दिनों की तरह ट्रॉफी जीतने के लिए मेरे पास कितने ग्रैंड स्लैम अवसर होंगे। निश्चित रूप से, मैं इसे सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्म-विश्वास और जीतने की इच्छा के साथ खेलना चाहूंगा। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''इस स्तर पर मेरे पास जो अनुभव है, वह फाइनल में ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलने में काम आ सकता है जिसने कभी ग्रैंड स्लैम फाइनल नहीं खेला है। इसके बावजूद, हम जानते हैं कि वह (किर्गियोस) कौन है और वह कोर्ट पर किस तरह का खेल खेलते हैं। मुझे नहीं लगता कि वह ज्यादा दबाव लेने वाले हैं।''

दूसरी ओर, विश्व के नंबर 40 खिलाड़ी किर्गियोस अब तक जोकोविच, फेडरर, नडाल और एंडी मरे सहित चारों बड़े खिलाड़ियों को हरा चुके हैं, मगर अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेलने के लिये बेहद उत्हासित हैं।

एटीपी ने किर्गियोस के हवाले से कहा, ''सच कहूं तो मुझे कल रात नींद नहीं आयी। मैं शायद एक घंटे की नींद ले पाया। मुझे बहुत चिंता थी, मैं पहले से ही बहुत नर्वस महसूस कर रहा था, और मैं आमतौर पर नर्वस महसूस नहीं करता। मैं बस इतना जानता हूं कि बहुत सारे लोग हैं जो चाहते हैं कि मैं अच्छा करूं और अपना सर्वश्रेष्ठ दूं, लेकिन मुझे कल रात बहुत कम नींद आई। उम्मीद है कि आज रात मुझे कुछ नींद आएगी।''


पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल से आगे पहुंचे किर्गियोस ने कहा, ''मैं बस बेचैन था, विम्बलडन फाइनल के बारे में मेरे दिमाग में बहुत सारे विचार थे। मैं सिर्फ खेलने के बारे में सोच रहा था, जाहिर तौर पर खुद के जीतने से लेकर हारने तक हर चीज की कल्पना कर रहा था।'' किर्गियोस ने कहा कि उन्हें जीत और हार से फर्क नहीं पड़ता और वह इस फाइनल का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा, ''रविवार को मैं जीतूं या हारूं, मुझे खुशी होगी। मुझे कभी नहीं लगा था कि मैं इतनी बड़ी उपलब्धि का हिस्सा बनूंगा। विशेष रूप से 27 साल की उम्र में, मुझे लगता था कि यह मेरे करियर का अंतिम चरण है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था मैं यहां तक पहुंचूंगा। मैं बेहद खुश हूं, और मैं अपना पूरा प्रयास करने वाला हूं। उसके बाद जो होगा देखा जाएगा।''

**खोया पाया**

मेरा मकान संख्या 194/56, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का लीज मुक्ति प्रमाण पत्र प्रताप नगर मे कही गुम हो गये है । मिलने पर सूचित करें । ऊषा सिंह मो.न 8058888874

मेरा मकान संख्या 52/115, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा देने हेतु लेटर, कब्जा पत्र/ पजेशन लेटर डिकलेरशन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, अदेय प्रमाण पत्र इत्यादि से प्रताप नगर मे कही गुम हो गये है । मिलने पर सूचित करें । गोपाल सिंह चौहान मो.न 9649682224

**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय

**श्री रामावतार त्रिवेदी**

पुत्र स्व. श्री मुरलीधर जी त्रिवेदी का स्वर्गवास दिनांक 08.07.2022 को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक दिनांक 10.07.2022 को रविवार को सायं 3.00 से 4.00 बजे तक स्थान-फतेह निवास गार्डन, खातीपुरा रोड, झोटवाडा, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** मालती देवी (धर्मपत्नी), विश्वनाथ (पुत्र), छाजूराम, गोकुल, नरेन्द्र, नागरमल, छीतरमल, कैलाशचन्द्र, ताडकेश्वर, बजरंगलाल, राजीव कुमार, संतोष, कुलदीप (भाई) महेन्द्र, मामराज, मनीष, दामोदर (भतीजे), कुनाल, कुशाग्र (पौत्र) एवं समस्त त्रिवेदी परिवार बाडीजोड़ी वाले।

मो. 9314184900, 9828138122



*केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जयपुर यात्रा के दौरान पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने भावभीना स्वागत किया। इस दौरान अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की।*

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा कार्यालय में एक घंटा रूके

## भाजपा नेताओं से मुलाकात की और एकजुटता दिखाकर काम करने की नसीहत भी दी

जयपुर, 9 जुलाई (का.सं.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जयपुर दौरे पर थे। उत्तर क्षेत्रीय परिषद की होटल रामबाग में हुई एक अहम बैठक के बाद वे भाजपा मुख्यालय पहुंचे, जहां करीब एक घंटे तक रुके। इस दौरान भाजपा नेताओं से उनसे मुलाकात की। हालांकि ये उनकी अनौपचारिक बैठक बताई जा रही थी। लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी में चल रह गुटबाजी को रोकने के लिए शाह अचानक भाजपा मुख्यालय में नेताओं से मिलने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि एकजुटता की तमाम कोशिश करने के बाद अब आलाकमान सख्त रूख अपना सकता है। शाह ने भी नेताओं को यही संदेश दिया है। प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सत्ता वापसी के लिए पार्टी को एकजुट रखना सबसे बड़ी चुनौती है, और इसी चुनौती से पार पाने के लिए अमित शाह नेताओं को टास्क दे गए। गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा मुख्यालय में तीन अलग-अलग बैठकें ली। पहली बैठक में सभी नेताओं से हॉल में मुलाकात की। इसके बाद पार्टी के बड़े नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की, जिनमें प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह के साथ प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, संगठन महामंत्री चंद्रेशखर, सांसद राजेन्द्र गहलोत मौजूद रहे। इस बैठक के बाद भी शाह ने भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ अलग से चर्चा की। इन नेताओं को उदयपुर जैसी घटनाओं पर सरकार को घेरने, ओर आगामी पार्टी के कार्यक्रमो में एकजुटता दिखाकर काम करने की नसीहत भी दी।

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को भाजपा सियासी मुद्दा बनाती रही है। उदयपुर के जघन्य हत्याकांड की जांच खुद एनआईए कर रही है तो इन पर शाह न केवल सरकार बल्कि अपनी ही पार्टी का संगठन स्तर पर भी फीडबैक लेंगे। हालांकि ईआरसीपी मामले में भाजपा लगातार बैकफुट पर है और कांग्रेस हमलावर हो रही है। ऐसे में पार्टी की लाइन इस मुद्दे पर क्या रहने वाली है उसको लेकर भी संगठनात्मक चर्चा की गई।

सांसद सी पी जोशी ने मीडिया को कहा कि शाह का कार्यालय में आना बड़ी बात है।

इससे कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन होता है। कटारिया पर लग रहे आरोप पर सीपी जोशी ने कहा किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या शादी विवाह आदि में किसी नेता के साथ किसी का फोटो खिंचवाना अपराध नहीं है। कांग्रेस आजादी के समय से ही तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, लोकसभा सांसद सीपी जोशी, सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, किरोड़ी लाल मीणा, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, दीया कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्णावत मौजूद रहे।

इधर भाजपा मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहें। भाजपा मुख्यालय पर कोर टीम मौजूद रही। शाह के काफिले के दौरान सभी रास्तों को रोका गया। सुरक्षा इतनी कड़ी थी कि मीडिया को भी भाजपा दफ्तर से 100 फीट की दूरी पर रखा गया। इधर राजधानी जयपुर में वीवीआईपी के जमावड़े के चलते सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए गए।

# जयपुर, जोधपुर और बीकानेर में करोना संक्रमण ज्यादा जोर पकड़ रहा है

## यहां अन्य जिलों के मुकाबले काफी अधिक संख्या में नए संक्रमित सामने आ रहे हैं

- **प्रदेश में शनिवार को 150 नए संक्रमित मिले इनमें सर्वाधिक 37 मामले जयपुर, जबकि बीकानेर में 34 और जोधपुर में 22 नए मरीज पाए गए हैं।**
- **राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर एक हजार के पार हो गए हैं।**

जयपुर, 9 जुलाई (का.सं.)। प्रदेश में जयपुर, जोधपुर और बीकानेर जिले में करोना संक्रमण ज्यादा जोर पकड़ता जा रहा है। यहां अन्य जिलों के मुकाबले अधिक संख्या में नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। शनिवार को प्रदेश में मिले 150 नए संक्रमितों में से जयपुर में सर्वाधिक 37, बीकानेर में 34 और जोधपुर में 22 नए मरीज मिले हैं।

प्रदेश में शनिवार को 15 जिलों में डेढ़ सौ नए संक्रमित पाए गए। इससे पहले शुक्रवार को 137 रोगी मिले थे। राज्य में आज भी सबसे ज्यादा 37 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। वहीं बीकानेर में 34, जोधपुर में 22, अलवर में 12, अजमेर में 9, भीलवाड़ा में 8, उदयपुर और दौसा में 7-7, नागौर और सिरोही में 4-4, डूंगरपुर में 2, बारां, बाड़मेर, हनुमानगढ़ और कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं, 18 जिलों, बांसवाड़ा, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, धौलपुर, गंगानगर, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में शनिवार को केवल 71 मरीजों के ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 1032 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 397 संक्रमितों का इजाज जयपुर में चल रहा है। वहीं, जोधपुर में 157 और बीकानेर में 113 एक्टिव केस मौजूद हैं। शनिवार को राहत की बात यह रही कि, राज्य में इस बीमारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। हालांकि अब तक करोना से 9570 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

उधर जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 5-5 नए संक्रमित मानसरोवर और वैशाली नगर में मिले। इसके अलावा सांगानेर में 4, अजमेर रोड, बनीपार्क, सी-स्कीम, जवाहर नगर व झोटवाड़ा में 2-2 तथा बजाज नगर, बापू नगर, बस्सी, चांदपोल, सिविल लाइंस, दुर्गापुरा, ईदगाह, गोपालपुरा, गुर्जर की थडी, सोडाला, तुंगा और ट्रांसपोर्ट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। जबकि एक संक्रमित का पता गलत मिला है। जिले में शनिवार को सिर्फ 10 ही मरीज ठीक हुए हैं।

## झुंझुनूं में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रसार करेंगे। स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी अपने विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। स्थानीय किसानों को भी फसलों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस रेडियो स्टेशन का नाम "आपणो रेडियो झुंझुनू की आवाज" रखा है। बताया जाता है कि उपरोक्त कार्यक्रम की स्वीकृति में पूर्व सांसद संतोष अहलावत का काफी सहयोग रहा।

# 2022 की जनवरी-मार्च...

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

सीमा तक कुछ टैक्स राहत देना शुरू कर देना चाहिये ताकि अर्न्तदेशीय पर्यटन खर्च की मात्रा बढ़ाने की प्रेरणा दी जा सकती है।

आतिथ्य उद्योग पर्यटन एवं यात्रा क्षेत्र का एक बड़ा घटक है। कम्पनियाँ बन्द होने तथा माँग में कमी से प्रभावित बहुत सी कम्पनियों के पास उनके चलने की लागत के लिये भी पैसे की कमी है, जबकि काम के घंटो में कमी से भी कुछ छतिपूर्ण हो रही हैं। इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिये जाने से इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा उद्योगों के उन वर्तमान संचालकों को भी राहत मिलेगी, जो पिछले दो सालों में "ऑक्युपैन्सी रेशिओं" में तेजी से आई कमी के कारण बुरी तरह प्रभावित हुये हैं।

जहाँ तक सरकार का प्रश्न है, सरकार देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाकर 2024 तक 200 करने की दिशा में काम कर रही है, जबकि इस समय देश में 140 हवाई अड्डे हैं। सरकार "उड़ान" योजना के अन्तर्गत, पूर्वोत्तर राज्यों को और अधिक अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों से जोड़ने पर भी ध्यान केन्द्रित कर रही हैं।

इसके अलावा, "अगले साल, भारत को जी-20 मीटिंग की मेजबानी करनी हैं। ये मीटिंग विभिन्न राज्यों के विभिन्न नगरों में आयोजित की जायेंगी।

राज्य भी इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर काफी खर्च कर रहे हैं। इसलिये, आथित्य क्षेत्र (हॉस्पिेलिटी सेक्टर) में निवेश के काफी अवसर एवं सम्भावनाएं हैं।

अगर सम्पूर्ण पर्यटन क्षेत्र की बात की जाये, तो इसके उपक्षेत्र "व्यावसायिक आयोजन" को ज्यादा चमकाने-दमकाने की जरूरत है। भारत की मजबूत पेशकश के आकर्षण को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये तथा इसे वैश्विक मीटिंग स्थलों का रूप दिया जाना चाहिये।

सरकार इतनी साहसी एवं उत्साही है कि, वह पब्लिक-प्राइवेट भागीदारी के जरिये पर्यटन क्षेत्र को ऊँचा उठाने के लिये अनेक कदम उठा सकती है क्योंकि वैश्विक पर्यटन की तेज गति से तेजी गति से हो रही हैं। 2021 की पहली तिमाही की तुला में, 2022 के पहली तिमाही में पूरे विश्व के पर्यटन स्थलों पर तीन गुना विदेशी पर्यटक ज्यादा पहुँचते हैं। इस वापसी में यूरोप का पर्यटन अग्रणी रहा हैं।

यू.एन. वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के वर्ल्ड टूरिज्म बेरोमीटर के अनुसार, अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन में जनवरी-मार्च 2022 में 182 प्रतिशत "ईयर-ऑन-ईयर" वृद्धि हुई हैं तथा पूरे विश्व के पर्यटन स्थलों पर अनुमानित 11.70 करोड़ पर्यटक पहुँचे हैं, जबकि 2021 की पहली तिमाही में यह संख्या 4.1 करोड़ थी।

इन तीन महीनों में जो अतिरिक्त 7.6 करोड़ अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक आये, उनमें से 4.7 करोड़ पर्यटक अकेले मार्च में आये थे। इससे यह प्रकट हो रहा है कि भरपाई हो रही है। एशिया तथा प्रशान्त क्षेत्र में 2021 की अपेक्षा 64 प्रतिशत अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक ज्यादा आये।

## श्रीलंका के ...

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

वो क्रोधित भीड़ को राष्ट्रपति आवास को घेरने से नहीं रोक पाई।

राष्ट्रपति के पते-ठिकाने का मालूम नहीं है क्योंकि इसको लेकर लगातार विरोधाभासी खबरें आ रही हैं। कुछ खबरों के अनुसार राजपक्षे एक जहाज पर देश छोड़कर चले गए हैं। ईंधन की गंभीर कमी के बावजूद जिसने परिवहन सेवाओं को अवरूद्ध कर रखा है। प्रदशर्नकारी आर्थिक बर्बादी से संरक्षण करने में सरकार की विफलता के विरूद्ध प्रदर्शन करने के लिए देश के कई भागों से कोलम्बो पहुंचने को कई बसों, ट्रेनों और ट्रकों में भरकर रवाना हुए।

हाल ही के सप्ताहों में असंतोष हद से अधिक बढ़ गया है क्योंकि विदेशी मुद्रा की कमी से जूझ रहे इस देश में ईंधन के शिपमैन्ट्स आने बंद हो गए हैं। इसके कारण पैट्रोल और डीज़ल की सिर्फ आवश्यक सेवाओं के लिए राशनिंग करनी पड़ी और बाध्य होकर स्कूल बंद करने पड़े।

ईंधन की जबर्दस्त कमी है और जून माह में महंगाई दर 54.6 प्रतिशत रही। राजनीतिक अस्थिरता श्रीलंका की अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से वार्ताओं का कमजोर कर सकती है क्योंकि श्रीलंका कुछ विदेशी ऋणों की पुर्नसंरचना के लिए 3 बिलियन डॉलर के बेल आउट पैकेज की मांग कर रहा है और डॉलर्स की कमी को पूरा करने के लिए विविध व द्विपक्षीय स्त्रोतों से फण्ड ले रहा है।

# हिन्दुओं की हत्याओं के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर मार्च हुई

- **विरोध मार्च में विश्व हिन्दू परिषद, ए.बी.वी. पी. और बड़ी संख्या में साधू-संतों ने हिस्सा लिया।**
- **हिंदू संगठनों ने मंडी हाउस से जंतर मंतर तक संविधान संकल्प मार्च निकाला।**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। राजस्थान के उदयपुर और महाराष्ट्र के अमरावती में हुई हिंदुओं की हत्या के विरोध में दिल्ली में हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों ने मंडी हाउस से जंतर मंतर तक संविधान संकल्प मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में साधु संत शामिल हुए।

विश्व हिन्दू परिषद (वी.एच.पी.) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हैं। विरोध मार्च के दौरान लोग हाथ में पोस्टर्स और झंडे लेकर चल रहे थे। इन पोस्टर्स में हिंदुओं की हत्या के विरोध में अपनी नाराजगी जाहिर की गई। राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल ने नूपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट किया था, जिसको लेकर ग्राहक बनकर आए दो लोगों-रियाज अटारी और गौस मोहम्मद ने दुकान में घुसकर उन पर चाकू से हमला किया था और उनकी हत्या कर दी थी।

आरोपियों ने मर्डर का ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया था और कहा था कि इस्लाम का अपमान करने के कारण उस व्यक्ति (कन्हैयालाल) का सिर काट दिया। दोनों आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद को घटना के कुछ घंटों बाद राजसमंद के भीम क्षेत्र से पकड़ लिया गया था।

गौरतलब है कि, महाराष्ट्र के अमरावती शहर में 54 साल के केमिस्ट उमेश कोल्हे की 21 जून को हत्या कर दी गई थी।

## अब अपने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

रिसीव करने की औपचारिकता तक नहीं निभाई।

भाजपा निश्चित रूप से दक्षिण भारत के लिए किसी गेम प्लान पर कार्य कर रही प्रतीत होती है। हाल ही के राज्य सभा नामांकनों में पार्टी ने दक्षिण भारत के नामी चेहरों को अपना उम्मीदवार बनाया था, जिनमें फिल्म संगीतकार इल्लैराजा, खेल प्रतिभा पी.टी. ऊषा, के.बी. विजेन्द्र और प्रसाद वीरेन्द्र हेगड़े शामिल थे। तेलंगाना में भारतीय जनता युवा मोर्चा (बी.जे.वॉय.एम.) के दर्जे वाले कृष्ण रेड्डी के केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद पार्टी की राज्य इकाई बड़े मंसूबे पाले हुए है। केरल में अपनी पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा वहां उत्तर-पूर्व और गोवा के अपने ईसाई नेताओं का एक सम्मेलन आयोजित करने पर विचार कर रही है।

## महाराष्ट्र ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के शाम 5.30 बजे तक की राहत देकर, अगली सुनवाई के 11 जुलाई की तारीख तय कर दी थी। न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी तथा जे.के. महेश्वरी की एक अन्य बैंच ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे की याचिका को 11 जुलाई की सुनवाई वाली याचिका के साथ जोड़ दिया था।

# देश के 25 राज्यों में गौस व रियाज अत्तारी के मददगार फैले हुये हैं

## एन.आई.ए. की जांच में यह भी सामने आया है कि, ये दोनों आतंकी पाकिस्तान में 300 नम्बरों पर बात किया करते थे

- **17 जून को अजमेर दरगाह के बाहर भड़काऊ नारे लगाने वाला दरगाह का खादिम गौहर चिश्ती भी पाकिस्तान के नंबरों पर बात कर रहा था।**
- **एन.आई.ए और इन्टैलिजैंस ब्यूरो ने देश के 25 राज्यों को अलर्ट भेज कर इनकी मदद करने वाले लोगों की जांच करने की अपील की है।**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। उदयपुर में कन्हैयालाल का गला काटने वाले आतंकी गौस मोहम्मद और रियाज अत्तारी की कॉल डिटेल ने जांच एजेंसियों को भी हैरान कर दिया है। दोनों आतंकी कन्हैयालाल की हत्या करने से पहले पाकिस्तान के 18 नंबरों पर लगातार बात कर रहे थे। देश के 25 राज्यों के 300 से ज्यादा लोग भी इन नंबरों से संपर्क में हैं। यह सभी दावत-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कॉल डिटेल में जो 300 नंबर सामने आए हैं, उनमें से ज्यादातर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात, बिहार और केरल के हैं। ऐसे में एन.आई.ए. और आई.बी. ने सभी 25 राज्यों को अलर्ट कर दिया है। इधर, बताया जा रहा है कि एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड (ए.टी.एस.) ने मामले की गंभीरता से जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों को पत्र लिखा है। कॉल डिटेल का रिपोर्ट भी भेजी है।

17 जून को अजमेर दरगाह के बाहर भड़काऊ नारे लगाने वाला दरगाह का खादिम गौहर चिश्ती भी पाकिस्तान के नंबरों पर बात कर रहा था। उसके लगाए भड़काऊ नारे का वीडियो वायरल होने के बाद से वह फरार है। जांच एजेंसियां और पुलिस उसकी तलाश में जगह-जगह छोपमारी कर रहीं हैं, लेकिन वह अब तक पकड़ में नहीं आया है।

राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया और महाराष्ट्र के अमरावती में उमेश कोल्हे की हत्या नुपुर शर्मा की कथित विवादित टिप्पणी का समर्थन करने के चलते की गई थी। दोनों की हत्या का तरीका भी लगभग एक ही था। वहीं कॉल डिटेल में 25 राज्यों के 300 से ज्यादा लोगों का पाक कनेक्शन सामने आने के बाद जांच एजेंसियां और सचेत हो रही है। उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या देश में उदयपुर जैसे हमले सिलसिलेवार तरीके से करने की साजिश थी? हालांकि सूत्रों का कहना है कि ऐसी साजिश को नकारा नहीं जा सकता।

इन दिन उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या कर दी गई थी। वह धानमंडी इलाके के भूत महल क्षेत्र में रहते थे और पेशे से दर्जी थे। दो मुस्लिम युवक कपड़े का नाप देने के बहाने उनकी दुकान पर पहुंचे और धारदार हथियार से कन्हैया पर वार करना शुरू कर दिया। ताबड़तोड़ हमलों ने कन्हैया को संभलने का मौका तक नहीं दिया। उसकी गर्दन कट गई और मौके पर ही मौत हो गई। हमले में दुकान पर काम करने वाला उसका साथी ईश्वर सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## तीन फर्जी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मिली थी। पुलिस टीम को महिला मण्डल उच्च माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर तलाशी के दौरान रोल नं. 260266 पाल तहसील रानीवाड़ा, जालोर निवासी आसूराम पुत्र वरधा राम के स्थान पर जेसला, पोस्ट अचलपुर, तहसील सांचोर, जिला जालोर निवासी नरेश कुमार पुत्र सुजानाराम परीक्षा देते पाया गया। इसी दौरान प्रतापनगर थाना क्षेत्र में, राजस्थान विद्यापीठ टैक्नॉलजी कॉलेज पर रोल नं. 264965 जोईताराम, पुत्र पूनमाराम, निवासी थोबाउ, तहसील भीनमाल, जिला जालोर की जगह ओमप्रकाश, पुत्र कानाराम, निवासी जैलातर तहसील सांचोर, जिला जालोर, परीक्षा देने आया था।

इसके अलावा प्रतापनगर थाना क्षेत्र के ही एक और केन्द्र, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देबारी में रोल नं. 259120, श्रवण भादू पुत्र महेश कुमार की जगह श्रवण कुमार पुत्र केसरीमल विश्नोई, निवासी सावन्तणियां की ढाणी थाना समदड़ी, जिला बाडमेर परीक्षा देते पाया गया। पुलिस ने तीनों आरोपी नरेश कुमार, ओमप्रकाश, श्रवण कुमार विश्नोई को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# पड़ोसी देशों में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संबंध रखकर समृद्ध बना जा सकता है।

वांग का अगला दौरा फिलीपीन्स का है और वे वहां के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को चीन के राष्ट्रपति की ओर से शुभकामनाएं व बधाईयां दे रहे हें। पूर्व तानाशाह फडीनैंड मार्कोस के पुत्र फिलीपींस के नए राष्ट्रपति हैं और देश को उसी दिशा में ले जा रहे हैं जहां उनके पिता ले गए थे।

फड़ीनैंड मार्कोस के कुशासन तथा अलोकतान्त्रिक तौर-तरीकों के कारण, कई देशों ने नये राष्ट्रपति को, उनकी जबरदस्त जीत के बावजूद, बधाई नहीं दी हैं। अभी तक, अमेरिका ने नये राष्ट्रपति को बधाई एवं शुभकामनाएं नहीं दी हैं। चीन को उम्मदी है कि वह इस उपेक्षा को धीरे-धीरे कम करके, ऐसे देशों की स्वीकार्यता हासिल कर लेगा।

चीन और फिलीपीन्स के बीच इस समय मतभेद चल रहे हैं क्योंकि दोनों ही देश दक्षिण चीन सागर के एक ही हिस्से पर अपना अपना ावा प्रस्तुत कर रहें है।

इसके पहले चीन ने फिलीपीन्स के मघेरों को उस समय डराया-धमकाया था, जब वे अपने देश के अधिकार वाले समुद्र में मछलियाँ पकड़ रहे थे।

इस यात्रा के दौरान, चीन के विदेश मन्त्री म्याँमार की जुंटा सरकार के प्रतिनिधियों से भी भेंट करेंगे। चीन की नज़रें लम्बे समय से इस देश में प्रवेश करने तथा एक ट्रान्सपोर्ट कॉरिडोर बनाने की कोशिश में है तथा बंगाल की खाड़ी तक उसकी सीधी पहुँच सुनिश्चित हो जाये।

चीन, विभन्न प्रोजेक्टों के लिये म्याँमार को बहुत बड़ी धनराशि की पेशकश कर रहा है।

म्याँकार के चीन के साथ रिश्ते कभी ठीक तथा कभी खराब होते रहे है।

म्याँमार के सैन्य अधिकारी चीन के इरादों तथा भारत की अतिसंवेदशीलता को लेकर सदैव ही आशंकित रह हैं

# पूर्व प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे की हत्या का अग्निपथ एवं अग्निवीर एंगल

## तृणमूल कांग्रेस ने अपने मुखपुत्र "जागो बांग्ला" में लिखा है कि, शिंजो आबे की हत्या करने वाला भी एक असंतुष्ट पूर्व सैन्यकर्मी था और सरकार ऐसे असंतुष्ट "अग्निवीरों' की पूरी फौज खड़ी करने जा रही है

- **लेख में कहा गया है कि, शिज़ो आबे की हत्या भारत की अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रतिरोध को और मजबूत करेगी, क्योंकि शिज़ो आबे की हत्या करने वाले व्यक्ति ने बिना पैंशन के सेना में काम किया था और रिटायरमैंट के बाद अपने हालात से परेशान था।**
- **जागो बांग्ला में यह भी लिखा गया है कि, इस योजना के तहत लोग केवल 4.5 साल तक नौकरी में रहेंगे। कोई पैंशन नहीं होगी और रिटायरमैंट के बाद अन्य लाभ भी नहीं मिलेगा।**

कोलकाता, 9 जुलाई। तृणमूल कांग्रेस ने अपने मुखपत्र "जागो बांग्ला" में एक लेख प्रकाशित कर जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंज़ो आबे की हत्या में अग्निपथ एंगल ढूंढ निकाला है। "जागो बांग्ला" में बंगाली भाषा के लेख में शिज़ो आबे की हत्या में अग्निपथ छाया शीर्षक से भारत में रक्षा भर्ती के लिए नई शुरू की गई अग्निपथ योजना के साथ पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिज़ो आबे की हत्या को जोड़ा है।

लेख में कहा गया है कि, शिज़ो आबे की हत्या भारत की अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रतिरोध को मजबूत करेगी क्योंकि आबे की हत्या करने वाले व्यक्ति ने बिना पेंशन के तहत सेना में काम किया था।

मुखपत्र में लिखा गया है, "यह महत्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार भी उसी तरह को लोगों की सेना में भर्ती करने की कोशिश कर रहा है, जिससे पूरे देश में बड़े पैमाने पर हलचल हुई है। इस योजना के तहत लोग केवल 4.5 साल तक नौकरी में रहेंगे। कोई पेंशन नहीं होगी और रिटायरमेंट के बाद अन्य लाभ भी नहीं मिलेगा।

शुक्रवार को एक चौंकाने वाली घटना में शिज़ो आबे को 41 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने गोली मार दी थी। अबे नारा शहर में भाषण दे रहे थे। कुछ घंटों के बाद पूर्व प्रधानमंत्री को मृत घोषित कर दिया गया। गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दावा किया है कि उसने आबे को हाथ से बने कट्टे से मारा है। जापानी मीडिया के अनुसार, यामागामी ने मौके से भागने का प्रयास नहीं किया। उसने जांचकर्ताओं को बताया कि वह आबे से असंतुष्ट था और उसे मारना चाहता था। हालांकि वह आबे की राजनीतिक मान्यताओं से नाराज नहीं था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908